राष्ट्रीय दैनिक

# प्रातःकिरण

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

हर खबर पर पकड़

/Pratahkiran /Pratahkiran /Pratahkiran





11 मेरा नाम हमेशा बिकता है...

श्रीलंका के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री रानिल... 12

वर्ष : 13 | अंक : 09 | नई दिल्ली, गुरूवार, 26 मई, 2022 | वैशाख शुक्ल, एकादशी, विक्रम संवत 2079 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com

**मौसम**

अधिकतम तापमान 37.0°C
न्यूनतम तापमान 29.0°C

मौसम विभाग के अनुसार आसमान में बादल छाए रहेंगे, उमस भरी सताएगी, कहीं-कहीं हल्की बारिश के आसार

**पोल**

यासीन मलिक को उम्रकैद की सजा से आतंकियों को मिलेगा सबक?

| | |
|---|---|
| हां | 60% |
| नहीं | 30% |
| कह नहीं सकते | 10% |

**बाजार**

| | |
|---|---|
| सोना | 52,760 |
| चांदी | 62,000 |
| सेंसेक्स | 53,749 |
| निफ्टी | 16,025 |

# कपिल सिब्बल ने कांग्रेस छोड़ा, सपा के समर्थन से राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन

नई दिल्ली, प्रात : किरण संवाददाता



कांग्रेस के दिग्गज नेता कपिल सिब्बल ने पार्टी छोड़ दी है। बुधवार को उन्होंने समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा के लिए नामांकन दाखिल किया। सिब्बल कांग्रेस हाईकमान खासकर राहुल गांधी पर सवाल उठा चुके हैं, ऐसे में माना जा रहा था कि कांग्रेस उन्हें शायद ही राज्यसभा भेजे। नामांकन से पहले सिब्बल सपा दफ्तर गए थे और वे अखिलेश के साथ ही राज्यसभा पहुंचे। नामांकन दाखिल करने के बाद सिब्बल ने कहा कि वे 16 मई को ही कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दे चुके हैं। सिब्बल अभी वढ से कांग्रेस कोटे से सांसद हैं, लेकिन इस बार वढ में पार्टी के पास इतने ही विधायक नहीं हैं, जो उन्हें फिर से राज्यसभा भेज सकें। लिहाजा, सिब्बल के फ्यूचर को लेकर कयास लगाए जा रहे थे, अब समाजवादी पार्टी के टिकट पर नामांकन दाखिल कर उन्होंने तमाम अटकलों पर विराम लगा दिया।

**हाशिए पर थे सिब्बल, छोड़ गए साथ**

कांग्रेस में बागी धड़े ग्रुप-23 के नंबर-2 कपिल सिब्बल पार्टी में हाशिए पर थे। उदयपुर में कांग्रेस के चिंतन शिविर में सिब्बल नहीं पहुंच थे। हालांकि, उनको बुलावा आया था। लेकिन शायद तबतक दोनों के बीच बात इतनी बिगड़ चुकी थी कि वापसी के रास्ते बचे नहीं थे। हालांकि, सिब्बल ने अपने इस्तीफे की घोषणा के बाद कांग्रेस पर कोई कमेंट नहीं किया है। वह राज्यसभा का चुनाव भी समाजवादी पार्टी के समर्थन से निर्दलीय लड़ रहे हैं।

**कांग्रेस ने अपना लिया राहुल स्टाइल?**

सवाल उठ रहा है आखिर कांग्रेस इन नेताओं को मनाने क्यों नहीं जा रही है। तो इसका जवाब आपको एक साल पहले के राहुल गांधी के एक बयान से मिलेगा। जिसमें राहुल यह कहते दिख रहे हैं कि उनकी पार्टी को डरपोक नेताओं की जरूरत नहीं है। उन्होंने साफ कहा था कि जो डरते हैं वो कांग्रेस छोड़कर चले जाएं। चिंतन शिविर के बाद रूठों या बागियों को न मनाने की कांग्रेस के रुख के पीछे क्या है? क्या कांग्रेस उदयपुर के चिंतन शिविर के बाद राहुल गांधी के उसे रास्ते पर चल रही है जो पिछले साल में जुलाई में कांग्रेस नेता ने कहा था।

**परिवार से संबंध खत्म नहीं हो जाता : सिब्बल**

नामांकन दाखिल करने के बाद कपिल सिब्बल का बयान सामने आया है। सिब्ब्ल ने कहा कि सपा को साइकिल का सिंबल मैंने ही दिलाया था। अखिलेश जी से मेरे बहुत पुराने संबंध हैं।

# यासीन मलिक को ताउम्र कैद

## दो मामलों में आजीवन कारावास, सभी सजाएं साथ चलेंगी, 10 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली/श्रीनगर, प्रात : किरण संवाददाता



प्रतिबंधित संगठन जम्मू कश्मीर लिबरेशन फ्रंट के चीफ यासीन मलिक को टेरर फंडिंग मामले में उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। यासीन मलिक को अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई गई है। दो धाराओं के तहत उम्रकैद जबकि 4 धाराओं के तहत 10 साल की सजा मिली है। हालांकि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने अलगाववादी नेता यासीन मलिक के लिए फांसी की सजा की मांग की थी। यासीन मलिक को एनआईए कोर्ट ने टेरर फंडिंग के एक केस में दोषी ठहराया था। यासीन मलिक ने केस की सुनवाई के दौरान कबूल लिया था कि वह कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में शामिल था। अलगाववादी नेता यासीन मलिक ने टेरर फंडिंग मामले में अवैध गतिविधियां (रोकथाम) कानून के तहत लगाए गए आरोपों समेत उस पर लगे सभी आरोपों को स्वीकार कर लिया था। मलिक ने न्यायाधीश से कहा था कि वह अपनी सजा का फैसला अदालत पर छोड़ रहा है। कोर्ट ने दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

**यासीन ने कबूला गुनाह**

यासीन मलिक पर आपराधिक साजिश रचने, देश के खिलाफ युद्ध छेड़ने, अन्य गैरकानूनी गतिविधियों और कश्मीर में शांति भंग करने का आरोप है। मलिक ने इस मामले में अपना गुनाह कबूल कर लिया था। सुनवाई की आखिरी तारीख पर उसने अदालत के सामने बताया कि वह धारा 16 (आतंकवादी अधिनियम), 17 (आतंकवादी अधिनियम के लिए धन जुटाने), 18 (आतंकवादी कृत्य करने की साजिश), यूएपीए की धारा 20 (एक आतंकवादी गिरोह या संगठन का सदस्य होने के नाते) और भारतीय दंड संहिता की धारा 120-बी (आपराधिक साजिश) और 124-ए (देशद्रोह) सहित अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों का मुकाबला नहीं करेगा।

**शहबाज शरीफ के बिगड़े बोल**

सजा का ऐलान होते ही प्रतिक्रियाओं का दौर शुरू हो गया है। इसी कड़ी में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के बिगड़े बोल सामने आए हैं और उन्होंने कहा कि आज का दिन भारतीय लोकतंत्र और उसकी न्याय प्रणाली के लिए एक काला दिन है। भारत यासीन मलिक को शारीरिक रूप से कैद कर सकता है लेकिन वह कभी भी उस स्वतंत्रता के विचार को कैद नहीं कर सकता।

**घाटी के हालात बिगड़े, कई इलाकों में इंटरनेट बंद**

सजा के फैसले से पहले यासीन मलिक के घर के बाहर लोगों ने सुरक्षाबलों पर पत्थरबाजी की है, और साथ में नारे भी लगाए हैं। बवाल बढ़ने के बाद सुरक्षाबलों ने फायरिंग की और आंसू गैस के गोले दागे। सजा का ऐलान होते ही जम्मू कश्मीर में हालात बिगड़ने की स्थिति को देखते हुए श्रीनगर के मैसूमा और डाउनटाउन इलाकों में इंटरनेट सेवाएं बंद कर दी गई हैं। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले दागे।

**अटल सरकार के दौरान गिरफ्तारी**

कश्मीर की आजादी की बात कहने वाले यासीन मलिक को जमानत के पांच साल बाद 1999 में फिर गिरफ्तार किया गया। उस वक्त केंद्र में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी। 2002 में अटल बिहारी सरकार के दौरान उसे प्रिवेंशन ऑफ टेररिज्म ऐक्ट के तहत गिरफ्तार किया गया। बाद में यासीन मलिक जेल से रिहा हुआ और इसके बाद उसने पाकिस्तान के तमाम सियासी नेताओं से भेंट की।

### मलिक को 9 मामलों में सजा

- यासीन मलिक को दो बार उम्रकैद की सजा सुनाई गई है।
- भादंवि की धारा- 13 के तहत पांच साल।
- यूएपीए की धारा-15 और 16 (आतंकवादी अधिनियम) के तहत दस साल की सजा।
- यूएपीए की धारा-18 (आतंकवादी कृत्य करने की साजिश) के तहत दस साल की सजा और दस हजार का जुमार्ना।
- यूएपीए की धारा-20 (आतंकवादी गिरोह या संगठन का सदस्य होना) के तहत दस साल की सजा और दस हजार का जुमार्ना।
- यूएपीए की धारा-38 और 39 के तहत पांच साल की सजा व पांच साल का जुमार्ना।
- भादंवि की धारा-120इ (आपराधिक साजिश) के तहत दस साल की सजा और दस हजार का जुमार्ना।
- भादंवि की धारा-121अ (राष्ट्र के विरुद्ध युद्धोन्माद फैलाना) के तहत दस साल की सजा व दस हजार का जुमार्ना।
- भादंवि की धारा 121अ (देशद्रोह) के तहत दस साल की सजा।

### यासीन पर तीन बड़े आरोप

- भारतीय वायु सेना के चार जवानों की हत्या
- जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री मुफ्ती मोहम्मद की बेटी का अपहरण
- कश्मीरी पंडितों की हत्या कर उन्हें घाटी छोड़ने पर मजबूर करना

## मनी लॉन्ड्रिंग में महेश टिम्बर प्रा.लि.के निदेशक गिरफ्तार

**नई दिल्ली**। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को बैंक ऋण से संबंधित 195 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग मामले में हरियाणा के करनाल में महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अशोक कुमार मित्तल को गिरफ्तार किया है। ईडी ने कंपनी के निदेशकों और अन्य के खिलाफ आपराधिक साजिश और धोखाधड़ी मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज प्राथमिकी के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग की जांच शुरू की है। ईडी अधिकारी ने कहा कि, महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख निदेशक मित्तल ने बैंक अधिकारी की मिलीभगत से धोखाधड़ी से लेटर ऑफ क्रेडिट की सीमा 21 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 195 करोड़ रुपये कर दी थी, जिसे उनकी सिंगापुर स्थित संस्थाओं में प्रयोग किया गया। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों ने बैंक को कुल 155 करोड़ रुपये की चपत लगाई है।

# ज्ञानवापी मामला फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर

## विश्व वैदिक सनातन संघ ने हिंदुओं को ज्ञानवापी सौंपने का मुकदमा किया दाखिल

वाराणसी, प्रात : किरण संवाददाता



ज्ञानवापी श्रृंगार गौरी प्रकरण में सिविल जज (सीनियर डिविजन) रवि कुमार दिवाकर की अदालत में भगवान आदि विश्वेश्वर विराजमान के नाम से मुकदमा दाखिल किया गया है। यह मुकदमा विश्व वैदिक सनातन संघ की अंतराष्ट्रीय महामंत्री किरन सिंह ने दाखिल किया है। इस दौरान हिंदू पक्ष की ओर से वाद दाखिल करने वाले लोग भी शामिल रहें। इस मामले में दोपहर दो बजे के बाद सुनवाई हुई तो ज्ञानवापी केस सिविल जज ने फास्ट ट्रैक कोर्ट में ट्रांसफर कर दिया। सिविल जज रवि दिवाकर ने नई याचिका को फास्ट ट्रैक कोर्ट में भेजा है जिसकी सुनवाई के लिए 30 मई नई तिथि मुकर्रर कर दी गई है। अब इस केस की सुनवाई जज महेंद्र पांडेय करेंगे। इसी मामले से जुड़ा डा. कुलपति तिवारी का भी वाद है, जिसे जिला जज की अदालत में उभयपक्षों के साथ रखा गया है। दरअसल पूर्व महंत कुलपति तिवारी ने ज्ञानवापी में मिले शिवलिंग की पूजा-अर्चना करने की मांग रखी है। मुस्लिम पक्ष की ओर से मुकदमे की पोषणीयता को लेकर उठी मांग पर गुरुवार 26 मई को दोपहर में सुनवाई की जानी है।

**मंगलुरु में भी मस्जिद के नीचे मिला मंदिर**

**मंगलुरु** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर का विवाद अभी सुलझा भी नहीं कि कर्नाटक से एक और ऐसा मामला सामने आया है। जिसके बाद यहां मंगलुरु के मलाली में जुमा मस्जिद से 500 मीटर के दायरे तक बुधवार सुबह आठ बजे से धारा 144 लागू कर दी गई है।

इस दिन सुबह करीब साढ़े आठ बजे थेनकुलीपडी के श्री रामंजनेय भजन मंदिर में तंबुला प्रश्न नामक धार्मिक आयोजन किए जाने के बाद सीआरपीसी की धारा 144 लगाई गई है। चूंकि हिंदू सामाजिक संगठनों का मानना है कि जुमा मस्जिद का निर्माण मंदिर के स्थान पर किया गया है इसलिए 'तंबुला प्रश्न' अनुष्ठान के बाद 'अष्टमंगला प्रणाम' की तैयारियां शुरू हो गईं।

## संक्षिप्त खबर

### बारामूला में 3 पाकिस्तानी आतंकी ढेर, जवान शहीद

श्रीनगर। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में मुठभेड़ में तीन पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए और जम्मू कश्मीर पुलिस का एक कर्मी शहीद हो गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। कश्मीर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) विजय कुमार ने ट्वीट किया, तीन पाकिस्तानी आतंकवादी मारे गए। मुठभेड़ में जम्मू कश्मीर पुलिस का एक कर्मी शहीद हुआ है। हथियार और गोला-बारूद सहित आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। आईजी कश्मीर विजय कुमार ने बताया कि अभी इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है। मंगलवार को भी एक पुलिसकर्मी की हत्या हुई थीजम्मू-कश्मीर में आतंकी बीते कई दिनों से टारगेट किलिंग की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। मंगलवार को आतंकियों ने श्रीनगर के सौरा क्षेत्र के अचार इलाके में पुलिसकर्मी पर हमला किया। आतंकियों ने पुलिसकर्मी को गोली मारकर हत्या कर दी।

### दाऊद इब्राहिम से नवाब मलिक का पुराना नाता: ईडी

मुंबई। माफिया डॉन दाऊद इब्राहिम मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुंबई की विशेष कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी है। चार्जशीट ने ईडी ने कोर्ट को बताया है कि मंत्री नवाब मलिक का परिवार मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच में सहयोग नहीं कर रहा है। ईडी ने मुंबई की विशेष कोर्ट में पेश चार्जशीट में बताया है कि नवाब मलिक की पत्नी महजबीन को दो बार और बेटे फयाज मलिक को पांच बार समन भेजा गया था लेकिन उनमें से कोई भी पूछताछ के लिए नहीं आया। ईडी ने आरोप लगाया कि नवाब मलिक का भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम की डी कंपनी से पुराना नाता है।

**विधानसभा** उपमुख्यमंत्री की टिप्पणी को लेकर सत्तापक्ष व सपा सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक

# केशव मौर्य के साथ अखिलेश की तू-तड़ाक...

## मुख्यमंत्री योगी ने डिप्टी सीएम का बचाव कर खींच दी बड़ी लकीर

लखनऊ, प्रात : किरण संवाददाता



उत्तर प्रदेश विधानसभा में बुधवार को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की एक टिप्पणी को लेकर सत्तापक्ष और समाजवादी पार्टी (सपा) के सदस्यों के बीच तीखी नोकझोंक हो गयी। मौर्य ने राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सपा और विपक्ष के नेता अखिलेश यादव का जिक्र करते हुए कहा कि सदन में अपने भाषण के दौरान यादव बतौर मुख्यमंत्री अपने कार्यकाल में किये गये कामों का गुणगान कर रहे थे लेकिन, ऐसा होता तो जनता चुनाव में सपा का सूपड़ा साफ नहीं करती। उन्होंने यादव द्वारा सरकार की विभिन्न योजनाओं की शुरूआत सपा की पिछली सरकार के कार्यकाल में होने के दावों की तरफ इशारा करते हुए कहा, नेता प्रतिपक्ष अपने पांच साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाते थकते नहीं हैं। यह आपको कौन सा रोग है? अगर कोई रोग है तो मैं कहूंगा कि आप जांच करा लीजिए। निवेदन करूंगा कि नेता प्रतिपक्ष जहां से भी चाहें, ठीक से इलाज करा लें। हर योजना पर समाजवादी पार्टी का स्टिकर चस्पा करने के इस रोग से अब मुक्त हो जाइए। आप पांच साल बाहर रह चुके हैं। अब पांच और साल के लिए फिर बाहर हो गए हैं। आने वाले 25 साल तक आपका नंबर लगने वाला नहीं है। अभिभाषण पर चर्चा के दौरान अखिलेश यादव के सम्बोधन के बाद अपनी बात कहने खड़े हुए उप मुख्यमंत्री ने यादव से मुखातिब होते हुए कहा, 'सड़क किसने बनाई है, एक्सप्रेस-वे किसने बनाया है, मेट्रो किसने बनाई है' जैसे लगता है कि आपने अपनी सैफई की जमीन बेचकर यह सब बनवा दिया है। गौरतलब है कि सैफई अखिलेश यादव का पुश्तैनी गांव है।

**मौर्य पर आग-बबूला हुए अखिलेश**

केशव प्रसाद मौर्य का इतना कहना था कि नेता प्रतिपक्ष अखिलेश आग-बबूला हो गए। उन्होंने तुरंत खडे.होकर गुस्से में कहा, 'तुम अपने पिताजी से पैसा लाते हो ये बनाने के लिए या जो तुमने राशन बांटा है, उसके लिए...' अखिलेश के इतना कहते ही सदन में हंगामा गूंज उठा।

**योगी ने सिखाया शालीनता का पाठ**

इसी बीच, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, एक सम्मानित नेता के खिलाफ असभ्य शब्दों का उपयोग ठीक नहीं है। मैं नेता प्रतिपक्ष से बहुत विनम्रता से कहूंगा कि आपको इतना उत्तेजित नहीं होना चाहिए था।




# राजापाकर प्रखंड जाफरपट्टी पंचायत की योजनाओं का डीएम ने की औचक जांच

## स्कूल की जांच में डीएम ने बच्चों से लिखवाए उत्तर और चखा एमडीएम का खिचड़ी-चोखा

हाजीपुर, प्रात: किरण संवाददाता



जिले के सभी 16 प्रखंडों में चिन्हित 61 पंचायतों में पहुंचकर जिलास्तरीय वरीय अधिकारियों ने सरकार संचालित योजनाओं की औचक जांच की। स्वयं जिलाधिकारी यशपाल मीणा राजापाकर प्रखंड के जाफरपट्टी पंचायत में सुबह के आठ बजे से आंगनबाड़ी केंद्र, विद्यालय, नल-जल एवं पक्की गली-नाली योजना, स्वास्थ्य उपकेंद्र आदि की जांच की। मालूम हो कि मुख्य सचिव बिहार निर्देश पर जिलाधिकारी के अलावा अन्य जिला स्तरीय, अनुमंडल स्तरीय पदाधिकारी, सभी बीडीओ और सीओ ने चिन्हित पंचायतों की औचक जांच की।

जिलाधिकारी ने राजापाकर प्रखंड के जाफरपट्टी पंचायत में पहुंचकर सामाजिक सुरक्षा पेंशन, इंदिरा आवास एवं राशन कार्ड लाभुकों से मिले और उनसे जरूरी जानकारी प्राप्त की। जिलाधिकारी सबसे पहले वार्ड संख्या 12 पहुंचे जहां सड़क के किनारे दो बुजुर्ग महिलाएं मिली जिनसे जिलाधिकारी ने पेंशन और पीडीएस राशन मिलने के बारे में पुछा। महिलाओं ने बताया कि उन्हें 400 रुपया प्रतिमाह पेंशन मिल रहा है और जन वितरण का राशन भी मिल रहा है। आगे बढ़ने पर एक स्कूली छात्र मिला जो बताया कि बगल के हाई स्कूल में 10वीं में पढ़ता है। जिलाधिकारी छात्र को अपनी गाड़ी पर बिठाकर राजकीयकृत शिवनंदन गया उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बाकरपुर पहुंचे।

विद्यालय की जांच के दौरान प्रधानाध्यापक ने बताया कि विद्यालय में 23 मई से गर्मी की छुट्टी हो गई है और अब 16 जून को खुलेगा। जिलाधिकारी ने विद्यालय का उन्नयन वर्ग कक्ष, पुस्तकालय एवं शौचालयों को देखा। फिर प्रधानाध्यापक से उपस्थिति पंजी, अवकाश पंजी, निरीक्षण पंजी एवं कैशबुक की मांग की। यहां अवकाश पंजी संधारित नहीं पाई गई और विद्यालय का निरीक्षण भी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने नहीं किया था। जिलाधिकारी ने फोन पर प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी से बात कर इस मामले में नाराजगी प्रकट की तथा उन्हें 24 घंटे के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब देने का निदेश दिया। डीएम ने यहां पोषक और साइकिल योजना की जानकारी ली। प्रधानाध्यापक के अभिभावक-शिक्षक बैठक नहीं किए जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र इसकी शुरुआत करने तथा विद्यालय के दीवारों पर महात्मा गांधी के सात वचन लिखवाने का निर्देश दिया।

**निरीक्षण**
- विद्यालयों का निरीक्षण नहीं करने पर बीईओ से 24 घंटे के अंदर मांगे स्पष्टीकरण
- आंगनबाड़ी, विद्यालय, नल-जल, पक्की गली-नाली, स्वास्थ्य उपकेंद्र का निरीक्षण

इसके बाद जिलाधिकारी राजकीय मध्य विद्यालय हरपुर हरदास पहुंचे। यहां बच्चों की पढ़ाई चल रही थी। जिलाधिकारी ने वर्ग कक्ष में जाकर छोटे-छोटे बच्चों से प्यार के साथ पूछताछ की। दूसरे कक्षा की एक बच्ची से 10 से 1 तक उल्टी गिनती लिखवाई। शिक्षिका से अंग्रेजी में एक पुस्तक पढ़वाई। यहां के पठन-पाठन और विद्यालय संचालन से जिलाधिकारी ने खुशी प्रकट की। बच्चों से जिलाधिकारी ने जो भी पूछा बच्चों ने उसका सही उत्तर दिया। जिलाधिकारी ने अपनी हाथों से बच्चों को टाफी खिलाई। विद्यालय में एमडीएम की खिचड़ी और चोखा बना हुआ था, जिसे जिलाधिकारी ने स्वयं चखा तथा यहां चापाकल के पानी की जांच करा लेने का निदेश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया।

# "एक जिला एक उत्पाद" विषय पर परिचर्चा का आयोजन

पटना/सारण, प्रात: किरण संवाददाता



भारत सरकार द्वारा किसानों के हितार्थ लाये गए एक महत्वपूर्ण योजना एक जिला एक उत्पाद के तहत सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के फील्ड आउटरीच ब्यूरो (एफओबी), छपरा इकाई तथा कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके), मांझी, सारण के सहयोग से आज 25 मई, 2022 को केवीके, मांझी प्रशिक्षण केंद्र में टमाटर की खेती वैज्ञानिक एवं आधुनिक तरीके से करने को लेकर किसानों के बीच एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया।

परिचर्चा कार्यक्रम का उद्घाटन रीजनल आउटरीच ब्यूरो, पटना के कार्यक्रम प्रमुख पवन कुमार सिन्हा, सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी सर्वजीत सिंह, केवीके के केंद्र प्रमुख व वरीय वैज्ञानिक डॉ.अभय कुमार सिंह, उद्यान वैज्ञानिक डा.जितेंद्र चंदोला, मृदा वैज्ञानिक डा.कन्हैयालाल रैंगर, पादप रोग वैज्ञानिक डा.रातुल मोनी राम तथा मृदा वैज्ञानिक डा.विजय कुमार ने सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। परिचर्चा में सारण जिले के गरखा, जलालपुर, मांझी, एकमा एवं आसपास के अन्य प्रखंड के 50 से अधिक किसान शामिल हुए। परिचर्चा में केवीके के कृषि, मृदा एवं रोग विशेषज्ञ वैज्ञानिकों ने अपने संबोधन के माध्यम से टमाटर की उन्नत खेती, उसमें होने वाले विभिन्न रोगों की जानकारी एवं उससे बचाव के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। एक जिला एक उत्पाद कार्यक्रम की विषयवस्तु पर चर्चा करते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के पटना स्थित रीजनल आउटरीच ब्यूरो (आरओबी) के कार्यक्रम प्रमुख पवन कुमार सिन्हा ने कहा की इस परिचर्चा कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य टमाटर की खेती करने वाले किसानों एवं कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिकों को एक मंच पर लाना था। इस परिचर्चा के दौरान जहां किसानों को वैज्ञानिक एवं आधुनिक तरीके से उन्नत किस्म के टमाटर की खेती करने के तरीके बताए गए, वहीं किसानों को आने वाली समस्याओं पर भी विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। परिचर्चा को संबोधित करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी के केंद्र प्रमुख एवं वरीय वैज्ञानिक डॉ अभय कुमार सिंह ने किसानों को टमाटर की खेती के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने किसानों को समूह बनाकर टमाटर की खेती करने एवं उसके प्रॉसेसिंग के माध्यम से टमाटर की खेती को लाभप्रद बनाने को प्रोत्साहित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने घोसी प्रखंड कार्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का किया निरीक्षण

जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय ने बुधवार को क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत घोषी प्रखंड कार्यालय एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, घोषी का निरीक्षण किया। प्रखंड कार्यालय के निरीक्षण के क्रम में कार्यावधि में अनुपस्थित कर्मियों से स्पष्टीकरण करते हुए वेतन रोकने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, घोषी के निरीक्षण में साफ सफाई व्यवस्था पर असंतोष व्यक्त किया एवं नियमित रूप में सफाई कराने का निर्देश दिया।

### जॉब कैंप में 16 अभ्यर्थियों का हुआ चयन

जहानाबाद। जिलाधिकारी रिची पाण्डेय के निदेशानुसार जिला निबंधन सह परामर्श केंद्र में बुधवार को जॉब कैम्प का आयोजन किया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी भरत जी राम ने बताया गया कि सेल्स प्रषिक्षु द्वारा जॉब कैम्प का आयोजन किया गया है, जिसमें योग्यता इंटर पास (सिर्फ पुरुष अभ्यर्थी) द्वारा भाग लिया गया।

# कार्यकरनी बैठक में नही उपस्थित हुए वार्ड सदस्य

गया, प्रात :किरण संवाददाता

प्रखंड क्षेत्र के बिलौटी पंचायत में पंचायत सचिव एवं मुखिया के द्वारा एक कार्यकरनी की बैठक रखी गई। जिसकी नेतृत्व पंचायत सचिव एवं मुखिया के द्वारा की गई। इस बैठक में मुखिया के कार्य योजना से नाराज वार्ड सदस्यों ने इस बैठक में अपनी उपस्थिति दर्ज नहीं कर सके,जिसके कारण इस बैठक को निरस्त कर दिया गया है।

इस संबंध में बिलौटी पंचायत के वार्ड सदस्यों ने बताया की इस पंचायत के मुखिया के द्वारा योजना में मनमानी करते हुए बिचैलिए से काम करवाई जा रही है। किसी भी योजना में इन वार्ड सदस्य के लोगो को मुखिया के द्वारा कोई जानकारी तक नहीं दिजाती है। वार्ड सदस्यों ने यह भी बताया किसी भी योजना में वार्ड सदस्य से काम नहीं कर बाकर इन बिचौलियों के द्वारा काम को करवाई जा रही है। जिसके कारण इन बिचौलिए के

**नाराजगी**
- मुखिया के कार्य योजना से नाराज वार्ड सदस्यों ने बैठक में अपनी उपस्थिति नहीं हुए

माध्यम से इंद्रा आवास योजना सहित अन्य प्रकार की योजना में लाभुको से पैसे की उगाही कर रहे हैं इन्ही कारणों के कारण पंचायत सचिव के नेतृत्व में रखी गई इस बैठक में वार्ड सदस्यों की उपस्थिति नही रही।

वही इस बारे में पंचायत सचिव ने बताया की मुखिया के द्वारा इस बैठक के बारे में उनलोगो के नही बताने के कारण ही ये लोग बैठक में नही आसके। पंचायत सचिव ने यही बताया की इनकी इस बैठक में मौजूदगी नही रहेने के कारण अगला बैठक शुक्रवार को रखा गया है। हालाकि मुखिया को दूरभाष के माध्यम से इस बारे में जानकारी संपर्क करने की प्रयास की गई तो,फोन पर मुखिया का फोन नही होने की बात बताई गई।

# विभिन्न पंचायतों में कार्यान्वित योजनाओं कार्यक्रमों की करायी गयी स्थलीय जांच

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता

मुख्य सचिव, बिहार द्वारा जारी दिशा-निर्देश तथा जिलाधिकारी, पश्चिम चम्पारण के निदेश के आलोक में आज जिले के सभी प्रखंडों में विभिन्न पंचायतों में कार्यान्वित विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों की स्थलीय जांच जिलास्तरीय पदाधिकारियों से करायी गयी है। इस दौरान विद्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, हर घर नल का जल, घर तक पक्की नाली गली, एससी/ एसटी/ ओबीसी/ अल्पसंख्यक छात्रावास, पंचायत में स्वास्थ्य सुविधा, सभी प्रकार के सामाजिक सुरक्षा पेंशन, पीडीएस, ग्रामीण सड़क, अधिप्राप्ति केन्द्र, मनरेगा, आवास योजना, पंचायत सरकार भवन, भू-राजस्व की स्थिति की सूक्ष्मता से जांच करायी गयी।

जिन पंचायतों में आज एक साथ जिलास्तरीय पदाधिकारियों से विभिन्न योजनाओं/कार्यक्रमों की जांच करायी गयी है उनमें सेरहवा, मियांपुर, सेमरबारी, जैतिया, लक्ष्मीपुर, परसौनी, नड्डा, महनाकुली, बसंतपुर, दक्षिणी तेलुआ,



राजपुर तुमकड़िया, बसवरिया, चंद्राहा रूपवलिया, गोनौली डुमरा, रायबारी महुअवा, कोलुआ चौतरवा, रमपुरवा महनवा, धनौजी, मंझरिया, गुदरा, हथिया, मधुरी, मलदहिया पोखरिया, मठिया, वाल्मीकिनगर, डीही पकड़ी, बीबी बनकटवा, सोहसा, परसौना, सेमरा-लबेदाहां, तमकुहा, श्रीनगर, मंझरिया, सिसवा-बसंतपुर, सरगटिया, जोगिया, कोईरपटटी, मधुवा, उतरी पटजिरवा, उतर तेलुआ, जगदीशपुर, लखौरा, पूर्वी तुरहापट्टी, बथना, दनियाल परसौना, करमवा, नौतनवा, बैठनिया भानाचक, ढढवा, भितिहरवा, टोला चपरिया, मैनाटांड़, जमुनिया, कुंडिलपुर, मंचगवा, बासोपट्टी, सूर्यपुर एवं पुरैना के नाम शामिल हैं। जांच करने वाले जिलास्तरीय अधिकारियों में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, व्यवस्थापक, बेतिया राज, अनुमंडल पदाधिकारी, बगहा/बेतिया, नरकटियागंज, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला पंचायती राज पदाधिकारी, सभी वरीय उप समाहर्ता आदि शामिल थे। हर घर नल का जल योजना की स्थिति एवं उसका रखरखाव, अंतिम छोर पर अवस्थित घरों तक जलापूर्ति का निरीक्षण, अतिरिक्त पानी या पानी के रिसाव का निरीक्षण करेंगे। इसी तरह घर तक पक्की नाली गली योजना की स्थिति एवं उसका रखरखाव, नाला के अंतिम छोर तक नाली का निर्माण एवं सोक पीट की स्थिति, पंचायत में प्राथमिक/माध्यमिक/हाईस्कूल निरीक्षण के क्रम में छात्रों की उपस्थिति, शिक्षकों की उपस्थिति, भवन की स्थिति, लड़कों के शौचालय, लड़कियों के शौचालय, पेयजल, बिजल, वर्दी, स्कूल की किताबें, मुख्यमंत्री किशोरी स्वास्थ्य योजना, साईकिल, पुस्तकालय, कम्प्यूटर कक्ष, प्रयोगशाला, मध्यान भोजन आदि की जांच अच्छे तरीके से की जाय।

# कोदमरई पंचायत के वार्ड नं 08 एवं 06 में सचिव का हुआ चयन

कुर्था,अरवल, प्रात : किरण संवाददाता

स्थानीय प्रखंड क्षेत्र में वार्ड क्रियान्वयन एवं प्रबंधन समिति के सचिव के चयन को लेकर पंचायत चुनाव की तरह वार्ड सचिव का चुनाव किया जा रहा है। वार्ड में मतदाताओ की अच्छी खासी भीड़ देखी गई कुर्था प्रखंड अंतर्गत कोदमरै पंचायत के ढोंढरा वार्ड संख्या 08 में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्या रूमी खातुन के अध्यक्षता में वार्ड क्रियान्वयन समिति सह प्रबंधन समिति का सचिव का चयन किया गया।

नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सचिव रामफल सिंह के निगरानी में चुनाव सम्पन्न कराया गया। वार्ड सचिव पद के लिए दो उम्मीदवारों ने भाग लिया। जिनका चुनाव मतदान के माध्यम से किया गया। कुल 287 मत पड़े जिसमें दानिश मलिक को 118 मत तथा आदिल मलिक को 169 मत प्राप्त हुआ। तत्पश्चात आदिल मलिक को 51 मत से विजयी घोषित किया गया। इस तरह आदिल मलिक लगातार दूसरी बार वार्ड सचिव के पद पर चयनित हुए हैं तो वहीं वार्ड संख्या 06 में नवनिर्वाचित वार्ड सदस्या अलीशा अफरोज के अध्यक्षता में वार्ड क्रियान्वयन समिति सह प्रबंधन समिति का सचिव का चयन किया गया।

नोडल पदाधिकारी के रूप में पंचायत सचिव रामफल सिंह के निगरानी में चुनाव सम्पन्न कराया गया। वार्ड सचिव पद के लिए दो उम्मीदवारों ने भाग लिया। जिनका चुनाव मतदान के माध्यम से किया गया। कुल 189 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया जिसमें सरफराज अन्ना को 152 मत प्राप्त हुआ तो जाको शेख को मात्र 37 मत प्राप्त हुआ इसतरह सरफराज अन्ना को 115 मतो से विजयी घोषित किया गया। इस तरह सरफराज अन्ना लगातार दूसरी बार वार्ड सचिव चुने गए।

# डीएम ने किया लाखापुर पंचायत में योजनाओं का औचक निरीक्षण

जहानाबाद, प्रात : किरण संवाददाता

जिलाधिकारी रिची पाण्डेय क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के तहत बुधवार को रतनी फरीदपुर प्रखंड के लाखापुर पंचायत में विद्यालय, नल-जल योजना, आंगनबाड़ी केंद्र, मनरेगा कार्य एवं स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने उत्क्रमित मध्य विद्यालय, लाखापुर का औचक निरीक्षण किया, जिसमें पाया गया कि विद्यालय में छात्र-छात्राओं की उपस्थित कम थी। कक्षा एक से चार के सभी बच्चों को एक हीं कक्षा में बैठाया गया था और बच्चों की उपस्थित कम रहने के उपरांत भी मध्याह्न भोजन योजना के तहत बन रहे भोजन का मात्रा अधिक था, जिसके लिए विद्यालय के प्रधानाध्यापक से पृच्छा किया गया एवं संतोषजनक उत्तर नही मिलने की स्थिति में जिलाधिकारी ने जिला शिक्षा पदाधिकारी को प्रधानाध्यापक



के वेतन को रोकने का आदेश दिया। जिलाधिकारी ने अतिरिक्त प्रथमिक स्वास्थ्य केंद्र, लाखापुर का भी औचक निरीक्षण किया। जिसमें पाया गया कि चिकित्सक और एएनएम उपस्थित थे। जिलाधिकारी ने चिकित्सक से स्टॉक पंजी की मांग की जिसमें कोई भी स्टॉक पंजी नहीं उपलब्ध कराया गया। साथ हीं मरीजों द्वारा बताया गया कि चिकित्सक और एएनएम नियमित रूप से केन्द्र पर नही आते हैं, जिसके लिए जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को चिकित्सक एवं एएनएम से स्पष्टीकरण करते हुए उनका वेतन रोकने का निर्देश दिया।

### बिजली बिभाग की लापरवाही गंभीर रूप से जख्मी हुआ छात्र

**जहानाबाद।** प्रशहर के मलहचक मोङ स्थित बाल्टी फैक्ट्री के समीप बिजली विभाग द्वारा लोहे के पोल को काटा जा रहा था। इसी दरम्यान पोल गिर गया जिसकी चपेट में एक छात्रा आ गया। जिसके कारण छात्र गंभीर रूप से जख्मी हो गया। छात्र का इलाज स्थानीय सदर अस्पताल में चल रहा है। इस संबंध में बताया जाता है कि कपूरी नगर निवासी आठवीं वर्ग का छात्र प्रियांशु कुमार अपने दोस्त के साथ बाजार जा रहा था। इसी दरम्यान पोल उसके ऊपर गिर गया। हालांकि बाल-बाल इस घटना में उसका दोस्त बच गया। वहां मौजूद लोगों ने जख्मी छात्र को आनन-फानन में सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। छात्र के बायां पैर लोहे के बिजली के खंभे से दब जाने के कारण गंभीर रूप से जख्मी हो गया है। इस घटना पर लोग बिजली विभाग की लापरवाही बता रहे हैं।बिजली विभाग द्वारा भीड़-भाड़ इलाके में पोल के काटने के दरम्यान सुरक्षा मानकों का कोई ख्याल नहीं रखा गया था जिसके कारण यह घटना घटी। बिजली विभाग के कर्मियों की लापरवाही ने एक छात्र को गंभीर रूप से जख्मी कर दिया।

# एनसीसी कैडेट्स को युद्ध कौशल और फायरिंग का अभ्यास कराया

गया, प्रात : किरण संवाददाता

डीएवी मेडिकल स्कूल के खेल मैदान में 27 बिहार बटालियन एनसीसी द्वारा आयोजित दस दिवसीय कंबाइंड एनुअल ट्रेनिंग कैंप के चौथे दिन बुधवार को एनसीसी कैडेटों को फायरिंग का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें एनसीसी कैडेटों का प्रदर्शन सराहनीय रहा।

27 बिहार बटालियन एनसीसी के कमांडिंग आफिसर कर्नल एम. के. चौहान ने कहा कि एनसीसी कैडेटों को ड्रिल एवं कमांड्स, शस्त्र प्रशिक्षण, मानचित्र अध्ययन, क्षेत्र एवं युद्ध कौशल, शूटिंग प्रशिक्षण, राष्ट्रीय एकता एवं नेतृत्व व्यक्तित्व का विकास की शिक्षा व प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फायरिंग के समय अनुशासन बनाए रखने के लिए रेंज ड्रिल आवश्यक होती है। उस दौरान रेंज पर सुरक्षा व अनुशासन आवश्यक



है। सभी कैडेटों को रेंज कार्य विधि का ज्ञान होना आवश्यक है। साथ ही रेंज पर सुरक्षात्मक उपाय होना चाहिए। रेंज के सबसे ऊंचे स्थान पर लाल झंडा लगाएं।

इसके अलावा दाएं, बाएं व पीछे भी लाल झंडा अवश्य लगाएं जिससे रेंज पर सुरक्षा बनी रहे। इस मौके पर एडम अधिकारी कर्नल जेएन कुमार, सुबेदार मेजर परवेज मलिक, एनसीसी पदाधिकारी मुकेश कुमार वर्मा, सुनील कुमार, सुरेश कुमार सहित कई पीआई स्टाफ मौजूद थे।

# पत्रकार सुभाष कुमार की हत्या के खिलाफ पत्रकारों में फैला आक्रोश

बेतिया, प्रात : किरण संवाददाता

बेगूसराय के पत्रकार सुभाष कुमार की अपराधियों द्वारा विगत दिनों गोली मारकर की गई हत्या के खिलाफ अब पत्रकारों का संगठन आवाज उठाने लगा है।

इसी कड़ी में चंपारण की धरती बेतिया के शहीद पार्क में बुधवार को दिन बाल्मीकि प्रेस क्लब के तत्वधान में जहां सभी पत्रकारों ने शहीद पत्रकार सुभाष कुमार के चित्रपट पर माल्यार्पण की और कैंडी जलाकर उनकी आत्मा की शांति की प्रार्थना की तथा मृतक पत्रकार के परिजनों को आर्थिक सहायता देने के साथ यह संकल्प लिया कि अब पत्रकारों पर झूठे मुकदमे तथा हो रही हत्या को लेकर पूरे राज्य से लेकर केंद्र तक आवाज बुलंद किया जाएगा क्योंकि सच्चाई दिखाने एवं लिखने पर आए दिन पत्रकारों की हत्या हो रही है और झूठे मुकदमे में



- मृतक के परिजनों को आर्थिक सहायता देने के साथ संकल्प लिया

फसाया जा रहा है तथा इस समस्या का सत्ताधारी और विपक्ष दोनों चुप्पी साधे हुए हैं ऐसी हालत में देश का चौथा स्तंभ कहे जाने वाला मीडिया जगत पूरी खतरे में है और इसके लिए अब चंपारण से आवाज बुलंद हो चुकी है क्योंकि जिस प्रकार अंग्रेजी हुकूमत के खिलाफ महात्मा गांधी ने चंपारण से बिगुल फूंका था उसी तरह अब मीडिया जगत भी चंपारण से बिगुल फूंक दिया है जहां श्रद्धांजलि सभा में कई पत्रकार संगठन से जुड़े व्यक्तियों ने अपने अपने विचार रखें मौके पर संगठन के अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी सचिव निरंकार भास्कर अतुल कुमार अश्वनी कुमार सिंह सोनू भारद्वाज सत्यम सिंघानिया रोहित पाठक जय किशोर शर्मा सुमित कुमार शेखर सोनी मंटू कुमार धर्मेंद्र कुमार सोनी अविनाश कुशवाहा शत्रुघ्न शर्मा समेत दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।

# हमारी दिनचर्या और बढ़ती जरूरतों के कारण भू और जलवायु का हो रहा दोहन: डॉ0 इंद्रनील

गया, प्रात : किरण संवाददाता

रोजमर्रा की जिन्दगी में हमारी दिनचर्या और लगातार बढ़ती जरूरतों के कारण प्राकृतिक संसाधनों के साथ भू और जलवायु का विभिन्न प्रकार से दोहन हो रहा है। हमारे क्रियाकलापों से जलवायु और संसाधन पर लगातार दबाव बढ़ने के कारण जलवायु में परिवर्तन आ रहा है जिसकी वजह से आये दिन प्राकृतिक आपदा जैसे लू ,बाढ़, सुखाड़ , सुनामी आदि देखने को मिलते हैं।

वहीं बढ़ते रसायनों के प्रयोग से खाद्यान संकट, स्वास्थ्य व्यवस्था पर बढ़ते दवाब और बढ़ती बिमारियों का प्रकोप और आपदा का लगातार आना इसका सूचक है। हालिया दिनों में कोरोना महामारी ने मानव जीवन को और अत्यधिक संकट में डाल दिया है जो चिंता का विषय है। ये चिंता सीआरडब्लू, यूनिसेफ के स्टेट कंसलटेंट इंद्रनील घोष ने दक्षिण बिहार



केन्द्रीय विश्वविद्यालय (सीयूएसबी) के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई द्वारा आपदा पर आयोजित पांच-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन कही।

सीयूएसबी के जन संपर्क पदाधिकारी (पीआरओ) मो० मुदस्सीर आलम ने बताया कि विवि में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई और राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन संस्थान, नई दिल्ली के सह-समन्वय में आपदा जोखिम प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन में युवाओं को शामिल करने पर प्रशिक्षुओं के लिए पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन के प्रथम सत्र में आपदा जोखिम प्रबंधन में युवा एवं किशोरों की भागीदारी और जलवायु परिवर्तन अनुकूलन विषय पर चर्चा करते हुए इंद्रनील ने प्रशिक्षकों को जलवायु परिवर्तन अनुकूलन एवं आपदा प्रबंधन में युवा एवं किशोरों की महत्वपूर्ण भूमिका को दशार्ते हुए इक्कीसवी सदी की चुनौती से अवगत कराया। द्वितीय सत्र में इंद्रनील ने जलवायु परिवर्तन, पर्यावरण वहनीयता एवं मानव स्वास्थ्य विषय पर चर्चा

**प्रशिक्षण**
- आपदा पर पांच-दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

किया। उन्होंने बताया की जलवायु परिवर्तन के कारण आ रही आपदा के प्रभाव को कम करने के लिए संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य का निर्धारण किया गया है जिसमें 17 लक्ष्य और 169 योजनापूर्ण लक्ष्य तय किया गया है जिसे 2031 तक पूरा किया जाना है।

इंद्रनील ने कहा कि जलवायु प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणाम स्वरूप मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य का निर्धारण किया गया है। तृतीय सत्र में, सुश्री नम्रता शर्मा ने मानसिक स्वास्थ्य देखभाल में युवाओं की गतिविधि एवं मनोवैज्ञानिक-सामाजिक सहयोग विषय पर चर्चा की जिसमे युवाओ और वयस्क के बीच पीढ़ी दर अंतर स्पष्ट रूप से देखने को मिलती है।

# मुख्यमंत्री ने इंजीनियरिंग कालेज का वीडियो कांफ्रेंसिंग से किया उद्घाटन

हाजीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

जिले के छात्रों को लंबे समय के इंतजार बाद इंजीनियरिंग कालेज का तोहफा मिल गया। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने यहां चकसिकंदर के मंसूरपुर कृषि फार्म की भूमि पर करीब 87.551 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित वैशाली इंजीनियरिंग कालेज का वीडियो कांफ्रेंसिंग उद्घाटन किया। भवन निर्माण विभाग की ओर से विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग के 17 भवनों का समेकित उद्घाटन पटना से ही वीडियो कांफ्रेंसिंग माध्यम से मुख्यमंत्री ने किया।

राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय चकसिकंदर के उद्घाटन मौके पर यहां सादे समारोह का आयोजन किया गया, लेकिन समारोह में कई जनप्रतिनिधि उपस्थित नहीं हुए। हालांकि शिलापट्ट पर सांसद सह केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस, विधायक तेजस्वी यादव, एमएलसी देवेश चंद्र ठाकुर, एमएलसी डा. संजय कुमार सिंह, एमएलसी



- कृषि फार्म की जमीन पर करीब 87.551 करोड़ रुपये की लागत से बना कालेज
- राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में इसी सत्र से शुरू होगी इंजीनियरिंग की पढ़ाई

भूषण कुमार आदि का नाम अंकित है। इंजीनियरिंग कालेज उद्घाटन के मौके पर भवन निर्माण विभाग के सहायक अभियंता संजीव कुमार, कनीय अभियंता मो. आदिल हुसैन, संवेदक दिलीप कुमार, नवनिर्मित महाविद्यालय भवन में प्रतिनियुक्त सहायक प्राध्यापक राजेश कुमार, संवेदक और कुछ स्थानीय कार्यकर्ता मौजूद थे। सहायक प्राध्यापक राजेश कुमार ने बताया कि इस वर्ष जुलाई 2022 सत्र से महाविद्यालय में सिविल, मेकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, इलेक्ट्रानिक्स कम्युनिकेशन की पढ़ाई शुरू हो जाएगी। जबकि कंप्यूटर साइंस की पढ़ाई शुरू करने के लिए एआईसीटीई से स्वीकृति के लिए प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि नवनिर्मित भवन में प्रशासनिक भवन, गर्ल्स हास्टल, बायज होस्टल के साथ ही अध्ययन कक्ष भी आधुनिक ढंग से निर्मित है। मालूम हो कि यहां मंसूरपुर कृषि फार्म की भूमि पर कभी लालू प्रसाद ने चरवाहा विद्यालय खोला था। आज इसी भूमि पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की उदारता से इंजीनियरिंग कालेज खुल गया है। राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय का उद्घाटन होने पर किसान सेल के प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश रमण चौबे, जिला उपाध्यक्ष शत्रुधन प्रसाद राय, प्रदेश महासचिव नागेंद्र प्रसाद सिंह, व्यापार आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

### राजद विधायक ने घर-घर जाकर चलाया सदस्यता अभियान

**जहानाबाद।** राजद विधायक कुमार कृष्ण मोहन उर्फ सुदय यादव के नेतृत्व में बुधवार को सेवनन, नारायणपुर एवं उचिटा पंचायत में घर-घर जाकर सदस्यता अभियान चलाया। जिसमें सैकड़ों लोगों ने राजद की सदस्यता ली। विधायक श्री यादव ने कहा कि प्रतिपक्ष नेता तेजस्वी यादव ने पूरे बिहार में एक करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। जिस को पूरा करने के लिए बिहार में जितने भी जूझारु कार्यकर्ता हैं सब को आगे आकर राजद का सदस्यता अभियान चलाना होगा। उन्होंने कहा कि वे लगातार जहानाबाद विधानसभा में राजद का सदस्यता अभियान चला रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि इस पूंजीवादी सरकार के खिलाफ ज्यादा से ज्यादा लोगों को राजद का सदस्य बनाकर ही विरोध किया जा सकता है। श्री यादव ने कहा कि देष प्रदेष के लोग महंगाई एवं बेरोजगारी से डबल इंजन सरकार में त्रस्त है। बिहार के विकास के लिए राजद सरकार तय है। सरकार ने युवाओं को 19 लाख रोजगार के नाम पर ठगने का काम किया है। श्री यादव ने कहा कि लोगों में राजद की सदस्यता ग्रहण करने को लेकर होड़ मची है।

## संक्षिप्त खबरें

### हिंदू सेना ने धार्मिक भावना आहत करने का लगाया आरोप

नई दिल्ली। फिल्म देहाती डिस्को रिलीज होने से पहले ही विवादों में आ गया है। हिंदू सेना ने फिल्म से हिंदुओं की धार्मिक भावनाओं के आहत होने का आरोप लगाया है। इस संबंध में उसने दिल्ली पुलिस आयुक्त को पत्र लिख फिल्म पर प्रतिबध लगाने की मांग की है। इस संबंध में हिंदू सेना दिल्ली के अध्यक्ष दीपक मलिक ने पत्र में आरोप लगाया है कि फिल्म देहाती डिस्को 27 मई को रिलीज हो रही है फिल्म में डिस्को के नाम पर हमारे धर्म का मजाक उड़ाया जा रहा है और भारतीय संस्कृति को गलत प्रकार से दिखाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसी फिल्मों से देश की छवि धूमिल होती है। फिल्म के कुछ दृश्य गलत प्रकार से मंदिर में दर्शाए गए हैं बॉलीवुड लगातार भारतीय संस्कृति और हिंदुओं के खिलाफ हमें बनाता रहा है। हिंदू सेना की मांग है की फिल्म देहाती डिस्को के डायरेक्टर डायरेक्टर व निर्देशक के खिलाफ हिंदू भावनाओं को आहत करने का मामला दर्ज कर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।

### स्कूलों को छात्रों की सुरक्षा के बारे में हर माह रिपोर्ट देनी होगी

नई दिल्ली। दिल्ली के स्कूलों में छात्रों की सुरक्षा के संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सख्त कदम उठाया है। स्कूलों को हर माह सुरक्षा को लेकर रिपोर्ट देनी होगी। यह निर्देश सभी निजी, सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों पर लागू होंगे। इसको लेकर शिक्षा निदेशालय ने परिपत्र भी जारी किया है। परिपत्र के अनुसार निदेशालय समय-समय पर सुरक्षा की स्थिति को लेकर समीक्षा करता है। स्कूल में छात्रों की सुरक्षा हमेशा प्राथमिक चिंता रही है। स्कूल में बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने को लेकर कई कदम उठाए गए है ताकि किसी प्रकार की अप्रिय घटना न हो। इस संबंध में पहले भी कई दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। स्कूल सुरक्षा को लेकर हर माह बिना किसी देरी के ऑनलाइन जानकारी भेजें। अगर स्कूल में बच्चों की सुरक्षा के संबंध में कोई खामी या समस्या है तो उसे बिना देरी के तुरंत ठीक किया जाए। इसके अलावा सरकारी स्कूलों में सुरक्षा मुहैया कराने वाले एजेंसी के अनुबंध के विस्तार को लेकर भी निदेशालय ने आदेश जारी किया है। वहीं स्कूलों में सुरक्षा व्यवस्था और मजबूत करने को लेकर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों की आवश्यकता को लेकर भी निदेशालय ने पूर्व में एक परिपत्र जारी किया था।

### एनएसडी की बच्चों के लिए कार्यशाला प्रारंभ, 26 जून तक चलेगी

नई दिल्ली। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की प्रमुख शाखा संस्कार रंग टोली की ओर से आठ से 16 वर्ष तक के आयु समूह के बच्चों के लिए बुधवार से ग्रीष्मकालीन कार्यशाला शुरू की गई। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय के निदेशक प्रो. डॉक्टर रमेश चंद्र गौड़ ने बताया कि कोविड महामारी के कारण यह आयोजन दो वर्षों से ऑनलाइन माध्यम से संचालित किया गया। इस वर्ष हमारे प्रशिक्षक बच्चों को आमने-सामने प्रशिक्षण देंगे। ग्रीष्मकालीन कार्यशाला 26 जून तक दिल्ली एवं एनसीआर के नौ स्थानों पर आयोजित की जा रही है। कार्यशाला के 20 समूहों में लगभग 600 बच्चे भागीदारी कर रहे हैं, जिसका संचालन लगभग 50 विशेषज्ञों एवं सहायकों द्वारा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों में सामाजिक एकजुटता लाना है।

### बाहरी जिला का ऑपरेशन, 46 आरोपी पकड़े

नई दिल्ली। बाहरी जिला पुलिस ने एक बार फिर से स्ट्रीट क्राइम पर लगाम लगाते हुए 16 से 22 मई तक चलाए गए ऑपरेशन के बाद 46 आरोपियों को विभिन्न वारदातों में शामिल होने पर गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस उपायुक्त समीर शर्मा ने बताया कि उनका मकसद जिले में बदमाशों में खौफ और नागरिकों में सुरक्षा की भावना पैदा करना है। जिसको लेकर उनकी टीमें कई ऑपरेशन चलाकर बदमाशों पर लगाम लगाने की कोशिश कर रही है, जिसमें वे काफी कामयाब भी हुए हैं। इसके लिये जिले के ह्यूमैन सॉर्से को भी ओर ज्यादा सर्तक रहने के निर्देश दिये गए हैं। हर एक छोटी से छोटी कॉल को गंभीरता से लेने और तुरंत उसपर कार्यवाही के निर्देश दे रखे हैं। जिन 46 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उन सभी पर संगठित अपराध के तहत मामला दर्ज किया गया है। इन आरोपियों में 28 पर जुआ अधिनियम, 11 के खिलाफ आबकारी अधिनियम सात के खिलाफ आर्म्स एक्ट और एक के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। जिनसे 04 देसी पिस्तौल, 04 जिन्दा कारतूस, 04 चाकू, 2.5 किलो गांजा, 11605 क्वॉर्टर अवैध शराब, 1 ट्रक, 05 मोबाइल, 02 लैपटॉप, 02 एल सी डी और एक लाख छह हजार 40 रुपये बरामद किये हैं।

# इलेक्ट्रिक वाहन चलाने वालों के लिए केजरीवाल सरकार का तोहफा

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



केजरीवाल सरकार दिल्ली को इलेक्ट्रिक वाहनों की राजधानी बनाने के लिए लगातार काम कर रही है। इलेक्ट्रिक वीइकल इंफ्रास्ट्रक्चर को काफी मजबूत किया जा रहा है। ई-वीइकल की बैटरी खत्म होने पर उसे री-चार्ज करने में वक्त की बबार्दी ना हो, साथ ही रिचार्ज प्रक्रिया आसान हो, इसके लिए दिल्ली सरकार की ओर से पटपड़गंज, बवाना इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर-5 और नरेला सेक्टर-बी में इलेक्ट्रिक वीइकल चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य ई-वीइकल की डिस्चार्ज बैटरी को बदलकर पूरी तरह चार्ज बैटरी लगाने की व्यवस्था को आसान बनाना है। यह निर्णय बुधवार को दिल्ली स्टेट इंडस्ट्रियल एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन की बोर्ड बैठक में लिया गया। इस मौके पर उद्योग मंत्री सत्येंद्र जैन ने बताया कि इलेक्ट्रिक वाहन ही हमारा भविष्य हैं क्योंकि इससे हम प्रदूषण मुक्त दिल्ली बना सकते हैं। इलेक्ट्रिक वाहन खरीदने वालों को चार्जिंग में दिक्कत न आए इसके लिए दिल्ली में तीन स्थानों पर चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग स्टेशन बनाए जाएंगे। इसके लिए डीएसआईआईडीसी ने जगह चिंहित कर ली गई है और चार्जिंग और बैटरी स्वैपिंग स्टेशन के इंस्टालेशन की जिम्मेदारी डीटीएल को सौंपी है। दिल्ली सरकार चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग स्टेशन के इंस्टालेशन पर दे रही जोर उद्योग मंत्री सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली को इलेक्ट्रिक गाड़ियों की राजधानी बनाने के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के विजन को साकार करने के लिए शहर में तेजी से इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा दिया जा रहा है। दिल्ली में बड़ी संख्या में लोग इलेक्ट्रिक बाइक व कार खरीद भी रहे हैं। हालांकि, कई बार लोगों को इन गाड़ियों की चार्जिंग को लेकर संशय बना रहता है कि इलेक्ट्रिक वाहनों से दूर के सफर का रिस्क नहीं लिया जा सकता है। यही उनके सामने सबसे बड़ी समस्या रहती है कि वो अपनी गाड़ी को चार्ज कहां और कैसे करेंगे। ऐसे में लोगों की समस्याओं को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग स्टेशन के इंस्टालेशन पर जोर दे रही है। इनके इनस्टॉल होने के बाद ये लोकेशन अपनी रियल टाइम स्थिति और चार्जिंग पॉइंट की उपलब्धता के साथ दिल्ली सरकार के वन दिल्ली ऐप पर भी उपलब्ध होंगी। साथ ही इलेक्ट्रिक वाहन चलाना लोगों के लिए बिना झंझट का काम होगा। जिस तरह आज हर जगह पेट्रोल पंप दिखते हैं, उसी तरह आने वाले समय में हर जगह ईवी चार्जिंग सेंटर व स्वैपिंग स्टेशन भी दिखेंगे। यहां बनेंगे ई-चार्जिंग व बैटरी स्वैपिंग स्टेशन

1. पटपरगंज (किया मोटर्स के पास)

2.भवाना इंडस्ट्रियल एरिया सेक्टर-5

3. नरेला सेक्टर-बी

बैटरी स्वैपिंग स्टेशनों पर मिनटों में होगी बैटरी की अदला-बदली बता दें, केजरीवाल सरकार ने इलेक्ट्रिक वाहन नीति को 7 अगस्त, 2020 को दिल्ली में देश की इलेक्ट्रिक वाहन राजधानी बनाने की दृष्टि से लागू किया गया था। इस नीति का मुख्य लक्ष्य विभिन्न खंडों में इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने की गति में तेजी लाना है।

### दिल्ली में फैक्ट्री से 21 बाल मजदूर छुड़ाए गए

नई दिल्ली। बचपन बचाओ आंदोलन के कार्यकताओं ने पुलिस व अन्यस संगठनों के सहयोग से दिल्ली कैंट की एक फैक्ट्री से 21 बाल मजदूरों को छुड़ाया है। इनमें 13 लड़के और आठ लड़कियां हैं। इनकी उम्र आठ से 17 साल के बीच है। अभियान के दौरान बचपन बचाओ आंदोलन (बीबीए) की टीम पर फैक्ट्री मालिक और उसके लोगों ने हमला भी किया और गाड़ियों के शीशे तोड़ दिए। साथ ही जब छुड़ाई गई बच्चियों को जब निर्मल छाया आश्रम ले जाया जा रहा था तो हमलावरों ने उन्हें छीनने का भी प्रयास किया। हालांकि वे नाकाम रहे। यह कार्रवाई एसडीएम, दिल्ली कैंट, नारायणा स्थित एक फैक्ट्री में की गई। यहां थैला सिलाई का काम होता था। यह सभी बच्चे बिहार और उत्तर प्रदेश से लाए गए थे। बच्चों का मेडिकल करवाने के बाद उन्हें चाइल्ड वेलफेयर कमेटी के सामने पेश किया गया। जहां से लड़कों को मुक्ति आश्रम और लड़कियों को निर्मल छाया आश्रम भेज दिया गया। इस पूरी कार्रवाई में बीबीए, पुलिस, तहसीलदार, श्रम विभाग, एनजीओ, बाल विकास धारा और चाइल्डर लाइन का सहयोग रहा।

## लुटियंस दिल्ली में पानी आपूर्ति बाधित

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



नई दिल्ली नगर पालिका परिषद (एनडीएमसी) के सदस्य कुलजीत चहल ने दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा क्षेत्र में जलापूर्ति कम करने को लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। पत्र में चहल ने लिखा है कि डीजेबी एनडीएमसी के साथ सौतेला व्यवहार कर रहा है। एनडीएमसी इलाके में पानी किल्लत का मुद्दा उठाते हुए कहा कि पिछले 15 दिन से यहां के लोग पीने के पानी की पर्याप्त आपूर्ति न होने से वंचित हैं, क्योंकि सामान्य दिनों में 125 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) जलापूर्ति होती थी। अब गर्मी में पानी की मांग बढ़ गई है। इसके बावजूद आपूर्ति घटाकर 60 से 70 एमएलडी कर दी गई है। चहल ने कहा कि आपूर्ति प्रभावित होने से सरकारी, गैर सरकारी, निजी आवासीय कालोनियों के साथ झुग्गी-झोपड़ियों, एम्स अस्पताल, आरएमएल और लेडी हार्डिंग जैसे अस्पतालों को भी पर्याप्त पानी आपूर्ति न होने से लोग परेशान है। टैंकर भेजने के लिए नहीं है पर्याप्त जल चहल ने कहा कि स्थिति यह हो गई है कि एनडीएमसी के पास केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से टैंकर भेजने के लिए भी पर्याप्त जल नहीं है। एक अन्य पत्र में चहल ने मुख्यमंत्री से एनडीएमसी की काउंसिल की बैठक में न आने का कारण पूछा है। सीएम पांच बैठकों में किसी में नहीं आए, बताएं कारण उन्होंने कहा कि पिछले दिनों पांच बैठक हुई हैं, लेकिन मुख्यमंत्री के न आने का कारण समझ नहीं आया। जबकि इससे पहले वह नियमित रूप से बैठकों में हिस्सा लेते थे। बुधवार को एक बार फिर काउंसिल बैठक हैं, जिसमें उन्होंने मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया है। उल्लेखनीय है कि काउंसिल में मुख्यमंत्री बैठक का पीठासीन अधिकारी होता है। उनकी अनुपस्थिति में नई दिल्ली से सांसद या फिर एनडीएमसी के चेयरमैन इस बैठक की अध्यक्षता करते हैं।

## नर्सों के वेतन के मामले में हाई कोर्ट की चेतावनी

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

निजी अस्पतालों में कार्यरत नर्सों के वेतन और काम करने की स्थिति के संबंध में की गई सिफारिशों को लागू नहीं करने के खिलाफ दायर अवमानना याचिका पर दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली सरकार की खिंचाई की। न्यायमूर्ति सुब्रमण्यम प्रसाद की पीठ ने दिल्ली सरकार को चेतावनी दी कि सिफारिशों पर अगली सुनवाई से पहले अनुपालन नहीं होने पर अवमानना की कार्रवाई का सामना करने के लिए तैयार रहें। पीठ ने इसके साथ ही संबंधित अधिकारी को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। भारतीय पेशेवर नर्सों की अवमानना याचिका पर विचार करते हुए पीठ ने कहा कि यह उम्मीद की जाती है कि दिल्ली सरकार सुनवाई की अगली तारीख से पहले 22 जुलाई 2019 के आदेश का अनुपालन करेगी। पीठ ने दिल्ली सरकार के अधिवक्ता को इस मामले पर सरकार से निर्देश लेने के लिए तीन सप्ताह का समय दिया। दिल्ली हाई कोर्ट ने 25 जून 2018 के दिल्ली सरकार के आदेश के मद्देनजर सिफारिशों को स्वीकार करते हुए जुलाई 2019 में इसके कार्यान्वयन का निर्देश दिया था। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र सरकार के पैनल ने 50 बिस्तर से कम वाले अस्पतालों में काम करने वाली नर्सों के लिए न्यूनतम वेतन 20 हजार रुपये करने की सिफारिश की थी। दिल्ली सरकार ने दलील दी थी कि सरकार के लिए निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम को उक्त विशेषज्ञ समिति की सिफारिश के अनुसार वेतनमान लागू करने के लिए मजबूर करना आर्थिक रूप से व्यवहारिक नहीं है। याचिकाकर्ता ने पीठ को सूचित किया कि दिल्ली सरकार ने सिफारिशों को स्वीकार करने का आदेश पारित किया था और अब वह अपने ही आदेशों से नहीं मुकर सकती।

## सरकार की पहल से दिल्ली के हजारों बिजनेसमैन को अगले हफ्ते से होगा फायदा



नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

**आठ सदस्यीय समिति करेगी बाजारों का निरीक्षण**

यहां समिति द्वारा बाजार के सभी संगठनों के साथ स्थलीय निरीक्षण कर वहां की समस्याओं और जरूरतों को जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि इस निरीक्षण में बिजली के लटकते तार, पार्किंग समस्या, टूटी सड़क, सीवर व सार्वजनिक शौचालयों समेत अन्य मामलों की वास्तविक जानकारी ली जाएगी और उसी अनुरूप विकास की योजना तैयार की जाएगी। बाजारों का सुंदरीकरण किया जाएगा।

दिल्ली के बाजारों के विकास के लिए केजरीवाल सरकार लगातार प्रयत्न कर रही है। आम आदमी पार्टी (आप) ट्रेड विंग के संयोजक बृजेश गोयल ने बताया कि अगले सप्ताह पांच उन बाजारों के नाम की घोषणा की जाएगी, जिनका विकास दिल्ली सरकार द्वारा प्राथमिकता के आधार पर किया जाना है। इसके लिए सरकार द्वारा गठित आठ सदस्यीय समिति सात दिनों के अंदर दिल्ली के 25 से अधिक बाजारों का स्थलीय निरीक्षण करेगी। इसमें कमला नगर, लाजपत नगर, सरोजनी नगर, खारी बावली, कश्मीरी गेट, कीर्ति नगर, सदर बाजार, कालका जी बाजार व राजौरी गार्डन प्रमुख हैं।

**● बाजार के कारोबार के विकास के लिए हुआ है बजट का प्रावधान**

दिल्ली सरकार ने इस बार के बजट में बाजारों तथा कारोबार के विकास का बजटीय प्रविधान किया है। इसे लेकर सरकार की गतिविधियां तेज हैं। उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री मनीष सिसोदिया ने जहां दिल्ली के प्रमुख 50 बाजारों के व्यापारी प्रतिनिधियों से मुलाकात की थी। वहीं, व्यापारी संगठनों से इसके लिए आवेदन भी मंगाए गए थे। दिल्ली सरकार की ओर से पहले चरण में पांच बाजारों के विकास में करीब 100 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। बता दें कि दिल्ली सरकार लगातार देश की राजधानी दिल्ली के विकास के लिए तरह तरह की योजना लाती रहती है। लाकडाउन के वक्त भी छोटे बिजनेस करने वालों को सरकारी मदद दी गई। सरकार की हर संभव कोशिश रहती है कि विकास हो और उसका लाभ सभी को मिले।

## नीरज बवाना के पिता की हत्या की साजिश नाकाम

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

उत्तरी बाहरी जिले के स्पेशल स्टाफ टीम ने गोगी गिरोह के दो नाबालिग शार्प शूटर पकड़े हैं। इन दोनों के पकड़े जाने से नीरज बवानिया के पिता की हत्या की साजिश नाकाम हुई है। यह दोनों ही नाबालिग बदमाश दिल्ली के कुख्यात गैंगस्टर नीरज बवाना की पिता की हत्या की साजिश को अंजाम देने की फिराक में थे। तभी स्पेशल स्टाफ उत्तरी बाहरी जिले के हेड कांस्टेबल अनिल अग्रवाल को सूचना मिली कि नीरज बवानिया के पिता की हत्या की साजिश रची जा रही है। इसी जानकारी के आधार पर बाहरी- उत्तरी जिले के पुलिस उपायुक्त बिजेंद्र कुमार यादव के मार्गदर्शन पर एसआइ प्रवीण, जगबीर, हेड कांस्टेबल नरेंद्र अनिल, संदीप और कांस्टेबल जितेंद्र, सहित मुकेश की टीम का गठन किया गया। पुलिस ने जानकारी के आधार पर जाल बिछाया और नीरज बवानिया के पिता की हत्या करने से पहले ही दोनों नाबालिग को पकड़ लिया। इनके पास से दो पिस्टल और 20 जिंदा राउंड कारतूस भी बरामद हुए हैं। नीरज बवानिया और गोगी गिरोह के बीच रंजिश काफी लंबे समय से चलती आ रही है। साइबर ठगों ने फर्जी मैसेज भेजकर उड़ाए लाखों सरिता विहार में एक युवक को फर्जी मैसेज भेजकर साइबर ठगों ने करीब दो लाख रुपये उड़ा लिए। खाते से पैसे कटने का मैसेज आने के बाद पीड़ित ने दक्षिणी पूर्वी जिले के साइबर थाने में मामला दर्ज कराया। पांच मार्च को सरिता विहार निवासी अशोक चक्रधर के एचडीएफसी बैंक में रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर पर एक मैसेज आया, जिसमें लिखा था कि उनका नेट बैंकिंग खाता जल्द ही ब्लाक होने वाला है। इसे रोकने के लिए उन्हें मैसेज में दिए लिंक पर जाकर जल्द से जल्द अपना पैन कार्ड अपडेट करना होगा, अन्यथा उनका खाता हमेशा के लिए ब्लाक हो जाएगा। पीड़ित ने दिए गए लिंक पर क्लिक कर पैन कार्ड अपडेट करने के लिए अपना पैन नंबर लिखकर सबमिट किया तो उन्हें एक ओटीपी आया। इसे दर्ज करने का निर्देश था।

## डीएल बनवाने के लिए अब रात में भी ड्राइविंग टेस्ट दे सकेंगे दिल्ली वाले

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता।




दिन में ड्यूटी करने वाले दिल्ली वाले ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए अब रात में भी ड्राइविंग टेस्ट दे सकेंगे। ऐसे कामकाजी लोगों की समस्याओं का समाधान करते हुए केजरीवाल सरकार ने एक अच्छी पहल करते हुए नाइट शिफ्ट में भी ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रेक शुरूआत की है। अब दिन में ड्यूटी करने वाले लोग ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिए रात में भी ड्राइविंग टेस्ट दे पाएंगे। इसके लिए केजरीवाल सरकार ने अभी 3 ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक की शुरूआत कर दी है दिल्ली के परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने शकूरबस्ती, मयूर विहार और विश्वास नगर में नाइट टेस्ट के लिए स्थापित ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक का आज अनावरण किया। अब यहां ड्राइविंग टेस्ट देने वाले दिल्ली के लोगों को ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जा सकेगा। केजरीवाल सरकार ने अप्रैल माह में मयूर विहार और विश्वास नगर में ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रेक का ट्रायल शुरू किया था, जिसकी सफलता के बाद आज परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने औपचारिक उद्घाटन किया है। उद्घाटन अवसर पर परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि केजरीवाल सरकार हमेशा जनता की मांगों के प्रति उत्तरदायी रही है और हम नागरिकों को सर्वोत्तम सेवा प्रदान करने के लिए सफल परीक्षण कर रहे है। मई से पायलट के तहत ड्राइवर टेस्ट उपलब्ध हैं, जहां लोग नाइट शिफ्ट में ड्राइविंग टेस्ट की सुविधा का लाभ उठाकर अपने समय को बचा सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार एक मई से नाइट शिफ्ट (शाम/रात की पाली) में पहले ही 2500 से अधिक ड्राइविंग लाइसेंस के लिए टेस्ट कर चुकी हैं। हम लगातार नाइट शिफ्ट की निगरानी कर रहे हैं और अधिकतम दक्षता सुनिश्चित करने के लिए प्लाइट, कैमरा रिज़ॉल्यूशन आदि जैसे सुधार कर रहे हैं। रात के टेस्ट की सुविधा दिन के समय जितनी ही अच्छी है। हम शिक्षण संस्थानों में 8 नए एडीटीटी भी जोड़ रहे हैं, जो अभी निविदा की चरण में है। प्रतीक्षा समय कम करने की दिशा में यह एक बड़ा कदम होगा। परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने बताया कि विभाग ने 12 ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रेक स्थापित करने के लिए मारुति सुजुकी फाउंडेशन को जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही सभी 12 ऑटोमेटिक ड्राइविंग टेस्ट ट्रेक सेंटर को ऑपरेटर देखरेख की जिम्मेदारी रोसमेर्टा टेक्नोलॉजी लिमिटेड को दी गई है। उन्होंने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट की बारीकी से जांच हो इसके लिए हाई रेजोल्यूशन के 17 कैमरा लगाए गए हैं, जो रियल टाइम फुटेज और इमेज कैप्चर करता है।

### भ्रष्टाचार दूर कर विकास कार्यो से जीतें दिल्ली की सवा करोड़ आबादी का दिल

नई दिल्ली। 10 वर्ष तक त्रि-विभाजन का दंश झेल फिर से दिल्ली नगर निगम एकीकृत हुआ है। जाहिर है इससे सामूहिकता आएगी व कार्यक्षमता बढ़ेगी। निगम क्षेत्र में रहने वाले लगभग दो करोड़ दिल्लीवासी व सवा लाख से अधिक निगमकर्मियों को निगम के पुराने एकीकृत स्वरूप के लौटने से काफी आशाएं एवं अपेक्षाएं हैं। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने दिल्ली नगर निगम को दिल्ली सरकार से वापस अपने अधीन लिया है जिससे यह संदेश गया है कि अब बतौर संरक्षक केंद्र सरकार, एक से तीन निगम करने से दिवालिया होने के कगार पर पहुंचे नगर निगम की प्रशासनिक क्षमता सुधारने व आर्थिक दबाव को कम करने में सहायक होगी। एकीकृत दिल्ली नगर निगम के विशेष कार्य अधिकारी व निगम आयुक्त को सर्वप्रथम विभिन्न विभागों की समीक्षा कर, उनमें व्याप्त कमियों व तीन हिस्से में बंटने से हुए नुकसान का आकलन करना चाहिए तथा उपलब्ध श्रमशक्ति के प्रभावी उपयोग के लिए एक ब्लूपिंट्र तैयार करना चाहिए।

## अरावली की पहाड़ियों से निकलेगी 4.69 किलोमीटर लंबी सुरंग

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता।



दुनिया की सबसे लंबी राजमार्ग सुरंग अटल टनल (मनाली से लाहौल स्पीति घाटी तक 9.02 किलोमीटर) की तरह ही अरावली की पहाड़ियों में भी 4.69 किलोमीटर लंबी सुरंग का निर्माण किया जाएगा। यह सुरंग कुंडली मानेसर पलवल (केएमपी) एक्सप्रेस-वे के समानांतर 121.7 किलोमीटर लंबे हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर में बनाई जाएगी। कारिडोर का निर्माण हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड करवाएगी।

अरावली की पहाड़ियों में बनने वाली इस सुरंग को लेकर हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड काफी उत्साहित है। इसका कारण यह भी है कि एक तो यह कारिडोर कुंडली से मानेसर तक नए विकसित हो रहे औद्योगिक व रिहायशी क्षेत्रों के लिए लाइफ लाइन बनेगा, दूसरे पहाड़ियों के बीच निकलने वाली 4.69 किलोमीटर लंबी सुरंग दिल्ली-एनसीआर के लिए एक दर्शनीय स्थल बनेगा। हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने सुरंग निर्माण के लिए निविदा प्रक्रिया चालू वित्तीय वर्ष में दिसंबर माह तक पूरी करने लेने का दावा किया है। निविदाएं जुलाई माह के दौरान ही आमंत्रित की जाएंगी। इसके लिए हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने सुरंग निर्माण क्षेत्र की 20 कंपनियों के अधिकारियों के साथ मंत्रणा की। नई दिल्ली में हरियाणा भवन में हुई बैठक में सुरंग निर्माण क्षेत्र की कपनियों के प्रतिनिधियों के साथ हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड ने गहन मंत्रणा के दौरान सुरंग निर्माण की नवीनतम तकनीकों व कार्यविधियों पर सुरंग निर्माण कंपनियों के साथ गहन विचार-विमर्श किया। सुरंग निर्माण कार्य में सामान्यतया आने वाले चुनौतियों के संदर्भ में भी कंपनियों के साथ विचार-विमर्श हुआ हरियाणा रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेश अग्रवाल का कहना है कि निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरांत 30 माह की समयावधि में हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर सुरंग का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में दिल्ली मेट्रो रेल कार्पोरेशन लिमिटेड के पूर्व प्रबंध निदेशक व टनल एसोसिएशन आफ इंडिया के अध्यक्ष तथा हरियाणा आर्बिटल रेल कारिडोर के प्रधान विशेषज्ञ मंगू सिंह भी मौजूद रहे।

**सूचना** वर्ष 1998 में वह कांग्रेस पार्टी की ओर से राज्यसभा सदस्य भी रह चुके हैं

## केंद्रीय मंत्री रहे कपिल सिब्बल ने छोड़ा हाथ का साथ

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता



देश के जाने माने वकील और पूर्व केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने कांग्रेस पार्टी छोड़ने के बाद बुधवार को समाजवादी पार्टी के समर्थन से राज्यसभा सदस्य के लिए नामांकन दाखिल किया है। कांग्रेस के दिग्गज नेता कपिल सिब्बल वर्ष 2004 से 2014 तक यूपीए गठबंधन की सरकार के दौरान केंद्रीय मंत्री रह चुके हैं। अपने बेबाक अंदाज के लिए मशहूर कपिल सिब्बल 1989झ्र90 तक वो भारत के अतिरिक्त महाधिवक्ता के रूप में भी अपनी सेवाएं दे चुके हैं। वर्ष 1998 में वह कांग्रेस पार्टी की ओर से राज्यसभा सदस्य भी रह चुके हैं। कपिल सिब्बल वर्तमान में उत्तर प्रदेश से कांग्रेस कोटे से राज्यसभा सदस्य हैं। दरअसल, इस बार कांग्रेस के पास यूपी में इतने विधायक नहीं हैं कि कपिल सिब्बल को फिर से राज्यसभा भेजा जा सके। माना जा रहा है कि कांग्रेस ओर से रुख साफ नहीं होने पर उन्होंने समाजवादी पार्टी से अप्रत्यक्ष तौर पर मदद मांगी और अखिलेश यादव ने इससे इनकार नहीं किया। कपिल सिब्बल चौदहवीं लोकसभा के गठन के बाद केंद्रीय मंत्रिमंडल में विज्ञान एवं तकनीकी मामलों के साथ-साथ भू वैज्ञानिक मामलों के कैबिनेट मंत्री भी रहे। कपिल सिब्बल 2016 में आई हिंदी फिल्म ह्यशोरगुलह्ण के लिए गीत भी लिख चुके हैं। पूर्व कांग्रेस नेता कपिल सिब्बल को अक्सर कांग्रेस के एक बौद्धिक चेहरे के रूप में दिखाया जाता रहा है, वह विभिन्न समाचार पत्रों के नियमित कालम में पार्टी का पक्ष रखते रहे हैं। जीवन परिचय 8 अगस्त 1948 को पंजाब के जालंधर में हुआ था। इनके पिता का नाम हीरालाल सिब्बल और माता का नाम कैलाश रानी सिब्बल है। सिब्बल के पिता भी पेशे से मशहूर वकील थे। शिक्षा सिब्बल अपनी प्रारंभिक शिक्षा के बाद आगे की पढ़ाई के लिए 1960 के दशक के मध्य में दिल्ली चले आए थे। उन्होंने 1970 के दशक की शुरूआत में दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास और कानून की डिग्री पूरी ली। इसके बाद साल 1977 में उन्होंने हार्वर्ड यूनिवर्सिटी, कैम्ब्रिज और मैसाचुसेट्स से कानून की डिग्री हासिल की। करियर साल 1993 में सिब्बल ने लोकसभा में महाभियोग की कार्यवाही के खिलाफ पंजाब और हरियाणा के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश का सफलतापूर्वक बचाव किया। वर्ष 1995 और 2002 के बीच उन्होंने भारत के सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष के रूप में तीन दफे काम किया। -सिब्बल को 1998 में बिहार राज्य से कांग्रेस पार्टी का प्रतिनिधित्व करते हुए राज्यसभा के लिए नामित किया गया। साल 2000-02 में सिब्बल ने कांग्रेस की संसदीय सदस्यता के सचिव के रूप में कार्य किया।

## विदेशी मुद्रा की तस्करी के दो आरोपित आइजीआइ से गिरफ्तार

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर तैनात केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों ने विदेशी मुद्रा की तस्करी करने वाले दो यात्रियों को पकड़ा है। बरामद मुद्रा की कीमत 15 लाख रुपये आंकी गई है। संदेह होने पर रोका सीआइएसएफ के जनसंपर्क अधिकारी व सहायक महानिरीक्षक अखिलेश कुमार शुक्ला ने बताया कि सोमवार दिन में करीब 12 बजे एक सीआइएसएफ जवानों ने एक यात्री को संदिग्ध हालत में घूमते हुए देखा। संदेह होने पर जवानों ने यात्री जसविंदर मनोहरलाल शर्मा को रोक लिया। एक्सरे मशीन में दिखी संदिग्ध वस्तु यात्री दुबई जाने के लिए एयरपोर्ट पर आया था। जवानों ने यात्री के बैग को एक्सरे मशीन से गुजारा। इस दौरान लैपटाप बैग में संदिग्ध वस्तु दिखी। उसके बाद जवानों ने बैग को खोलकर तलाशी ली। उसमें 31 हजार सऊदी रियाल और पांच यूएस डालर मिले। सीसीटीवी फुटेज की मदद से एक और शख्स हुआ गिरफ्तार जवानों ने सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच की तो पता चला कि जसच्वदर के साथ एक और यात्री मौजूद था।

**उत्तर रेलवे**

**E-SINGLE TENDER NOTICE**

वरि. मं. वि. इंजी / ई.एम.यू. / गाजियाबाद भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु खुली ई–निविदायें आमंत्रित करते हैं:

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा संख्या | 232–वि.–ई.एम.यू.–डब्ल्यू.सी.–03–21–22 |
| 2 | कार्य का विवरण एवं स्थान | ट्रांसमिशन टाइप CRT-5633 का पूर्ण ओवरहालिंग। |
| 3 | निविदा दस्तावेज की कीमत | Rs. 00.00 |
| 4 | कार्य की अनुमानित लागत | Rs. 1,75,78,329.30 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 2,37,900.00 |
| 6 | कार्य पूरा करने की अवधि | 24 माह |
| 7 | ऑफर की अवधि | 60 दिन |
| 8 | निविदा विज्ञापन की तिथि (on IREPS website) | 24.05.2022 (18:20 Hrs.) |
| 9 | निविदा जमा करने की तिथि (on IREPS website) | 02.06.2022 (00:00 Hrs.) to 16.06.2022 (15:00 Hrs.) |
| 10 | निविदा समापन की तिथि एवं समय | 16.06.2022 (15:00 Hrs.) |
| 11 | निविदा खुलने की तिथि एवं समय (तत्काल जब निविदा जमा करने का काल समाप्त हो जाए) | 16.06.2022 (15:00 Hrs.) |

**Note 1 :** All participant Tenderer/Tenderers will submit their requisite documents along with their tender offer."No post tender correspondence for submission of additional document shall be entertained after opening of the Technical and Commercial offer. Even suo-moto post tender letters of the tenders shall be treated as null & void."
**Note 2 :** Duplicate documents should not be enclosed/uploaded.
निविदा सूचना website **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।
232–वि.–ई.एम.यू.–डब्ल्यू.सी.–03–21–22 दिनांक : 25.05.2022. 1257/22
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

राष्ट्रीय दैनिक
प्रातः किरण

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran
www.pratahkiran.com
नई दिल्ली, गुरूवार, 26 मई, 2022

## संक्षिप्त खबरें

### नाबालिग बेटी को पीट रहे पिता पर बड़े बेटे ने किया धारदार हथियार से हमला

नई दिल्ली। फर्श बाजार इलाके में एक व्यक्ति को अपने बच्चों पर सख्ती दिखाना भारी पड़ गया। दरअसल जब व्यक्ति अपने काम पर से लौटा तो उसकी 15 वर्षीय बेटी व छोटा बेटा घर पर नहीं था। काफी देर बाद दोनों बच्चे घर लौटे, नाराज होकर व्यक्ति ने बच्चों को डांट दिया। इसपर बेटी बहस करने लगी, पिता ने पास पड़ी डंडी उठाकर उसे मारने लगा। इतने में उसका बड़ा बेटा आ गया, बहन को पीटते देख उसने धारदार हथियार से पिता पर हमला कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने इंद्रपाल सिंह को डा. हेडगेवार अस्पताल में भर्ती करवाया। उसकी शिकायत पर पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इंद्रपाल सिंह परिवार के साथ विश्वास नगर में रहते हैं। वह सूरजमल विहार के एक होटल में वेटर का काम करते हैं। उनकी पत्नी मायके गई हुई हैं। मंगलवार शाम वह काम पर से घर लौटे तो देखा घर में बच्चे नहीं थे, काफी देर के बाद उनकी बेटी व छोटा बेटा घर आए। जब उन्होंने उनसे पूछा कि वह कहां गए थे, दोनों ने बताया कि वह गली में खेल रहे थे। इस पर व्यक्ति ने अपनी बेटी को डांट दिया, बेटी ने भी पलटकर जवाब दे दिए। गुस्से में पिता ने कमरे में पड़ी डंडी से उसकी पिटाई की। उसी दौरान व्यक्ति का 22 साल वर्षीय बेटा भी काम पर से घर आ गया, उसने बहन को पीटते हुए देखा तो धारदार हथियार से पिता पर हमला कर दिया। वहीं, अलीपुर इलाके में मंगलवार दोपहर कार में एक युवक का शव संदिग्ध हालात में बरामद हुआ। युवक की पहचान बुराड़ी इलाके के मनोज के रूप में हुई है।

### मोती बाग से मायापुरी के बीच बन रहा दिल्ली का सबसे बड़ा सैंपल स्ट्रेच

नई दिल्ली। राजधानी के लोगों को जल्द ही दिल्ली का सबसे बड़ा सैंपल स्ट्रेच मिलने वाला है। रिंग रोड पर मोती बाग से मायापुरी के बीच बनाए जा रहे इस सैंपल माडल रोड पर साइकिल ट्रैक, पार्क, फव्वारा, जनसुविधा, ओपन रेस्त्रां, ओपन थिएटर, ईवी चार्जिंग स्टेशन, ईवी बैट्री स्वाइपिंग स्टेशन, इनफारमेंशन कियोस्क, सेल्फी प्वाइंट, वाटर एटीएम, मिनी प्लाजा, ले-बाइ, छोटे-छोटे पार्क बनाए जा रहे हैं। ग्रेनाइट पत्थर से दीवारों को संवारा जा रहा है। डिजाइनर एलईडी लैंप व बेंच के साथ ही रंग-बिरंगी टाइलें भी लगाई जा रही हैं। पीडब्ल्यूडी के स्ट्रीट स्केपिंग डिपार्टमेंट की ओर से बनाए जा रहे इस 8.6 किलोमीटर के सैंपल माडल रोड पर बैठने के लिए पत्थर के बेंच, डिजाइनर लाइटें, फव्वारा आदि लगाए जा रहे हैं। पीडब्ल्यूडी के एक अधिकारी ने बताया कि रिंग रोड पर दोनों ओर अलग-अलग हिस्सों में काम चल रहा है। जिन-जिन हिस्सों का काम पूरा होता जाएगा, उसे लोगों के इस्तेमाल कि लिए खोलते जाएंगे। इस पूरे प्रोजेक्ट पर करीब 80 करोड़ रुपये की लागत आएगी। यह माडल रोड उस प्रोजेक्ट का हिस्सा है जिसके तहत राजधानी में नौ सैंपल माडल स्ट्रेच बनाए जा रहे हैं। लाल बहादुर शास्त्री मार्ग पर चिराग दिल्ली व रिंग रोड पर नेहरू नगर पर यह सैंपल रोड पहले ही बनाया जा चुका है।

### कृष्णा नगर में एक महीने से बंद है पानी की सप्लाई

नई दिल्ली। कृष्णा नगर के न्यू लायलपुर कालोनी में एक महीने से पीने के पानी की आपूर्ति बंद पड़ी है। कालोनी में रहने वाले लोगों को जल बोर्ड द्वारा पर्याप्त टैंकर भी नहीं मिल पा रहे हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि जलबोर्ड की लापरवाही के कारण लोगों को मजबूरन बाजार से पानी खरीदकर पीना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी मनीष चौहान ने बताया कि पिछले कई दिनों से दिल्ली जल बोर्ड द्वारा घरों में दूषित पानी की आपूर्ति हो रही थी। गंदे पानी की समस्या को लेकर अधिकारियों ने पाइपलाइन की जांच की। अधिकारियों ने समस्या का समाधान कराने के बजाय पाइपलाइन को ही बंद कर दिया है। क्षेत्र में एक महीने से घरों में जल बोर्ड द्वारा पानी की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। क्षेत्र में लोगों को पानी के जितने टैंकरों की आवश्यकता है उतने पर्याप्त टैंकर नहीं मिल पा रहा है। लोगों की प्रतिक्रियाकालोनी में रहने वाले लोग दिल्ली जल बोर्ड के टैंकर पर निर्भर है। जितनी क्षेत्र में रहने वालों की संख्या है उसके हिसाब से जल बोर्ड द्वारा पर्याप्त टैंकर नहीं मिल रहे हैं। गीरेंद्र नाथ, स्थानीय निवासी कालोनी में एक महीने से पीने के पानी की आपूर्ति एक दम बंद पड़ी हुई है। पीने का पानी लोगों को बाजार से खरीदकर पीना पड़ रहा है। जल बोर्ड को पानी के लिए व्यवस्था करनी चाहिए।

# केजरीवाल सरकार दिल्ली को बनाएगी सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली सचिवालय में आज पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों पर काम करने वाले नए स्टार्ट-अप और सेल्फ हेल्प ग्रुप्स तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की गई इस बैठक के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों को आम जनता में अधिक से अधिक बढ़ावा देने की कार्य परियोजनाओं पर चर्चा की गई पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों पर काम करने वाले नए स्टार्ट-अप और सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के द्वारा लगाए गए स्टाल्स का भी जायजा लिया इस अवसर पर पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों को बढ़ावा देने के लिए सरकार नई ग्रीन स्टार्टअप पॉलिसी ला रही है। बैठक के बाद दिल्ली सचिवालय में आयोजित महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि माननीय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल के नेतृत्व में पर्यावरण विभाग प्रदूषण के विरुद्ध हर उचित कदम उठा रही हैं प्रदूषण को बढ़ावा देने



में सिंगल यूज प्लास्टिक भी एक एहम भूमिका निभाता हैं सिंगल यूज प्लास्टिक वस्तुओं के उपयोग को रोकने के लिए जागरुकता अभियान जरूरी है । इसी दिशा में आगे बढ़ते हुए दिल्ली सरकार ने दिल्ली सचिवालय के सभी कार्यालयों में 1 जून से सिंगल यूज प्लास्टिक से उत्पादित सभी वस्तुओं को बैन करने की शुरूआत की हैं लेकिन सिंगल यूज प्लास्टिक को बैन करने से सरकार के सामने दो चुनौतियाँ भी हैं जिसमें सबसे पहले सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन, सप्लाई और बिक्री से जुड़े लोगों की आय पर प्रभाव और दूसरा सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों को आम जनता तक पहुँचाना मुख्य हैं पर्यावरण मंत्री ने बताया कि इन दो बिंदुओं पर विचार- विमर्श करने के लिए आज दिल्ली सचिवालय में सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों पर काम करने वाले नए स्टार्ट-अप और सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के प्रतिनिधियों और

- 1जून से दिल्ली सचिवालय में सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पादों पर लगेगा बैन - गोपाल राय
- एमसीडी को सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले दुकानों की लिस्ट बनाने के दिए निर्देश - गोपाल राय

पर्यावरण विभाग, एनडीएमसी, उद्योग विभाग, डीपीसीसी, एमसीडी, दिल्ली कैंटोनमेंट बोर्ड आदि के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की गई इस बैठक में करीबन 17 स्टार्ट अप्स और सेल्फ हेल्प ग्रुप्स ने भाग लिया बैठक के दौरान सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों पर काम करने वाले लोगों को कैसे बढ़ावा दिया जाए, इस पर सभी के साथ चर्चा की गई इसी दिशा में आगे बढ़ने के लिए सरकार ने जून के महीने में साप्ताहिक मेले का आयोजन करने का निर्णय लिया हैं, जहाँ यह सभी स्टार्ट अप्स और सेल्फ हेल्प ग्रुप्स अपने द्वारा उत्पादित सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों की प्रदर्शनी लगाएंगे` साथ ही जो भी लोग सिंगल यूज प्लास्टिक के उत्पादन से जुड़े हुए हैं, उनके लिए भी सरकार नई ग्रीन स्टार्टअप पॉलिसी ला रही है ताकि वह सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों के व्यवसाय में जुड़ सकें और सरकार इसके लिए उनको सहायता भी प्रदान करेगी सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों की लगाई गई प्रदर्शनी पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्पों पर कार्य कर रही 17 स्टार्ट अप्स और सेल्फ हेल्प ग्रुप्स के लोगों ने आज दिल्ली सचिवालय में प्रदर्शनी लगाई जिसमें दिल्ली के विभिन्न जिलों से आए प्रतिनिधियों ने भाग लिया` इस प्रदर्शनी में सिंगल यूज प्लास्टिक के अन्य विकल्प जैसे मिट्टी के बर्तन, कपड़े, पेपर और जूट से बने बैग्स, बायो डिग्रेडेबल चीजो से बनी क्राकरी को प्रदर्शित किया गया` साथ ही रीसाइकल्ड प्लास्टिक से बनी चीजे जैसे ट्रेज, फूलदान, स्टैंड, फोटो फ्रेम्स आदि,कंपोस्टेबल उत्पाद, कंपोस्टेबल खाद्य पैकेजिंग सामग्री, घरेलू सजावट का सामान भी इस प्रदर्शनी में शामिल रहें सिंगल यूज प्लास्टिक बेचने वाले दुकानदारों की लिस्ट जारी करने के दिए गए निर्देश पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्ण रूप से दिल्ली में बैन करने के लिए एमसीडी को भी सिंगल यूज प्लास्टिक की बिक्री से जुड़े दुकानों की एक लिस्ट बनाने के निर्देश जारी किए गए हैं।

## अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप होगा दिल्ली में 20 झीलों का विकास

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

झीलों के विकास के संबंध में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में दिल्ली सचिवालय में संबंधित एजेंसियों की बैठक हुई। बैठक में दिल्ली पार्क एंड गार्डन सोसायटी (डीपीजीएस), वेटलैंड अथारिटी आफ दिल्ली, पर्यावरण विभाग के अधिकारियों, लैंड आनिंग एजेंसीज, दिल्ली नगर निगम (एमसीडी), केंद्रीय लोक निर्माण विभाग (सीपीडब्ल्यूडी), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए), दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं ढांचागत विकास निगम (डीएसआइआइडीसी) एवं राजस्व विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद गोपाल राय ने बताया कि पहले चरण में दिल्ली की 20 झीलों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप पुनर्जीवित, विकसित और संरक्षित करने का निर्णय लिया गया। पर्यावरण मंत्री ने बताया कि वेटलैंड अथारिटी और पर्यावरण विभाग ने कुल 1045 में से करीब 1018 झीलों की मैपिंग का कार्य पूरा कर लिया है। इन 1045 झीलों को यूआईडी नंबर भी आवंटित कर दिए गए हैं। आगे इसी परियोजना के आधार पर बाकी झीलों का भी विकास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पहले चरण की 20 झीलों में संजय झील, हौजखास झील, भलस्वा झील, स्मृति वन



(कुंडली), स्मृति वन (वसंत कुंज), टिकरी खुर्द झील, नजफगढ़ झील, वेलकम झील, दयार्पुर कलां झील, पुठ कलां (सरदार सरोवर झील), मुंगेशपुर, धीरपुर, संजय वन का एमपी ग्रीन एरिया, अवंतिका सेक्टर- एक रोहिणी के जिला पार्क, बरवाला, वेस्ट विनोद नगर (मंडावली, फजलपुर), मंडावली गांव, राजौरी गार्डन, बरवाला और झटिकरा की झीलें शामिल हैं। गोपाल राय ने बताया कि झीलों को पुनर्जीवित के लिए सबसे महत्वपूर्ण है कि उन झीलों से संबंधित शिकायतों पर कार्य किया जाए। अभी तक की आई रिपोर्ट के अनुसार अतिक्रमण, सीवेज डिस्चार्ज और ठोस कचरे की डंपिंग मुख्य समस्या के तौर पर देखी गई हैं। इन समस्याओं के निवारण और झीलों के विकास के लिए जिलास्तरीय शिकायत निवारण कमेटी गठित की गई है, जो समय-समय पर इन झीलों की निगरानी और निरीक्षण करेंगी। साथ ही झीलों से संबंधित शिकायतें निपटाएंगी।

## कच्चे तेल पर शुल्क हटाने और चीनी निर्यात पर प्रतिबंध से महंगाई पर लगेगा अंकुश

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) और इससे संबंधित संगठन अखिल भारतीय खाद्य तेल व्यापार महासंघ (एबीकेवीएम) ने कच्चे सोयाबीन और कच्चे सूरजमुखी के आयात पर सीमा शुल्क हटाने के लिए केंद्र सरकार की सराहना की है। कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीन खंडेलवाल तथा खाद्य तेल महासंघ के अध्यक्ष शंकर ठक्कर ने कहा कि सरकार का यह निर्णय महंगाई पर अंकुश लगाने और देश के लोगों को राहत प्रदान करने का एक सार्थक व ठोस प्रयास है।

खंडेलवाल ने कहा कि भारत में मुद्रास्फीति अब तक के उच्चतम स्तर पर है। कच्चे तेल पर आयात शुल्क हटाने और चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध से निश्चित रूप से मुद्रास्फीति में कमी आएगी और आम आदमी लाभान्वित होगा। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल पर आयात शुल्क हटाने के तहत, सरकार ने निश्चित किया है



कि आयात करने के इच्छुक व्यक्तियों को टीआरक्यू लाइसेंस लेना होगा और उन्हें उनकी वार्षिक खपत के अनुपात में आयात करने की अनुमति दी जाएगी जो कि कई मायनों में जायज प्रतीत होता है। लेकिन, यह और भी आवश्यक है कि सरकार यह सुनिश्चित करे कि सरकार की मंशा के अनुसार इस कदम का लाभ उपभोक्ताओं को मिले और आयातक इस लाभ को अपने पास न रखें।

ठक्कर ने सुझाव दिया कि सरकार को एक निगरानी तंत्र तैयार करना चाहिए जिसके तहत आयातकों को शुल्क खत्म करने से पहले और बाद में तैयार उत्पाद की कीमत के बारे में सरकार को सूचित करने के लिए निर्देशित किया जाना चाहिए ताकि यह स्पष्ट हो कि उपभोक्ताओं तक लाभ पहुंचा है अथवा नहीं ।

दोनों व्यापारी नेताओंने कहा कि सरकार का एक और ऐतिहासिक निर्णय चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगाना है जो एक और व्यावहारिक कदम है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि अर्जेंटीना चीनी का सबसे बड़ा निर्यातक देश है। इस साल अर्जेंटीना को लैनिनो मौसम का सामना करना पड़ा है और इस तरह अर्जेंटीना में चीनी उत्पादन में गिरावट आएगी और यह आशंका है कि वैश्विक स्तर पर चीनी की कीमतें बढ़ सकती हैं। ऐसी स्थिति के मद्देनजर, सरकार ने भारत में चीनी की कीमतों की मुद्रास्फीति सुनिश्चित करने के लिए चीनी के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया है, जो भारत के लोगों के व्यापक हित में है।

### मां-बेटे को बंधक बनाकर 40 लाख रुपये लूटे

नई दिल्ली। रानी बाग इलाके में चार बदमाशों ने मां और बेटे को बंधक बनाकर 40 लाख रुपये लूट लिए। वारदात के बाद पुलिस ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार सरस्वती विहार में अजय कुमार का बिजली के उपकरणों का शोरूम है। वह सोमवार रात को अपनी मां रेनू देवी के साथ शोरूम का काम देख रहे थे। तब तक सभी नौकर अपने घर जा चुके थे। मां बेटे शोरूम का काम खत्म कर घर चलने की तैयारी कर रहे थे तभी नकाबपोश चार युवक जबरन घुस आए। सभी के हाथ में पिस्टल थी। बदमाश सीधे उस जगह पर गये जहां रुपये रखे हुए थे। जब वे रुपये निकाल रहे थे तो मां बेटे ने विरोध किया। बदमाशों ने पिस्टल दिखाकर बुजुर्ग महिला को धक्का भी दे दिया। इसके बाद दो पहिया वाहन से फरार हो गये। इनके जाने के बाद अजय ने लूट की सूचना पुलिस को दी। अभी तक की जांच में सामने आया है कि बदमाश काफी देर तक इलाके में घूमते रहे। फिर फ्लाईओवर पर चढ़कर पीरागढ़ी की तरफ फरार हो गये। पुलिस अधिकारी ने बताया कि यह रुपये कमेटी के थे।

## अर्धनग्न अवस्था में मिला था युवती का शव, पुलिस करती रही लीपापोती

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

हरियाणवी लोक गायिका हत्या प्रकरण में शुरू से लेकर अबतक पुलिस की लापरवाही साफ नजर आ रही है। युवती की गुमशुदगी की शिकायत देने के एक दिन बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया और फिर जांच के नाम पर लीपापोती करती रही। लिहाजा, आरोपित अपने मंसूबे में कामयाब हुए और हरियाणा के महम क्षेत्र में युवती की हत्या कर शव को दफना दिया। अब, युवती के स्वजन बार-बार दुष्कर्म का आरोप लगा रहे हैं, वहीं पुलिस इस मामले में अभी भी लीपापोती करती नजर आ रही है। स्वजन का कहना है कि युवती का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला था, जिसके सुबूत उनके पास हैं। ऐसे में पुलिस को मामले में दुष्कर्म की धारा भी जोड़नी चाहिए। युवती के स्वजन ने खुद किया आरोपित का पीछा पीड़ित पक्ष का कहना है पुलिस के सुस्त रवैये के कारण उन्होंने अपने स्तर पर युवती की तलाश शुरू की तो उनके हाथ हरियाणा के भिवानी रोड स्थित एक



ढाबे की फुटेज लगी, जिसमें अनिल व युवती एक कार से निकलते नजर आ रहे हैं। इस फुटेज में युवती नशे की हालत में नजर आ रही है। युवती लड़खड़ा रही है। इनका कहना है कि अनिल का इरादा शुरू से ही सही नहीं लग रहा था। आठ मई को भी अनिल ने बुलाया था युवती को हरियाणवी लोक गायिका के भाई का कहना है कि अनिल ने आठ मई को उनकी बहन को काल कर जरूरी काम से बहादुरगढ़ बुलाया था। तब युवती के साथ उनका एक साथी भी गया था। अनिल को इस बात का अंदाजा नहीं था, युवती के साथ उनका साथी भी होगा। जब उसकी नजर युवती के साथी पर पड़ी तो उसने कहा कि अब काम नहीं है, बाद में आना। इसके बाद 11 मई को अनिल ने फिर फोन कर युवती को बुलाया था। उसने कहा था कि एक एल्बम में युवती को काम करना है। इसके बाद वह युवती को अपने साथ लेकर घूमता रहा। पीड़ित पक्ष ने फुटेज के आधार पर आशंका जाहिर की है कि युवती को पहले नशे की गोली दी गई और फिर गलत हरकत की गई। नशे की बात पर पीड़ित पक्ष द्वारा जोर दिए जाने की एक बड़ी वजह यह भी है कि 11 मई की रात युवती से जब उनकी एक दोस्त ने बात की तो उन्होंने कहा कि अभी उन्हें चक्कर आ रहे हैं। पुलिस पर लगा रहे गंभीर आरोप लोक गायिका के भाई का कहना है कि मामले की जानकारी दिए जाने के एक दिन बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। इतना ही नहीं शिकायत दर्ज किए जाने के बाद भी पुलिस ने गंभीरता नहीं दिखाई। स्वजन ने जिन लोगों पर संदेह जताया, उनसे पुलिस ने पूछताछ तक नहीं की।

## बीजेपी एमसीडी ने अब बिना नोटिस नारायणा में चलाया बुलडोजेर

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

आम आदमी पार्टी के एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने कहा बीजेपी एमसीडी ने अब बिना नोटिस नारायणा में बुलडोजर चलाया। आवाज उठाने पर लोगों से हाथापाई की व दुकानों का सारा सामान भी ले गए। भाजपा पिछले 20 सालों से एमसीडी में है। यदि दुकानें अवैध थीं तो भाजपा ने पहले कुछ क्यों नहीं किया? 35-40 सालों से चल रहीं दुकानें अचानक अवैध कैसे हो गईं? दुर्गेश पाठक ने कहा कि आम आदमी पार्टी दिल्लीवालों के साथ खड़ी है, इन सभी दुकानों को फिर से बनाने में ह्यआपह्न पूरी मदद करेगी। भारतीय जनता पार्टी के लिए चेतावनी है कि अपनी बदतमीजी बंद कर दें अन्यथा इसके परिणाम भुगतने के लिए तैयार रहें। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं एमसीडी प्रभारी दुर्गेश पाठक ने बुधवार को पार्टी मुख्यालय में एक महत्वपूर्ण प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कहर दिल्ली वालों पर अभी भी जारी है। भाजपा सिर्फ दिल्ली के गरीब, परेशान और मजबूर लोगों को ही परेशान कर रही है। इसी कड़ी में आज सुबह राजेंद्र नगर के नारायणा इंडस्ट्रियल फेज-1 की कई दुकानों पर बुलडोजर चलाया। यह सभी दुकाने करीब 35-40 सालों से चल रही थीं। भाजपा अहंकार में इतना चूर है कि उसने इन सभी लोगों को सूचना देना भी जरूरी नहीं समझा।

## कुतुबमीनार परिसर में क्यों संभव नहीं है धार्मिक गतिविधि

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

विश्व धरोहरों में शुमार दिल्ली का कुतुबमीनार इन दिनों खूब चर्चा में है, क्योंकि यहां पर पूजा करने को लेकर हिंदू पक्ष ने कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। कुतुबमीनार परिसर में पूजा का अधिकार देने की मांग करने वाली याचिका पर साकेत कोर्ट में सुनवाई मंगलवार को पूरी हो गई। इस पर अब 9 जून का कोर्ट का निर्णय आएगा। वहीं, भारतीय पुरातत्व विभाग के वकील डा. सुभाष गुप्ता ने कहा कि अयोध्या के फैसले में भी कहा गया है कि अगर स्मारक हैं तो उनकी प्रकृति नहीं बदली जा सकती है। संरक्षित स्मारक में किसी तरह का



पूजा-पाठ नहीं किया जा सकता है। किसी स्मारक का चरित्र, चाहे उसे पूजा के लिए अनुमति दी जाए या नहीं, उसी दिन से तय हो जाता है जिस दिन से उसे स्मारक का दर्जा दिया जाता है। इसे बाद में बदला नहीं जा सकता है। डा. सुभाष गुप्ता ने यह भी कहा कि कुतुबमीनार जब एएसआइ के संरक्षण में आया था, तब वहां कोई पूजा नहीं हो रही थी। किस स्मारक में पूजा का अधिकार है और कहां नहीं, यह अधिग्रहण के समय की स्थिति से तय होता है। कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद का निर्माण 27 मंदिरों के अवशेष से किया गया था, लेकिन ये कहीं नहीं लिखा है कि मस्जिद का निर्माण मंदिरों को तोड़कर किया गया। यह भी नहीं बताया गया है कि मस्जिद के लिए सामग्री वहीं से जुटाई गई थी या कहीं और से लाई गई थी। यहां पर बता दें कि साकेत कोर्ट के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (एएसजे) निखिल चोपड़ा की अदालत ने दोनों पक्षों को एक सप्ताह के अंदर अपनी दलील दाखिल करने का समय दिया है। नौ जून को फैसला सुनाया जाएगा। मंगलवार को हिंदू पक्ष और भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने अपनी दलीलें रखीं। हिंदू पक्ष ने कहा कि 27 मंदिरों को ध्वस्त करके यहां कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद बनाई गई थी, इसलिए यहां हिंदू समुदाय को पूजा करने का अधिकार दिया जाना चाहिए। इस पर कोर्ट ने कहा कि अगर यहां 800 सालों से देवता बिना पूजा के भी वास कर रहे हैं तो उनको ऐसे ही रहने दिया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले सिविल कोर्ट ने हिंदू पक्ष की याचिका यह कहते हुए खारिज कर दी थी कि अतीत की गलतियों को वर्तमान में शांतिभंग का आधार नहीं बना सकते।

### टूरिस्ट बसों के यात्रियों का लैपटाप बैग चुराने वाले गिरफ्तार

नई दिल्ली। यदि आप लग्जरी टूरिस्ट बस में सफर करते हैं, तो इस बात का ध्यान रखें कि डाटा से भरा लैपटाप जो आपके बैग में है, वह सुरक्षित है कि नहीं। कहीं ऐसा ना हो कि आप सफर में झपकी ले रहे हों और इसी बीच आपका लैपटाप वाला बैग गायब हो जाए। उत्तरी जिला पुलिस ने एक ऐसे ही चोर को गिरफ्तार किया है जो टूरिस्ट बस में सफर कर रहे यात्रियों के लैपटाप वाले बैग को ही निशाना बनाता था। आरोपित कमल कुमार हरियाणा के बल्लभगढ़, फरीदाबाद का रहने वाला है। पुलिस ने इसकी निशानदेही पर चोरी का लैपटाप खरीदने वाले किराड़ी निवासी सतीश कुमार को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी के 10 लैपटाप बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार 18 मई को इसी तरह की एक वारदात की शिकायत ई एफआईआर के जरिए पुलिस को मिली थी। उस मामले की छानबीन सब-इंस्पेक्टर नीरज चहल कर रहे थे। पुलिस टीम ने फिर सीसीटीवी कैमरों की जांच की जिसमें एक शख्स लैपटाप बैग चोरी करता हुआ दिख गया। उसके बाद एसएचओ सिविल लाइन अजय कुमार की देखरेख में सब-इंस्पेक्टर नीरज, सिपाही संजीव, रामदयाल और प्रदीप की टीम ने उस फुटेज के आधार आरोपित की पहचान की। टेक्निकल सर्विलांस और लोकल इंटेलिजेंस की भी मदद ली।

**सूचना** पूर्व में दक्षिणी निगम एक माह के वेतन की देरी के साथ दिल्ली नगर निगम का हिस्सा बना

# केंद्र और राज्य सरकारों की मदद से सुधरेगी दिल्ली नगर निगम की आर्थिक स्थिति

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली के तीनों नगर निगम खराब आर्थिक संकट से जूझे तो केंद्र सरकार ने इसका हवाला देकर दिल्ली नगर निगम का गठन कर दिया। निगमों में सत्तारूढ़ भाजपा यह आरोप लगाती रही कि दिल्ली सरकार ने निगमों को फंड नहीं दिया। जिसकी वजह से आर्थिक स्थिति खराब हुई। निगमों के राजस्व बढ़ाने के लिए क्या कदम उठाए उसकी तह में नहीं जाऊंगा। यह तो अब पुरानी बात हो गई है। अब हमारे सामने दिल्ली नगर निगम है। तीनों निगम का अस्तित्व अब नहीं है। ऐसे में दिल्ली नगर निगम होने से निगम आय और व्यय की खाई कैसे पूरी होगी। इसका कोई विशेष प्रविधान नहीं है। पूर्व में दक्षिणी निगम एक माह के वेतन की देरी के साथ दिल्ली नगर निगम का हिस्सा बना, जबकि पूर्वी निगम पांच और उत्तरी निगम छह माह के वेतन का बकाया लेकर एमसीडी



का हिस्सा बना है। यानी जो तीनों निगमों की आर्थिक स्थिति थी आज वही आर्थिक स्थिति दिल्ली नगर निगम की है। इसमें सुधार तब होने की संभावना थी कि केंद्र सरकार इसके लिए विशेष पैकेज की घोषणा करती। या फिर दिल्ली सरकार निगम को सहयोग करती। केंद्र सरकार ने विशेष पैकेज की घोषणा अब तक नहीं की और दिल्ली सरकार से जो पैसा निगमों को मिलना चाहिए था वह भी नहीं मिल रहा है। ऐसे में यह आर्थिक चुनौती बड़ी समस्या है। दोनों सरकार को करना होगा सहयोग इसके स्थायी समाधान के लिए दिल्ली और केंद्र सरकार दोनों को सहयोग करना चाहिए। दिल्ली नगर निगम में 10 अस्पताल हैं जिनका सालाना खर्चा 1500 करोड़ है। यानी इन कर्मचारियों के वेतन और अस्पतालों पर यह खर्चा हो रहा है। अगर, राज्य और केंद्र में से कोई एक सरकार इन अस्पतालों को अपने अधीन कर लें तो निगम का प्रत्येक वर्ष 1500 करोड़ बचेगा। जिसका लाभ यह होगा कि जो निगम की राजस्व और व्यय के बीच खाई है वह कुछ हद तक भर जाएगी। फिलहाल एमसीडी का 7200 करोड़ रुपये का राजस्व है और 9000 करोड़ का सालाना का खर्चा है। ऐसे में 2800 करोड़ की इस खाई में 1500 करोड़ कम कर दिए जाएं तो निगम की परेशानी काफी हद तक कम हो जाएगी। 1300 करोड़ रुपये का राजस्व तो निगम अपने स्नोतों से बढ़ा सकते हैं। जिससे सीधे तौर पर निगम में वेतन की समस्या खत्म हो जाएगी। अब बात की जाए विकास कार्यों की तो यह दिल्ली सरकार की भी जिम्मेदारी है कि वह निगम को सहयोग करे और निगम की भी जिम्मेदारी है कि वह दिल्ली सरकार से सहयोग लेकर विकास को गति दे। दिल्ली सरकार को राजनीति से ऊपर उठकर निगमों की मदद करनी चाहिए। अब तो प्रशासनिक व्यवस्था है। ऐसे में दिल्ली सरकार अगर निगम को सहयोग करेगी तो उसकी ही प्रशंसा होगी।

## आम आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार का दिल्ली मॉडल पंजाब में सफल

नई दिल्ली, प्रात: किरण संवाददाता

दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार के स्वास्थ मंत्री द्वारा कमीशन खोरी में रिश्वत लेते हुए पकड़े जाना अरविन्द केजरीवाल के दिल्ली मॉडल की भ्रष्ट नीति का जीता जागता एक और उदाहरण देश के सामने आया है, जबकि पंजाब में आम आम आदमी पार्टी का एक विधायक पहले अपराधिक मामले में तीन वर्ष की सजा हुई। उन्होंने कहा कि अरविन्द केजरीवाल के भ्रष्टाचार का खेल दिल्ली से लेकर पंजाब तक फलफूल रहा है। चौ0 अनिल कुमार ने कहा कि दिल्ली के रामलीला मैदान में भ्रष्टाचार और प्रशासन में पारदर्शिता लाने के लिए क्रांतिकारी आंदोलन चलाकर भ्रष्टाचारमुक्त वातारण व्यवस्थित करने वाले अरविन्द केजरीवाल की भ्रष्ट नीतियों के कारण सभी संगठनात्मक सदस्य उनका साथ छोड़ चुके है। उन्होंने कहा कि दिल्ली का मुख्यमंत्री बनने के बाद अरविन्द केजरीवाल ने यह घोषणा की थी कि वे दिल्ली में विधायको के रुप में कोहिनूर चुन-चुन कर लाए है परंतु यह सभी दिल्लीवासी जानते है कि उनके कोहिनूर हीरे एक-एक करके भ्रष्टाचार की भेट चढ गए और केजरीवाल का आधा मंत्रीमंडल और 80 प्रतिशत विधायक भ्रष्टाचार के चलते अपराधिक मामलें लिप्त है। आप पार्टी के अनेक निगम पार्षद स्टिंग ऑपरेशन में भ्रष्टाचार में खुलेआम लिप्त पाए गए मनीष सिसोदिया के विधानसभा क्षेत्र के वार्ड से निगम पार्षद को सीबीआई द्वारा पकड़ा गया। चौ0 अनिल कुमार ने मांग की केजरीवाल पंजाब में स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की तर्ज पर दिल्ली के भ्रष्टाचार में लिप्त मंत्रीगणों, विधायकों तुरंत प्रभाव से बर्खास्त करे तथा रिश्वत लेते पकड़े गए नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्त दिखाऐं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल का सब कुछ मंजूर, भ्रष्टाचार नही वाला वक्तव्य केवल दिखावा और लोगों की आंखों में धूल झोंकने वाला है। उन्होंने कहा कि यह केजरीवाल की व्यक्तित्व में ही मुह छिपाने वाली प्रवृति है, वे हर मामले में विपक्षी पार्टियों पर आरोप लगाकर अपने को ईमानदार साबित करने की कोशिश करते है, परंतु उनकी सच्चाई दिल्ली सहित पंजाब के लोग भी जान चुके हैं।

## क्लासिफाइड

### सार्वजनिक सूचना

मैं पूनम रानी पत्नी बलवंत राय निवासी वार्ड नंबर 14, नया वार्ड नंबर 17, पठान वाडा सोहना, तहसील सोहना, जिला गुरुग्राम बयान करती हूं कि मेरा नाम पहले प्रेम कुमारी था, लेकिन अब मैंने अपना नाम पूनम रानी रख लिया है। प्रेम कुमारी व पूनम रानी एक ही महिला के नाम हैं। भविष्य में मुझे पूनम रानी के नाम से जाना जाए।

# जर्जर सड़क होने से वाहन चालक व पैदल राहगीर परेशान

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



गुरु द्रोण की धरती गुरुग्राम को विश्वपटल पर करीब आधा दर्जन नामों से जाना जाता है, लेकिन शहर की सडकों की हालत दयनीय है। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में जर्जर सडकों के कारण लोगों का वाहनों से चलना तो दूर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है। जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन चालक दुर्घटनाग्रस्त हो रहे हैं। शहर के प्रबुद्ध लोग एवं सोसायटी में रहने वाले लोगों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सैक्टर 57 हॉगकॉग बाजार के निकट राईट साईड जाने वाली सडक काफी खस्ता है जहां पर वाहन से चलना तो दूर पैदल चलना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि सैक्टर व बिल्डर सोसायटी में महंगी दरों पर लोग इसलिएमकान खरीदते हैं कि उन्हें बेहतर सुविधाएं मिल सकें। जब इतने महंगे दामों पर फ्लेट, फ्लोर मकान आदि लेकर कोई रहता है तो उसे सडक जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध न होने पर परेशानी उठानी पड़ती है। उन्होंने कहा कि यह सडक अंसल बिल्डर, जीएमडीए या नगर निगम किसी को भी हो, जनता को सडक की सुविधा मिलनी चाहिए। गत दिनों पड़ी बारिश के कारण इन गड्ढों में जलजमाव हो गया, जिसके कारण वाहन चालकों व पैदल राहगीरों को पता ही नहीं चला कि गड्ढा है या सडक। इन गड्ढों में पानी भरने से दुर्घटना की आशंका भी बढ़ रही है। क्षेत्रवासियों ने कहा कि देखरेख के अभाव में सडक सडक जर्जर हो रही हैं। अब यह जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर आए दिन दुर्घटना का कारण बन रही हैं। मजबूरी में जनता उन बदहाल सडकों पर जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने को मजबूर हैं। इस मार्ग पर बड़ी संख्या में दोपहिया व चौपहिया वाहन चलते हैं। इस क्षेत्र में लोगों से इसलिए जगह ली थी कि उन्हें सुविधाएं मिल पाएंगी, लेकिन स्थिति पूरी तरह से उलट है। उन्होंने नगर निगम मेयर मधु आजाद व निगमायुक्त मुकेश कुमार आहूजा से मांग करते हुए कहा कि जनहित मे उक्त सडक को शीघ्र ठीक कराया जाए, ताकि पैदल राहगीर व वाहन चालक इस सडक से आराम से गुजर सकें।

**दुर्घटना**
- जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर आए दिन दुर्घटना का कारण बन रही हैं

## ज्येष्ठ मास की एकादशी का आयोजन होगा आज

**गुरुग्राम।** हिंदू समुदाय में एकादशी तिथि का विशेष महत्व होता है। ज्येष्ठ मास में पड़ने वाली एकादशी को अचला या अपरा एकादशी कहा जाता है। यह एकादशी आज वीरवार को धूमधाम से श्रद्धालुओं द्वारा मनाई जाएगी। वीरवार का दिन होने से इस एकादशी का महत्व और बढ़ रहा है। ज्योतिषाचार्यों का कहना है कि एकादशी तिथि व वीरवार का दिन भगवान विष्णु को समर्पित माने गए हैं। इस एकादशी तिथि पर तिथि, वार, नक्षत्र और ग्रहों से मिलकर सूर्योदय के साथ 6 शुभ योग बन रहे है। जिससे अपरा या अचला एकादशी व्रत का कई गुना शुभ फल मिलेगा। उनका कहना है कि आज वीरवार को सूर्योदय के साथ ही सर्वार्थसिद्धि योग लगेगा। सूर्य व बुध की युति से बुधादित्य योग, गुरु-चंद्र-मंगल से गजकेसरी व महालक्ष्मी योग का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही आयुष्मान और मित्र नाम के शुभ योग भी बन रहे हैं। उनका कहना है कि एकादशी पर पवित्र नदियों में स्नान का विशेष महत्व होता है। गरीबों व जरूरतमंद को दान करने की भी परंपरा है। मान्यता है कि इस दिन मां लक्ष्मी व भगवान विष्णु की पूजा करने से सुख-समृद्धि का वास होता है।

# छात्रों की समस्याओं को लेकर संयुक्त छात्र मंच ने सौंपा ज्ञापन

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता



छात्रों की समस्याओं को लेकर संयुक्त छात्र मोर्चा ने छात्र हित में विभिन्न संस्थान प्रमुखों को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि छात्रों को आने वाली समस्याओं का प्रमुखता से निराकरण किया जाए, ताकि विद्यार्थी अपनी पढ़ाई सुचारू रूप से जारी रखें। गुरुग्राम विश्वविद्यालय में ऋषि राव के नेतृत्व में डीन एससी कुंडू को ज्ञापन दिया गया और मांग की कि यूनिवर्सिटी कैंपस में सबको वाई-फाई सुविधा उपलब्ध नहीं कर ई जा रही और फीस सभी छात्रों से ले ली जाती है। विद्यार्थियों के लिए छात्रावास तक नहीं है।

शौचालयों में उचित सफाई नहीं होती, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका रहती है। यह मानवाधिकारों का हनन है। इसी तरह राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया कि महाविद्यालय के शौचालयों में सफाई नहीं है और पानी का भी उचित प्रबंध नहीं होता। लाइब्रेरी में किताबें पूरी उपलब्ध नहीं हैं। सेक्टर-40 के कॉलेज में अजय तुषिर के नेतृत्व में निदेशक डा. कैलाश कुमार को ज्ञापन सौंपा गया, जिसमें पीने के पानी की समस्या, लाइब्रेरी में पुस्तकों की कमी, कालेज द्वारा फीस लेने के बावजूद कक्षाओं में एसी नहीं लगाए गए हैं। साथ ही पिछले दो वर्षों से लॉ कालेज में कोर्ट और जेल की विजिट नहीं करवाई गई है, जो कि तुरंत होनी चाहिए संयुक्त छात्र मोर्चा ने कहा कि अगर जल्द ही समाधान नहीं होता है तो संयुक्त छात्र मंच के द्वारा कॉलेज और यूनिवर्सिटी में प्रदर्शन किया जाएगा।

विद्यार्थियों के हक के लिए संगठन सदा लड़ाई लडने.को तैयार है। कॉलेज और यूनिवर्सिटी विद्या के मंदिर हैं और इनमें से हर तरह की अव्यवस्था को दूर करना होगा। विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा आश्वासन दिया गया कि जल्दी इन समस्याओं का निवारण किया जाएगा।

**समस्या**
- विद्यार्थियों के लिए छात्रावास तक नहीं है, शौचालयों में उचित सफाई नहीं होती, जिससे बीमारियां फैलने की आशंका रहती है

# अनाधिकृत निर्माणों पर चला निगम का पीला पंजा



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

नगर निगम गुरूग्राम की इनफोर्समैंट टीमें अनाधिकृत निमार्णों पर लगातार कार्रवाई कर रही हैं तथा अनाधिकृत निमार्णों को तोडने.व सील करने की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में बुधवार को निगम का पीला पंजा सैक्टर-69 में चला। जोन-4 क्षेत्र की इनफोर्समैंट टीम ने संयुक्त आयुक्त सुमित कुमार के निर्देश पर अनाधिकृत निर्माण ढ़हाए तथा सील करने की कार्रवाई की। सहायक अभियंता आरके मोंगिंया के नेतृत्व में चली इस कार्रवाई के दौरान 6 अनाधिकृत निमार्णाधीन भवनों, 14 डीपीसी स्तर के निमार्णों को तोडने. के साथ ही 4 अन्य भवनों को सील किया गया। किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा। कार्रवाई के दौरान कनिष्ठ अभियंता रामपाल मान सहित इनफोर्समैंट टीम के अन्य सदस्य मौजूद रहे। नगर निगम गुरूग्राम के आयुक्त मुकेश कुमार आहुजा के अनुसार नगर निगम गुरूग्राम की सीमा में किसी भी प्रकार का निर्माण करने से पूर्व नियमानुसार बिल्डिंग प्लान की स्वीकृति लेना अनिवार्य है।

# 40 वर्षीय मिर्गी से पीड़ित मरीज की डॉक्टरों ने प्लाज्मा थेरेपी से बचाई जान

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




एक बहुत ही दुर्लभ मिर्गी कर केस में पारस अस्पताल, गुरुग्राम के डॉक्टरों ने प्लाज्मा थेरेपी का इस्तेमाल कर 40 वर्षीय मरीज की जान बचायी है। इस तरह के इलाज में खून निकालना, इसे प्लाज्मा और कोशिकाओं में अलग करना और फिर कोशिकाओं को वापस रक्तप्रवाह में ट्रांसफ़्यूज करना शामिल होता है।

इलाज की यह तकनीक मिर्गी से पीड़ित मरीजों में बहुत ही कम प्रयोग की जाती है। हालांकि डॉक्टरों ने इसी इलाज को करने का फैसला किया क्योंकि मरीज को पिछले कई दिनों से बार-बार मिर्गी के दौरे पड़ थे, जिससे मरीज को सांस लेने में तकलीफ हो रही थी और मस्तिष्क का कार्य भी बाधित हो रहा था, इस वजह से उसकी मौत होने का खतरा भी था।उन्हें 8 अप्रैल, 2022 को गुरुग्राम के पारस अस्पताल में रेफर किया गया। अस्पताल में शुरूआती टेस्ट में ही डॉक्टरों को मालूम हो गया था कि मरीज की हालत काफी गंभीर है, जिसके तुरंत बाद उसका इलाज शुरू किया गया। जब दवाओं से मरीज की हालत नहीं सुधरी तो डॉ. रजनीश कुमार के नेतृत्व में डॉक्टरों ने प्लास्मफेरेसिस करने का फैसला किया।इस दुर्लभ केस के बारे में बताते हुए पारस अस्पताल, गुरुग्राम के न्यूरोलॉजी डिपार्टमेंट के हेड डॉ रजनीश कुमार ने कहा, हमने कई मिर्गी के मरीजों को गलत डायग्नोसिस या बेहतर इलाज की कमी के कारण अपनी जान गंवाते देखा है। जब इस मरीज में हमने देखा कि इन पर दवा का कोई असर नहीं हो रहा था तो हमने प्लास्मफेरेसिस करने का फैसला किया। परमजीत को पहले कभी मिर्गी का दौरा नहीं पड़ा था और डॉक्टरों का मानना है कि यह एक ऑटोइम्यून स्थिति के कारण हुआ। पीड़ित को एक हफ्ते में तीन बार प्लास्मफेरेसिस सायकल दिए गए। इलाज ने उनके मस्तिष्क के कार्य के साथ-साथ उनके रेस्पिरेटरी सिस्टम अन्य अंगों में सुधार किया। 13 मई 2022 को स्वस्थ होने के बाद उन्हें अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

## गिरफ्तार किए गए 2 सीए के मामलो की हो सीबीआई जांच




**गुरुग्राम।** केंद्रीय वस्तु एवं सेवाकर विभाग गुडगांव कार्यालय की ओर से फर्जी बिलों पर गत दिवस 15 करोड़ रुपए का रिफंड जारी करने के मामले को लेकर 2 सीए की गिरफ्तारी के मामले को लेकर जिला टैक्सेशन बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ने गुडगांव ब्रांच ऑफ एनआईआरसी ऑफ इंस्ट्रीट्यूट ऑफ चार्टेड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया के चेयरमैन को पत्र लिखा। चेयरमैन को भेजे गए पत्र में उन्होंने कहा कि यह गिरफ्तारी गैर कानूनी है, इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सीए का काम केवल कागजात को सत्यापित करना होता है। विभाग को उन कागजों की जांच करानी चाहिए थी, लेकिन ऐसा न करके तुरंत15 करोड़ रुपए ट्रांसफर कर दिए गए। इसकी सीबीआई जांच होनी चाहिए। जांच के दौरान यदिकोई अधिकारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कार्यवाही की जानी चाहिए।

# मुख्यमंत्री की रैली को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने किया बैठक का आयोजन



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

भाजपा जिला मीडिया प्रभारी अजीत यादव ने बताया कि जिलाध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में भाजपा पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन बुधवार को गुरु कमल कार्यालय किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए गार्गी कक्कड़ ने कहा कि 29 मई रविवार को मुख्यमंत्री मनोहर लाल की हरियाणा प्रगति रैली मिनी सचिवालय के सामने पार्किंग स्थल में होगी, जिसमें मुख्यमंत्री गुरुग्राम जिले में विभिन्न विकास कार्यों की घोषणा करेंगे। पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि पिछले 7 वर्षों में जितना विकास कार्य मुख्यमंत्री मनोहर लाल के नेतृत्व में गुरुग्राम जिले में हुआ है उतने विकास कार्य पूर्व की सरकारों में कभी नहीं हुई। रैली की तैयारियों को लेकर कार्यकताओं को जिम्मेदारियां भी सौंपी गई। इस अवसर पर प्रदेश सचिव समय सिंह भाटी, मेयर मधु आजाद, पूर्व डिप्टी स्पीकर गोपीचंद गहलोत, पूर्व विधायक तेजपाल तंवर, अनुराग बक्शी, अनिल यादव, मनीष गाडोली आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

## तावडू में व्यक्ति ने 4 लोगों पर मारपीट कर चोटिल करने का लगाया आरोप, मामला दर्ज

**तावडू।** उपमंडल के गांव खरखडी निवासी 1 व्यक्ति ने अपने ही गांव के 4 लोगों पर घर में घुस कर मारपीट कर चोटिल करने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने पीडित व्यक्ति की शिकायत पर नामजद लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। गांव खरखडी निवासी रासीद ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि उसके गांव का वारिश उसके साथ रंजिश रखता है। जो पहले भी 2 बार उसके घर पर आकर मारपीट कर चुका है व मुझे मारने की धमकी देता है। गत 2० मई को सांय 8 बजे के लगभग वहीद, अलफू, वारिस, समीम उर्फ काला निवासीयान गांव खरखडी हममशवरा करके अपने-अपने हाथों में लाठी, डंडे व फरसा लेकर उसके घर के सामने आए और आते ही गाली गलौज व मारपीट शुरू कर दी। वारिस ने अपने हाथ में लिया हुआ फरसा उसे जान से मारने की नीयत से सिर की तरफ चलाया। जो उसके बांये हाथ में लगा। जिससे उसे काफी गंभीर चोट लगी।

# हिपा में प्राथमिक चिकित्सा पर ज्ञान का किया जा रहा संचार



गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

हरियाणा लोक प्रशासन संस्थान (हिपा) में 23 से 27 मई तक निदेशक डा. भूवन कुमार के मार्गदर्शन में आयोजित किए जा रहे प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न जानकारियां दी जा रही हैं। रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा से राज्य प्रशिक्षण अधिकारी संजीव धीमान ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण के बारे में बारीकियों से बताया। इसके साथ-साथ उन्होंने आपातकालीन और प्राथमिक चिकित्सा, विभिन्न आपदाओं, सार्वभौमिक प्राथमिक उपचार प्रक्रिया, महामारी में स्वयंसेवकों/व्यक्तियों की भूमिका के बारे में विस्तार से बताया जानकारी देने के साथ अभ्यास करके भी दिखाया गया।

सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने कहा कि हर किसी को आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए जानकारी होनी चाहिए। फर्स्ट एड के बारे में भी जानकारी हो। रेडक्रॉस की ओर से समय-समय पर इस तरह के शिविर लगाकर लोगों को जागरुक किया जाता है।

# आत्मबल, ग्राहक सेवा, नेटवर्किंग तथा ईमानदारी व्यवसाय का मूल मंत्र : गिरधर

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




रूडसेट संस्थान द्वारा आयोजित 45 दिवसीय कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय सचिवालय उजिरै के एग्जिक्यूटिव डारयेक्टर गिरधर कल्लापुर ने किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में 28 शिक्षित युवा एवं महिलाएं भाग ले रहे है, जिसका उद्देश्य कि प्रशिक्षण के बाद ये सभी प्रशिक्षणार्थी अपना स्वयं का रोजगार स्थापित करें। संस्थान के निदेशक संजय ढींगड़ा ने बताया कि 45 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नेटवर्किंग प्रशिक्षण के अलावा दिशा बद्धता, विपणन, ग्राहक सेवा, प्रोजक्त रिपोर्ट, बैंकिंग, गुणवत्ता, सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक बताया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के उपराँत 2 वर्ष तक हम प्रशिक्षणार्थियों का अनुवर्तन करते है जिसमे हम उन्हें रोजगार स्थापित करने के रास्ते में आने वाले समस्याओं के समाधान के बारे में उपाय बताते हैं ताकि वे अपना स्व-रोजगार स्थापित कर सकें। गीरधर कल्लापुर ने कहा कि आप इस प्रशिक्षण कार्यक्रम को अपने स्व-रोजगार के रूप में अपनायें ताकि आपकी आजीविका का साधन बन सकें। संस्थान की यह एक अच्छी सराहनीय पहल है जिससे जरूरत मंदों को रोजगार के लिए अवसर मिलते हैं। अवसर को पहचान कर उसी समय इस्तेमाल करें, जो मौका मिला है उसे अच्छी तरह पढ़े। आत्मविश्वास अपने अन्दर भर ले।

# कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने के लिए आवेदन की प्रकिया जारी

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि जिला गुरूग्राम में किसानों के लिए 2022-23 स्कीम के अंतर्गत अनुदान देने के लिए विभिन्न कृषि यंत्रों पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इच्छुक किसान इस योजना का लाभ लेने के विभागीय पोर्टल पर 27 मई तक ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। विभाग द्वारा कृषि यंत्रों जैसे- कॉटन सीड ड्रिल, ट्रैक्टर माउंटेड स्प्रे पंप, डायरेक्ट सीडेड राइस मशीन, ट्रैक्टर माउंटेड रोटरी वीडर, पावर टीलर, ब्रिक्वेट मेकिंग मशीन, रीपर बाइंडर स्वचालित, मेज प्लांटर, मेज थ्रेसर, न्यूमेटिक प्लांटर पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। इसमें व्यक्तिगत सामान्य श्रेणी में अधिकतम 40त्न व अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, लघु व सीमांत किसान और महिला किसान के लिए 50त्न अनुदान दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि लाभ लेने के इच्छुक किसान का ह्यमेरी फसल मेरा ब्यौराह्य पोर्टल पर पंजीकरण होना अनिवार्य है जिसके लिए किसान को एक शपथ पत्र व एक स्वयं घोषणा पत्र जमा करवाना होगा। वहीं ऑनलाईन आवेदन के लिए किसान के नाम जिला में पंजीकृत ट्रैक्टर की वैध आरसी, परिवार पहचान पत्र, बैंक खाता तथा आधार कार्ड की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, एक किसान विभिन्न प्रकार के अधिकतम 3 कृषि यंत्र ही ले सकता है और जिन किसानो ने पिछले 5 वर्षों में इन कृषि यंत्रों पर अनुदान लिया है वे इस स्कीम में उस कृषि यंत्र पर आवेदन करने का पात्र नहीं होंगे। ऑनलाईन आवेदन करने के लिए किसान को ढाई लाख से कम कीमत के यंत्रों के लिए 2500 रूपए एवं ढाई लाख या उससे अधिक कीमत के यंत्रों के लिए 5000 रूपए टोकन राशि अलग-अलग ऑनलाईन ही जमा करवानी होगी जोकि चयन प्रक्रिया के पश्चात किसान के खाते में वापिस जमा करवा दी जाएगी।

# जिला अदालत परिसर में शिविर में 45 यूनिट रक्तदान

**सम्मानित**
- जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्या प्रताप सिंह ने रक्तदाओं को किया सम्मानित

गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता




जिला बार एसोसिएशन द्वारा रोटरी ब्लड सेंटर गुरुग्राम के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्या प्रताप सिंह ने विशेष तौर पर शिरकत की। रक्तदाताओं को उन्होंने पदक और प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया।

शिविर में 45 यूनिट रक्तदान हुआ। रोटेरियन रविंद्र जैन, रोटरी ब्लड सेंटर के अध्यक्ष रोटेरियन मुकेश शर्मा और रोटेरियन प्रवीन शर्मा एडवोकेट ने न्यायाधीश सूर्या प्रताप सिंह और बार अध्यक्ष विनोद कटारिया का स्वागत किया। पंजाब एवं हरियाणा बार काउंसिल के सदस्य प्रवेश यादव, सचिव बार एसो. राहुल भारद्वाज को विशेष तौर पर पदक व मोमेंटो देकर सम्मनित किया गया। असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन रविंद्र जैन ने बताया कि इस शिविर को सफल बनाने में जिला बार एसो. के अध्यक्ष विनोद कटारिया एडवोकेट, सचिव राहुल भारद्वाज ने अहम भूमिका निभाई। ब्लड सेंटर के सीएमओ डा. सुनील तनेजा की देखरेख में ब्लड बैंक की टीम ने यहां बेहतर कार्य किया।अपने संबोधन में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सूर्या प्रताप सिंह ने कहा कि रक्तदान के लिए हर क्षेत्र के लोगों को आगे आना चाहिए। यह हम सबका कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि इंसानों के लिए रक्त की जरूरत की पूर्ति इंसान ही कर सकते हैं। रोटेरियन रविंद्र जैन ने बताया कि रक्तदान शिविर के अलावा यहां पक्षियों के संरक्षण के लिए सभी गणमान्य सदस्यों को घोंसले भी भेंट किए गए। उन्होंने कहा कि इससे पहले भी शहर में कई जगहों पर ये घोंसले लगाए गए हैं। इंसानों के साथ बेजुबानों की सेवा करना भी हमारा धर्म होना चाहिए। इसी उद्देश्य से गर्मी के मौसम में पक्षियों के लिए दाना-पानी रखना ही सबसे बड़ा धर्म है।

## तृतीय हनुमान चालीसा वाचन 28 मई को

**गुरुग्राम।** श्री हनुमान चालीसा वाचन मंडल ने हनुमान चालीसा वाचन कार्यक्रम के आयोजन का बीड़ा साईबर सिटी में उठाया हुआ है। समय-समय पर विभिन्न क्षेत्रों में हनुमान चालीसा वाचन कार्यक्रम का आयोजन संस्था द्वारा किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष अजय सिंहल ने बताया कि हनुमान जी शक्ति का प्रतीक हैं और वह अजर-अमर हैं। श्रीराम भक्त हनुमान के बारे में वर्तमान पीढ़ी को उनकी शक्ति से अवगत कराने का इससे अच्छा और कोई माध्यम नहीं है। तृतीय हनुमान चालीसा वाचन कार्यक्रम का आयोजन ज्येष्ठ कृष्ण त्रयोदशी यानि कि शनिवार 28 मई को वीर सावरकर जयंती के अवसर भीमगढ़ खेड़ी क्षेत्र स्थित अलखेश्वर धाम में हनुमान चालीसा वाचन कार्यक्रम का आयोजन सत्यानंद महाराज के सानिध्य में किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्रवासियों से भी आग्रह किया है कि वे इस आयोजन में शामिल हों और धर्म लाभ उठाएं।

# भारत श्री अवार्ड 2022 का आयोजन हुआ आयोजन




गुरुग्राम, प्रात : किरण संवाददाता

सामाजिक संस्था नेशनल ह्यूमन वेलफेयर काउंसिल द्वारा चौथे भारत श्री अवार्ड 2022 का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष गुंजन मेहता ने बताया कि मुख्य अतिथि के रुप में अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन इकबाल सिंह लालपुरा शामिल हुए। उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अल्पसंख्यक आयोग के माध्यम से अल्पसंख्यकों के हितों व उनके उत्थान के लिए अनेक कार्य किए जा रहे हैं। सब धर्मों से बड़ा राष्ट्रधर्म है और देश के प्रत्येक नागरिक को इस धर्म का पालन करना चाहिए।

किसी को कोई हक नहीं है कि कोई भी किसी मजहब की आड़ में राष्ट्र को नुकसान पहुंचाए। देश की आजादी व तरक्की के लिए हर मजहब का व्यक्ति सच्चे मन से कार्य करता है और देश को आगे बढ़ाता है। गुंजन मेहता ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, डा. रमेश गर्ग, वीरेंद्र अंतिल, रविंद्र जैन, राकेश कुमार, ओमप्रकाश वैद्य आदि को राष्ट्र सेवा के लिए भारत श्री अवार्ड से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रुप में स्वामी त्रिलोकीनाथ महाराज, जीआईए के अध्यक्ष जेएन मंगला शामिल हुए। इस अवसर पर नवीन गुप्ता, अनुपमा खन्ना, धर्मेंद्र गुर्जर, प्रतीक अहलूवालिया, प्रशांत अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# आशा वर्करों का सम्मान

कोरोना संकट के दौरान अपना व परिवार का जीवन संकट में डालकर संक्रमितों की पहचान व उपचार में मदद करने वाली आशा कार्यकर्ताओं ने भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में नई आशा जगायी है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने यह भी संदेश दिया है कि सीमित संसाधनों और मामूली वेतन में मानवता की कितनी बड़ी सेवा की जा सकती है। अब उनके इस योगदान को देश ने ही नहीं, पूरी दुनिया ने भी स्वीकारा है। देश की ग्रामीण आबादी में महिलाओं को जागरूक करने व बच्चों को प्राथमिक उपचार, पोषण जागरूकता व शिक्षा अनुकूल वातावरण मुहैया कराने वाली लाखों आशा कार्यकर्ताओं का सिर आज गर्व से ऊंचा उठा है। उन्हें कोरोना संकट के दौरान मानवता की सेवा करने पर विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ग्लोबल हेल्थ लीडर्स अवार्ड देकर सम्मानित किया है। यह सम्मान उन्हें लोगों की जीवन रक्षा करने, सेवा मुहिम को कुशल नेतृत्व देने तथा ग्रामीण जीवन में गुणात्मक सुधार लाने में योगदान के लिये दिया गया है। वाकई, समर्पित आशा वर्कर इस सम्मान की हकदार थीं। हमारे देश में ग्रामीण इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं का जो स्तर है वह किसी से छिपा नहीं है। ग्रामीण स्वास्थ्य तंत्र का पहला पायदान कहे जाने वाले आंगनवाड़ी केंद्र सरकार की स्वास्थ्य जागरूकता हेतु महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं जिसका मकसद ग्रामीण क्षेत्रों में कमजोर वर्ग के लोगों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना भी रहा है। दरअसल, आशा कार्यकर्ताओं ने बच्चों व माताओं के स्वास्थ्य में सुधार लाने के लिये अथक प्रयास किये हैं। इसमें टीकाकरण से लेकर कुपोषण की चुनौती का मुकाबला भी शामिल रहा है। इतना ही नहीं, देश में विशाल पोलियो वैक्सीन कार्यक्रम बिना आशा कार्यकताओं के सफल होना संदिग्ध था। कुल मिलाकर सामुदायिक स्वास्थ्य सेवाओं को समृद्ध करने में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इसके अलावा लोगों को जीवन शैली से उपजे रोगों से मुक्त कराने तथा स्वच्छता की मुहिम से रोग भगाने जैसे अभियानों में आशा वर्करों ने नई उम्मीद जगाई है।

हाल के दिनों में पूरे देश से आशा वर्करों के आंदोलन की खबरें विचलित करती रहीं। कोरोना संकट में अग्रिम मोर्चे पर खड़ी रही इन कार्यकर्ताओं को सड़क पर उतरना परेशान करता रहा है। ग्रामीण जीवन की सेहत के लिये महत्वपूर्ण योगदान देने वाली आशा वर्करों के बीच यदि निराशा पैदा होती है तो हम संपूर्ण स्वास्थ्य के लक्ष्य हासिल नहीं कर पायेंगे। दरअसल, इन कार्यकताओं को इनके योगदान के अनुरूप मानदेय नहीं मिलता। अब जब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इनके योगदान को मान्यता दी है तो केंद्र सरकार का दायित्व बनता है कि इन कार्यकताओं की सेवाओं को स्थायी करने और सम्मानजनक वेतन देने की दिशा में पहल करे। इनकी सेवा शर्तों में सुधार के अलावा इन्हें वे साधन उपलब्ध कराये जाने चाहिएं जिनसे ये जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में भी शीघ्रता से अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। यह विडंबना ही है कि देश ग्रामीण इलाकों में साक्षरता के लक्ष्यों को हासिल नहीं कर पाया है। ऐसे में स्वस्थ व कुपोषण-रहित भारत के लक्ष्यों को पूरा करने में जन-जागरण के जरिये आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ग्रामीण महिलाओं को मातृ दुग्धाहार के प्रति जागरूक, बच्चों के लिये पोषाहार की व्यवस्था तथा स्वास्थ्य व परिवार नियोजन के प्रति सचेत कर सकती हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार देश में चौदह लाख आंगनवाड़ी केंद्र हैं जिसमें तेरह लाख से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व ग्यारह लाख से अधिक सहायिकाएं कार्यरत हैं। देश में ग्रामीण अंचलों में आर्थिक विसंगति, अशिक्षा व जागरूकता के अभाव से ग्रसित समाज को राष्ट्र की मुख्यधारा से जोड़ने में ये समर्पित कार्यकर्ता निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं। सरकार और हम सब का दायित्व है कि इनकी मूलभूत आवश्यकताओं को यथाशीघ्र पूरा किया जाये। जिससे ये उत्साहित होकर राष्ट्रीय लक्ष्यों को पूरा करने में जुट जायें। वेतन व सेवा शर्तों में सुधार करके इनका मनोबल बढ़ाया जा सकता है। डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक सम्मान देकर आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों को मान्यता दी है। केंद्र सरकार का इस दिशा में उठाया गया कोई भी कदम राष्ट्रीय कल्याण के यज्ञ में आहुति का ही कार्य करेगा।

## चीन-अमेरिका में ठनी

सिद्धार्थ शंकर

जापान में क्वाड समिट से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन को ताइवान के मसले पर कड़ा संदेश दिया है। जो बाइडेन ने कहा कि यदि ताइवान पर चीन हमला करता है तो फिर अमेरिका उसका जवाब देगा। उन्होंने कहा कि ऐसा होने की स्थिति में अमेरिका की ओर से ताइवान को सैन्य मदद दी जाएगी। यही नहीं उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि चीन खतरे से खेलने का प्रयास कर रहा है। बाइडेन ने कहा कि यह हमारा कमिटमेंट है कि ताइवान की रक्षा करेंगे। उन्होंने कहा कि वन चाइना पॉलिसी को लेकर सहमत हैं, लेकिन किसी भी क्षेत्र पर यदि चीन की ओर से जबरन कब्जा किया जाता है तो फिर उसका जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा, हम वन चाइना पॉलिसी से सहमत हैं। हमने उस पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन बलपूर्वक कुछ भी हथियाने का काम चीन करता है तो वह ठीक नहीं होगा। चीन को लेकर बाइडेन का यह बयान यूक्रेन में रूस को न रोक पाने की विफलता है। अब अमेरिका ताइवान के बहाने उस प्रतिष्ठा को फिर से हासिल करना चाहता है, जो उसने यूक्रेन मसले पर गंवाई है। यूक्रेन जंग से पहले तक अमेरिका के भरोसे रहा। अमेरिका भी यूक्रेन को मदद का भरोसा देता रहा, लेकिन रूस ने देखते-देखते यूक्रेन को खंडहर में तब्दील कर दिया। अमेरिका की किरकिरी के बीच कई छोटे देश अपनी योजना बदलने पर मजबूर हुए। बाइडेन इसकी गंभीरता को समझते हैं। इसीलिए उन्होंने चीन के साथ रूस को लेकर भी टिप्पणी की। उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण है कि यूक्रेन में बर्बरता की कीमत व्लादिमीर पुतिन को चुकानी होगी। रूस को लंबे वक्त तक इसकी कीमत अदा करनी होगी। उन्होंने कहा कि यह बात सिर्फ यूक्रेन को लेकर ही नहीं है। अब जो बाइडेन के इस रुख पर चीन भी भड़क सकता है। वह पहले भी कई बार अमेरिका को ताइवान की मदद के मामले में चेतावनी दे चुका है। चीन की विस्तारवादी सोच का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वह ताइवान को अपना हिस्सा बताता है। चीन अक्सर ताइवान की सीमा में घुसने की फिराक में रहता है। इसके साथ ही चीन दक्षिणी चीन सागर के अधिकतर हिस्से को अपना बताता है। ताइवान के मुद्दे पर चीन और अमेरिका के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है, लेकिन ताइवान और चीन के आपसी कारोबार में हाल में तेज गति से वृद्धि हुई है। बीते वित्त वर्ष में ताइवान ने चीन को 270 बिलियन डॉलर के बराबर का निर्यात किया। यह ताइवान के सालाना सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 40 फीसदी था। ताइवान की जीडीपी पिछले साल 668 बिलियन डॉलर की थी। इस बीच चीन में ताइवान का निवेश बढ़ कर 200 बिलियन डॉलर की सीमा पार कर गया है। अब ताइवान चीन में सबसे बड़े विदेशी निवेशकों में एक बन गया है। 1991 से मई 2021 तक ताइवान के 44,577 निवेश प्रस्ताव चीन में मंजूर हुए। इनके तहत 193.51 बिलियन डॉलर का निवेश हुआ। ताइवान से चीन को सबसे ज्यादा निवेश कंप्यूटर चिप का हो रहा है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के समय लगाए गए व्यापार प्रतिबंधों के बाद से चीन के सेमीकंडक्टर उद्योग के लिए ताइवान एक बड़ा सहारा बन गया है। चीन में इस समय जितने चिप फैब्रिकेशन इंजीनियर काम कर रहे हैं, उनमें लगभग 20 प्रतिशत ताइवानी हैं। ये लोग चीन में चिप निर्माण की सुविधाएं तैयार करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। ताइवान ने चिप उद्योग में जो विशाल निवेश किया है, उसकी सफलता चीन से आने वाली मांग पर निर्भर है। 2020 में चीन ने ताइवान से 350 बिलियन डॉलर के चिप का आयात किया था। चिप का फिलहाल जितना बड़ा बाजार चीन में है, उतना इस समय दुनिया में कहीं और नहीं है। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर चीन के लिए ताइवानी निर्यात में बाधा पड़ी, तो ताइवान के चिप उद्योग को बहुत बड़ा नुकसान झेलना होगा। उधर चीन के इलेक्ट्रॉनिक उद्योग को भी इससे उसी पैमाने पर क्षति होगी। फिलहाल चीन की ताइवान पर निर्भरता इतनी ज्यादा है कि ताइवान पर हमला करना उसके हित में नहीं होगा। ऐसे में उसके हमले की आशंका तभी पैदा होगी, अगर ताइवान अचानक अपनी स्वतंत्रता का एलान कर दे। ताइवान को चीन अपना हिस्सा समझता है। लेकिन चीन में कम्युनिस्ट क्रांति होने के बाद से वहां चीन सरकार का शासन नहीं है।

# चीन की दादागिरी पर अंकुश लगाने की पहल करे क्वॉड

**जब तीन माह से यूक्रेन पर रूस के हमले जारी हैं और उसके प्रमुख सहयोगी चीन के अड़ियल रवैये में कोई कमी आती नहीं दिख रही है। इसी के साथ पर्यावरण, आधुनिक तकनीक, कोरोना वायरस, हिंद-प्रशांत के लिए रणनीति आदि महत्वपूर्ण मुद्दे भी चर्चा में होंगे। भले ही क्वॉड केवल चार देशों- भारत, जापान, अमेरिका और आस्ट्रेलिया की सदस्यता वाला समूह हो, लेकिन वह पूरी दुनिया के राष्ट्रों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। इस बार के सम्मेलन का एक साझा उद्देश्य चीन की साम्राज्यवादी मानसिकता पर लगाम लगाना है ताकि चीन की अकड़ ढीली पड़े। इसके लिये सदस्य देशों को आर्थिक सहयोग के साथ अपने रक्षा संबंधों को सशक्त करने पर अधिक जोर देना होगा।**

**क्वॉड शिखर सम्मेलन पर दुनिया की दिलचस्पी होना स्वाभाविक है, क्योंकि इस बार उसके केन्द्र में चीन है**



**ललित गर्ग**
**लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं**




जापान में होने जा रहे क्वॉड शिखर सम्मेलन में एक महानायक एवं करिश्माई व्यक्तित्व के रूप में भाग लेने के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहुँच गये हैं। इस सम्मेलन एवं मोदी पर दुनिया की नजरें टिकी है, क्योंकि यह सम्मेलन ऐसे अवसर पर होने जा रहा है, जब तीन माह से यूक्रेन पर रूस के हमले जारी हैं और उसके प्रमुख सहयोगी चीन के अड़ियल रवैये में कोई कमी आती नहीं दिख रही है। इसी के साथ पर्यावरण, आधुनिक तकनीक, कोरोना वायरस, हिंद-प्रशांत के लिए रणनीति आदि महत्वपूर्ण मुद्दे भी चर्चा में होंगे। भले ही क्वॉड केवल चार देशों- भारत, जापान, अमेरिका और आस्ट्रेलिया की सदस्यता वाला समूह हो, लेकिन वह पूरी दुनिया के राष्ट्रों को प्रभावित करने की क्षमता रखता है। इस बार के सम्मेलन का एक साझा उद्देश्य चीन की साम्राज्यवादी मानसिकता पर लगाम लगाना है ताकि चीन की अकड़ ढीली पड़े। इसके लिये सदस्य देशों को आर्थिक सहयोग के साथ अपने रक्षा संबंधों को सशक्त करने पर अधिक जोर देना होगा।

क्वॉड शिखर सम्मेलन पर दुनिया की दिलचस्पी होना स्वाभाविक है, क्योंकि इस बार उसके केन्द्र में चीन है, भारत समेत इन सभी देशों के लिए किसी न किसी रूप में चीन चुनौती बन गया है, इसलिए क्वॉड शिखर सम्मेलन की ओर से उसे लेकर कोई कठोर बयान जारी किया जा सकता है। ऐसे किसी बयान मात्र से चीन की सेहत पर असर पड़ने के आसार कम ही हैं, इसलिए क्वॉड को उन उपायों पर ध्यान देना होगा, जिससे चीन की दादागिरी पर अंकुश लगे। विश्व मानस अब अहिंसा की तेजस्विता को देखना चाहता है, वह विकास एवं शांतिपूर्ण समाज व्यवस्था चाहता है, आज सभी तरफ से विकास और प्रगति की आवाज उठ रही है। सुधार और सरलीकरण के लिए प्रयास किए जा रहे हैं और इसके लिये आज चीन जैसी हिंसक, अराजक ताकतों को रोकने का प्रयास चाहते हैं। क्वॉड शिखर सम्मेलन अनेक दृष्टियों से महत्वपूर्ण एवं निर्णायक होगा। इस सम्मेलन से ऐसी रोशनी प्रस्फुटित हो कि दुनिया महायुद्ध की संभावनाओं से उपरत हो जाये। इसीलिये युद्ध, हिंसा एवं आतंकवाद के साथ-साथ जलवायु परिवर्तन और बढ़ती ईंधन की चुनौती क्वॉड नेताओं की टोक्यो बैठक के अहम मुद्दे होंगे। क्वॉड की योजना हिंद-प्रशांत क्षेत्र में ग्रीन-शिपिंग नेटवर्क बनाने की है जिसका कार्बन उत्सर्जन न के बराबर हो। साथ ही हाइड्रोजन के इस्तेमाल को बढ़ाने और उसके लिए सहयोग का ढांचा बनाने पर जोर होगा। क्वॉड देश जलवायु परिवर्तन पर भी सक्रिय सूचना साझेदारी बढ़ाएंगे। क्वॉड इंफ्रास्ट्रक्चर समन्वय समूह के काम की समीक्षा भी इस शिखर बैठक में होगी। इसके तहत हिंद-प्रशांत इलाके की ढांचागत योजनाओं में मदद दी जाती है ताकि देश अव्यावहारिक कर्ज के फंदे में न फंसें। इस कड़ी में प्राकृतिक आपदाओं से मुकाबले और उसके लिए जरूरी ढांचा बनाने पर भी जोर है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि चीन विभिन्न देशों की सुरक्षा के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए भी खतरा बन गया है। वह अंतरराष्ट्रीय नियम-कानूनों को धता बताने के साथ ही छोटे-छोटे देशों को अपने कर्ज के जाल में फंसाकर उनका जिस तरह शोषण कर रहा है, उससे विश्व व्यवस्था के अस्थिर होने का खतरा पैदा हो गया है। क्वॉड देशों के बीच तकनीक की साझेदारी भी नेताओं की टोक्यो बैठक का एक अहम मुद्दा होगा। इसके साथ ही उभरती हुई और अहम तकनीकों पर सहयोग को कैसे बढ़ाया जाए और बायो टैक्नोलॉजी से लेकर सेमीकंडक्टर सप्लाई चेन की मजबूती और सायबर सुरक्षा तंत्र की हिफाजत तक अनेक विषय शामिल होंगे। माना जा रहा है कि मेजबान जापान की तरफ से क्वॉड अंतरिक्ष सहयोग पर भी एक ड्राफ्ट तैयार किया गया है जिसे पेश किया जाएगा। इसमें अंतरिक्ष में एक-दूसरे के उपग्रहों की सुरक्षा के लिए सूचनाएं साझा करने और जरूरी सहयोग देने पर जोर होगा। कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई क्वॉड देशों की साझेदारी का एक अहम पहलू रहा है। इसके तहत कोरोना टीकों के निर्माण और आपूर्ति से लेकर इस महामारी के आर्थिक दुष्प्रभावों से उबरने में मदद तक अनेक पहलू शामिल हैं। साथ ही स्वास्थ्य ढांचा मजबूत करने के लिए स्वास्थ्य सुरक्षा, जीनोमिक्स, निगरानी तंत्र, क्लीनिकल ट्रायल और भविष्य की महामारियों से निपटने की तैयारियों जैसे विषय भी हैं। क्वॉड के भविष्य और उसके प्रभावी बने रहने के लिहाज से टोक्यो की इस बैठक को खासा महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इसकी बड़ी वजह है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र के अनेक देश जहां आर्थिक और सुरक्षा की चुनौतियों से जूझ रहे हैं। वहीं क्वॉड के वादे जमीन पर उतरने में फिलहाल कमजोर ही नजर आते हैं। ऐसे में अमेरिका-जापान-भारत और ऑस्ट्रेलिया के नेताओं की कोशिश होगी कि ठोस नतीजे देने वाली योजनाओं को तेजी से बढ़ाया जाए। इसके लिये चारों देशों ने व्यापक कार्य-योजना एवं रीति-नीति का निर्धारण किया है। प्रधानमंत्री मोदी चीन पर दबाव बनाने, उसकी कुचेष्टाओं एवं षड्यंत्रों को रोकने के लिये प्रयास करेंगे, चूंकि क्वॉड देशों में भारत अकेला ऐसा देश है, जिसकी सीमाएं चीन से मिलती हैं और वह लद्दाख सीमा पर अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है, इसलिए भारतीय नेतृत्व को कहीं अधिक सक्रियता दिखाने की आवश्यकता है। भारत को क्वॉड के जरिये ऐसे उपायों पर भी विशेष ध्यान देना होगा, जिससे आर्थिक-व्यापारिक मामलों में चीन पर निर्भरता कम की जा सके। यह ठीक नहीं कि तमाम प्रयासों के बाद भी चीन से आयात में कोई उल्लेखनीय कमी आती नहीं दिख रही है। जब यह स्पष्ट है कि क्वॉड का एक साझा उद्देश्य चीन की साम्राज्यवादी मानसिकता पर लगाम लगाना है, तब फिर सदस्य देशों को आर्थिक सहयोग के साथ अपने रक्षा संबंधों को सशक्त करने पर अधिक जोर देना होगा। इससे ही हिंद प्रशांत क्षेत्र की सुरक्षा के लिए चीन की ओर से पैदा किए जा रहे खतरों से पार पाया जा सकता है। यह सही समय है कि क्वॉड के विस्तार को गति दी जाए। जो भी देश स्वतंत्र एवं खुले हिंद प्रशांत क्षेत्र के पक्षधर हैं और चीन की दादागीरी से त्रस्त हैं, उन्हें क्वॉड का हिस्सा बनाने में देर नहीं की जानी चाहिए। परिवर्तन कब किसके रोके रुका है। न पहले रुका, न आगे कभी रुकेगा। चीन जैसे शक्तिशाली राष्ट्र इसकी रफ्तार कम कर सकते हैं। यह भी प्रकृति का नियम है कि जिसे जितना रोका जाएगा, चाहे वह व्यक्ति हो या समाज या कौम या फिर राष्ट्र, वह और त्वरा से आगे बढ़ेगा। क्वॉड देशों के बीच मजबूत सुरक्षा साझेदारी का संदेश भी टोक्यो की बैठक देगी। खासतौर पर चीन के हौसलों को इस बैठक के बहाने हदें दिखाने की कोशिश होगी। बीते दिनों चीन की तरफ से पैंगोंग झील पर दूसरा पुल बनाए जाने पर भारत ने सख्त ऐतराज दर्ज कराया है।

# दिल्ली, लखनऊ, पटना के साहित्य संसार में सन्नाटा क्यों

**वह कभी-कभी विस्फोटक भी होने लगती थीं। अब लगता है कि गोष्ठियों और बैठकी के दौर गुजरे जमाने की बातें हो रही हैं। अब गोष्ठियां आनलाइन अधिक होने लगी हैं। इसके अलावा लेखक अपनी ताजा कहानियां, गजलें, कविताएं अपनी फेसबुक वॉल पर ही डाल रहे हैं। वहां पर कुछ लाइक और छिट-पुट कमेंट जरूर आ जाते हैं। लेखक एक-दूसरे से पहले की तरह गर्मजोशी के साथ नहीं मिल रहे। पहले वाली बेतकल्लुफी गायब सी हो गई। कुछ साल पहले तक राजधानी दिल्ली में निर्मल वर्मा, मनोहर श्याम जोशी, राजेन्द्र यादव, पदमा सचदेव जैसे लेखकों के घरों में उनके समकालीन और नौजवान लेखक लगातार आते-जाते रहते थे। वहां पर बैठकी के लंबे दौर चला करते थे। कभी-कभी सुबह भी हो जाती थी कलेकिन वह स्थिति अब कम या कहें की खत्म होती जा रही है।**






**आर.के. सिन्हा**
**लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं**

यह संभव है कि मौजूदा युवा पीढ़ी को शायद पता ही न हो कि कोई एक-डेढ़ दशक पहले तक दिल्ली, लखनऊ, पटना वगैरह हिन्दी पट्टी के खास शहरों में हिन्दी लेखकों-कवियों की दिनभर कॉफी हाउस से लेकर शामों में अलग-अलग साहित्य प्रेमियों के घरों में लगातार गोष्ठियां आयोजित हुआ करती थीं। उनमें लेखक बंधु अपनी ताजा रचनाएं पढ़ते थे। उसके बाद उन पर बहस होती थी। वह कभी-कभी विस्फोटक भी होने लगती थीं। अब लगता है कि गोष्ठियों और बैठकी के दौर गुजरे जमाने की बातें हो रही हैं। अब गोष्ठियां आनलाइन अधिक होने लगी हैं। इसके अलावा लेखक अपनी ताजा कहानियां, गजलें, कविताएं अपनी फेसबुक वॉल पर ही डाल रहे हैं। वहां पर कुछ लाइक और छिट-पुट कमेंट जरूर आ जाते हैं। लेखक एक-दूसरे से पहले की तरह गर्मजोशी के साथ नहीं मिल रहे। पहले वाली बेतकल्लुफी गायब सी हो गई। कुछ साल पहले तक राजधानी दिल्ली में निर्मल वर्मा, मनोहर श्याम जोशी, राजेन्द्र यादव, पदमा सचदेव जैसे लेखकों के घरों में उनके समकालीन और नौजवान लेखक लगातार आते-जाते रहते थे। वहां पर बैठकी के लंबे दौर चला करते थे। कभी-कभी सुबह भी हो जाती थी कलेकिन वह स्थिति अब कम या कहें की खत्म होती जा रही है। उन दिनों, कॉफी हाउस तो वैचारिक मुठभेड़ों के गढ़ होते थे। उनमें लेखक, संस्कृतिकर्मी, कलाकार, राजनीतिक कार्यकता सब तो आकर घंटों बैठते थे। अब उनमें भी सन्नाटा पसरा रहता है। पटना के काफी हाउस में फणीश्वर नाथ रेणु, नागार्जुन, सत्यनारायण, रॉबिन शॉ पुष्प, बाल्मीकि प्रसाद विकट, गोपीबल्लभ सहाय, शम्भुदयाल, सिंह, जीतेन्द्र सिंह अनेकों पत्रकार ही बैठने वालों में शामिल थेकपहले वाली गहमा-गहमी नहीं दिखाई देती। यही स्थिति दिल्ली के मोहन सिंह प्लेस के कॉफी हाउस की भी थी। दिल्ली के बाहर से आने वाला लगभग हर नेता, कार्यकर्ता, लेखक अगर कॉफीहाउस न आए तो समझा जाता था कि उसका दिल्ली आगमन निरर्थक है। कॉफी हाउस कई लोगों तथा संस्थाओं के लिए स्थायी कार्यालय का भी कार्य करता था। दिल्ली के कॉफी हाउस में अवारा मसीहा के लेखक विष्णु प्रभाकर, भीष्म साहनी, कमलेश्वर, राजेन्द्र यादव वगैरह रोज गपशप कर रहे होते थे। इनमें साहित्य,समाज और सामयिक बिन्दुओं पर कॉफी की प्याली पर लंबी चर्चाएं होती थीं। इस बीच, हिंदी के बड़े साहित्यकारों के नामों की चर्चा जब होती है तब मुंशी प्रेमचंद, रामधारी सिंह दिनकर, बाबा नागार्जुन, फणीश्वर नाथ रेणु और शिव पूजन सहाय का उल्लेख अवश्य होता है। इन सबने पटना में रहते हुए हिंदी के राष्ट्रीय फलक पर अपनी छाप छोड़ी थी। रेणु, दिनकर, नागार्जुन, रामवृक्ष बेनीपुरी, जानकी वल्लभ शास्त्री जैसे शब्दों के सम्राटों ने पटना में दर्जनों साहित्यिक गोष्ठियों में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। ये पटना के चाय के प्रमुख अड्डों से लेकर कॉफी हाउस तक में बैठा करते थे। रामधारी सिंह दिनकर ने निबंधन विभाग के पटना कार्यालय में 1934 में नौकरी शुरू की थी। दिनकर ने 1935 में जब ह्यरेणुकाह्न नामक कविता संग्रह की रचना की तो उनका तबादला पटना निबंधन कार्यालय से बाढ़ कार्यालय कर दिया गया। 1938 में जब कविता संग्रह ह्यहुंकारह्न प्रकाशित हुआ, तब उनपर ब्रिटिश सरकार विरोधी होने के आरोप लगे और उनका तबादला नरकटियागंज कर दिया गया। वह पटना रहें या कहीं अन्य शहर में, वे साहित्य की सेवा करते रहे और नौजवान लेखकों से भी मिलते-जुलते रहे। आपको पटना में अब भी इस तरह के कई लोग मिल जाएंगे जिन्होंने दिनकर, रेणु, नागार्जुन, बेनीपुरी आदि बड़े कवियों को किसी कार्यक्रम में सुना। रेणु कालजयी रचनाकार और क्रांतिकारी थे। वे भी मित्रों तथा साहित्य प्रेमियों के लिए सदैव उपलब्ध रहते थे। पर अब तो नहीं लगता कि पटना में बहुत गोष्ठियां हो रही हैं या साहित्यकार एक-दूसरे से मिल जुल कर ताजा रचनाओं पर बतिया रहे हैं। हाँ, इधर कुछ वर्षों से बिहार हिंदी साहित्य सम्मलेन अवश्य ही सक्रिय हुआ है और वहां हर सप्ताह कोई न कोई साहित्यिक कार्यक्रम होने लगे हैं अगर बात लखनऊ की हो तो यहां के लोगों का साहित्य से बहुत पुराना रिश्ता रहा है। यशपाल शर्मा, अमृतलाल नागर,मुद्राराक्षस,के.पी. सक्सेना, शिवानी जैसे कई बड़े साहित्यकार यहां रहे। लेकिन अब लखनऊ में भी साहित्यिक हलचलें न के बराबर हैं। यह सब कोई सुखद संकेत नहीं माने जा सकते। लखनऊ के आसपास के दो शहरों क्रमशः कानपुर तथा प्रयागराज में घर-घर में कवि तथा कहानीकार होते थे। खूब गोष्ठियां होती थीं। पर उनमें कमी आ रही है। जिस समाज के लेखक, कवि, कहानीकार घरों में छिप जाएंगे तो फिर निराशा होना लाजिमी है। दरअसल 1990 के दशक के बाद से हालात बदलने लगे थे। तब तक नवोदित लेखक बड़े लेखकों के घर बिन बताए ही पहुँच जाया थे। कोई बुरा नहीं मानता था। निर्मल वर्मा के करोल बाग वाले घर की बरसाती का ऐसा सम्मोहन था कि रोज ही दर्जनों साहित्यकार उनके घर में पहुँच जाया करते थे। उनकी बरसाती में बैठकर घंटों बातें होती। तो अब क्या हुआ? इस बदलाव की एक वजह यह भी समझ आ रही है कि इंसान आज अनेक मुश्किलों से घिरा है। एक ऐसी दुनिया में रह रहा है जिसमें सबकुछ व्यक्ति केन्द्रित है। स्वार्थ परक और लालसापूर्ण जीवन शैली का परिणाम है यह कसाहित्यिक आयोजन और व्यक्ति लॉबिंग और समूहों में चल रहे हैं। आप अकारण तो आज किसी से मिल ही नहीं सकते। लखनऊ के कॉफी हाउस की क्या बात थी। शहर के दिल हजरतगंज के जहांगीराबाद बिल्डिंग में इंडियन कॉफी हाउस रहा है। ये लखनऊ के इतिहास का वह खुशगवार पन्ना है जो हमेशा से साहित्यिक, कला, संस्कृति और राजनीतिक विमर्शों का अड्डा रहा है। यहां की हरी-पीली रंग की दीवारों पर लखनऊ शहर की ऐतिहासिक धरोहरों की तस्वीरें हैं। ये गवाह है दोस्तों की, यारियों की, प्रेमी जोड़ों का, साहित्यकारों के विमर्श की , राजनेताओं की राजनैतिक चचाओं और क्रांतिकारी संघर्षों की । बेशक, देश के हर शहर के कॉफी हाउस बौद्धिक विचारों के गढ़ रहे हैं। लेकिन इनसे लेखक और साहित्यकार दूरियां बना रहे हैं । इस सबकी एक वजह यह भी लगती है कि अब शहरों-महानगरों का बहुत विस्तार हो गया है।

# मोदी जी का लव इन टोक्यो

डा. वरिंदर भाटिया

भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जापान के महत्त्वपूर्ण दौरे पर हैं। इस दौरे ने भारतवासियों को ह्यलव इन टोक्योह्न की याद करा दी है। दोनों देशों के बीच बरसों से प्यार-मोहब्बत के संबंध रहे हैं। पीएम मोदी को लेकर टोक्यो के अखबार में एक लेख लिखा गया है जो कई बातों का जिक्र करता है। लेख में लिखा गया कि बोधिसेना से लेकर स्वामी विवेकानंद तक, भारत-जापान सांस्कृतिक संबंधों का परस्पर सम्मान और एक-दूसरे से सीखने का एक लंबा और समृद्ध इतिहास रहा है। महात्मा गांधी की कीमती निजी संपत्तियों में मिजारू, किकाजारू और इवाजारू, तीन बुद्धिमान बंदरों की छोटी मूर्तियां थीं। जस्टिस राधा विनोद पाल जापान में एक जाना-पहचाना नाम हैं और गुरुदेव टैगोर की जापान के लिए प्रशंसा और ओकाकुरा तेनशिन के साथ बातचीत दोनों पक्षों के कलाकारों और बुद्धिजीवियों के बीच शुरूआती संबंध बनाने में सहायक थी। इन गहरे संबंधों ने एक आधुनिक भारत-जापान साझेदारी के लिए मजबूत नींव रखी जो औपचारिक राजनयिक संबंधों की स्थापना की 70वीं वर्षगांठ मनाने के बावजूद फल-फूल रही है। इस साझेदारी के बारे में पीएम मोदी जी ने कहा कि, ह्यमेरा खुद का विश्वास गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में मेरे शुरूआती दिनों में ही शुरू हो गया था। ये न केवल जापानी प्रौद्योगिकी और कौशल का परिष्कार था, बल्कि जापान के नेतृत्व और व्यवसायों की गंभीरता और दीर्घकालिक प्रतिबद्धता भी थी, जिसने जापान को गुजरात का पसंदीदा औद्योगिक भागीदार बनाया और अपनी स्थापना के बाद से वाइब्रेंट गुजरात शिखर सम्मेलन में सबसे प्रमुख उपस्थिति दर्ज की।ह्न पीएम मोदी ने आगे कहा कि विकास और आधुनिकीकरण के पथ पर भारत की यात्रा में जापान भी एक अमूल्य भागीदार साबित हुआ है। ऑटोमोबाइल क्षेत्र से लेकर औद्योगिक गलियारों तक, जापानी निवेश और विकास सहायता का वास्तव में अखिल भारतीय पदचिह्न है। प्रतिष्ठित मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल परियोजना नए भारत के निर्माण के कुछ सबसे महत्त्वपूर्ण प्रयासों में जापान के व्यापक सहयोग का प्रतीक है। 1952 में राजनयिक संबंध स्थापित करने के बाद से हमने एक लंबी दूरी तय की है। मेरे विचार में हालांकि सबसे अच्छा आना अभी बाकी है। मोदी जी ने यह भी कहा है कि आज, जैसा कि भारत और जापान दोनों ही कोविड के बाद के युग में अपनी अर्थव्यवस्थाओं को फिर से मजबूत और नया रूप देने के लिए देख रहे हैं, व्यापार और निवेश से लेकर रक्षा और सुरक्षा तक पूरे स्पेक्ट्रम में हमारे जुड़ाव को गहरा करने की बहुत गुंजाइश है। पिछले कुछ वर्षों में भारत ने विनिर्माण क्षेत्र, सेवाओं, कृषि और डिजिटल प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे के लिए एक मजबूत नींव बनाने की यात्रा शुरू की है। मोदी जी ने कहा कि जापान को भारत के निरंतर परिवर्तन में एक अनिवार्य भागीदार के रूप में देखता हूं। जापान के लिए भारत की गति और पैमाना व्यापार करने में आसानी, आकर्षक प्रोत्साहन, साहसिक सुधार और बेजोड़ अवसर पैदा करने की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं के साथ मेल खाता है। हमने भारत में 100 से अधिक यूनिकॉर्न के साथ एक गतिशील स्टार्टअप पारिस्थितिकी तंत्र को भी बढ़ावा दिया है। जापानी राजधानी पहले से ही इस प्रयास में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। और भी बहुत कुछ होने की संभावना है। हमारे दोनों देशों के लोगों के बीच संबंधों ने हमारी आपसी समझ को गहरा करने में हमेशा महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बहुत से भारतीय अब जापान में काम कर रहे हैं और जापानी अर्थव्यवस्था और समाज में योगदान दे रहे हैं, जैसे जापानी अधिकारी भारत में आर्थिक विकास में योगदान दे रहे हैं। मुझे विश्वास है कि इस तरह की पूरकताओं को कई गुना बढ़ाया जा सकता है। लेकिन हमारी साझेदारी की अधिक अनिवार्यता है और यह एक बड़े उद्देश्य की पूर्ति करती है। कोविड महामारी, वैश्विक तनाव और हमारे अपने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में स्थिरता और सुरक्षा के लिए विघटनकारी चुनौतियों ने लचीला आपूर्ति श्रृंखला, एक मानव-केंद्रित विकास मॉडल और स्थिर तथा मजबूत अंतरराष्ट्रीय आर्थिक संबंधों के निर्माण की आवश्यकता को रेखांकित किया है, जो जबरदस्ती और शोषण का विरोध करने में सक्षम हैं। हमारी साझेदारी इन लक्ष्यों को आगे बढ़ाने में मदद करेगी। ऐसा करने में, हम एक खुले, मुक्त और समावेशी इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के निर्माण में भी योगदान देंगे, जो सुरक्षित समुद्रों से जुड़ा हो, व्यापार और निवेश से एकीकृत हो, संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता के संबंध में परिभाषित हो और अंतरराष्ट्रीय कानून में निहित हो। हिंद-प्रशांत क्षेत्र में रणनीतिक रूप से स्थित दो लोकतंत्रों के रूप में, हम एक स्थिर और सुरक्षित क्षेत्र के महत्त्वपूर्ण स्तंभ हो सकते हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### टैबलेट पाकर खिले छात्र-छात्राओं के चेहरे

गजरौला। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में छात्र-छात्राओं को टैबलेट वितरित किए गए। विद्यार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे बछरायूं क्षेत्र के गांव फतेहपुर छीतरा में संचालित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में बुधवार को 170 छात्र-छात्राओं को प्रधानाचार्य शिव कुमार शर्मा ने टैबलेट वितरित किए। संस्थान स्टाफ ने भी सहयोग किया। प्रधानाचार्य ने बताया कि 28 मई को संस्थान परिसर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा, 15 कंपनियां प्रतिभाग करेंगी। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट व आईटीआई उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे। बताया कि संबंधित कंपनियों के पास लगभग 500 पद रिक्त हैं।

### अफसरों को दी भारतीय संविधान की पुस्तक

अमरोहा। सत्य पथ सामाजिक संस्था के संस्थापक सदस्य शेर सिंह बौद्ध ने कहा कि संविधान से ही हमको अपने मौलिक अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी होती है। सभी को संविधान अवश्य पढ़ना चाहिए। बुधवार को शेर सिंह बौद्ध के नेतृत्व में संविधान की पुस्तक वितरित करने को लेकर अभियान चलाया गया ।इस दौरान इस्माइल सैफी, अकबर हुसैन कलवा, लता सगर, धर्मपाल सिंह, मुराद अली, मयंक प्रताप, सलमान आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं व महिलाओं को जागरूक किया

स्योहारा.। मुख्यमंत्री उ0प्र0 द्वारा नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलंबन के लिये चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के अन्तर्गत थाने पर आयोजित पुलिस टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्र में बालिकाओं को व छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के सम्बन्ध में जागरूक किया गया तथा हेल्पलाईन नम्बर 102, 108, 112, 181, 1076, 1098, 1090 की जानकारी दी ई। इस दौरान सडकों पर तथा स्कूल कॉलेजों के आसपास बेवजह घूम रहें मनचलों पर शिकंजा कसा गया।

### एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

नजीबाबाद। शासन के आदेश पर हाईवे के किनारे बढ़ रहे अतिक्रमण को लेकर प्रशासन पूरी तरह से गंभीर हो गया है और बुधवार को तीसरे दिन भी एसडीएम व सीओ के नेतृत्व में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया जिससे अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा रहा। बता दें कि शासन के कड़े निर्देश पर स्थानीय प्रशासन ने तीन दिन पूर्व तहसील से रेलवे स्टेशन, रोडवेज बस स्टैण्ड तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया था और आगे से अतिक्रमण ना करने की चेतावनी भी दी थी ।उसी क्रम में प्रशासन ने एक बार फिर रेलवे स्टेशन रोडवेज बस स्टैण्ड के आसपास अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाते हुए सड़क किनारे खड़े होर्डिंग ,फ्लैक्सीज को भी जेसीबी से धराशाई करा दिया। प्रशासन ने सड़क पर रखे खोखों व अस्थाई अतिक्रमण पर भी जेसीबी चलवा दी। अभियान को लेकर अतिक्रमण करने वालों में हड़कंप मचा रहा। इस दौरान एसडीएम मनोज कुमार, सीओ गजेन्द्र सिंह पाल, थाना प्रभारी रविन्द्र कुमार वर्मा नगर पालिका ईओ विजय पाल सिंह, राजस्व निरीक्षक विपिन चैहान व अन्य पालिका कर्मचारियों के साथ मौजूद रहे।

# अपराध: रहरा क्षेत्र में बढ़ती चोरी की घटनाओं से ग्रामीणों में दहशत

प्रात: किरण संवाददाता,मनोज शर्मा

**रहरा।** क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से लोग सहमे हुए है। एक तरफ चोरों का हौसला बुलंद है। वहीं पुलिस किसी घटना का खुलासा करने में भी असमर्थ है। छह माह पूर्व थाना क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी में हुई लाखों की चोरी का खुलासा हुआ नहीं और आए दिन चोरी की विभिन्न घटनाएं घटती रहती है। गौरतलब है कि रहरा थाना क्षेत्र खादर का इलाका माना जाता हैं।

यहां के लोग बड़े ही सादे मिजाज से अपना जीवन यापन करते हैं। लेकिन कुछ शरारती तत्वों ने क्षेत्र के लोगों मे दहशत का माहौल बनाकर चोरी की घटनाओं का अंजाम देते आ रहे है। और थाना पुलिस घटनाओं का खुलासा नहीं कर पा रही है। एक घटना छह माह पूर्व थाना क्षेत्र के गांव गंगेश्वरी में 10 नवंबर की रात तीन घरों से नगदी व आभूषण समेत करीब दस लाख से अधिक का माल चोरी करने के मामले में रहरा पुलिस कोई पता नहीं लगा सकी है ।ग्रामीण पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप है। चोरों ने भारतीय किसान यूनियन के तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह के भाई सुरेश ठाकुर के घर से सोने की अंगूठी, कुंडल पायल समेत अन्य आभूषण व 15 हजार की नगदी चोरी कर ली थी।




सुरेश व उनके परिजनों को घटना की जानकारी सुबह में हुई थी। सत्यवती पत्नी हरवीर के घर से चोरों ने सोने के कुंडल, मंगलसूत्र, अंगूठी, चांदी की पाजेब व 6 हजार की नगदी समेट ली थी। सत्यवती का कहना है कि उसने बेटी की विदाई के लिए आभूषण आदि जुटाकर रखे थे। राजू उर्फ जुगला पुत्र कुंवरपाल के घर से सोने व चांदी के आभूषण व 5 हजार की नगदी चोरी कर ली थी। इस दौरान राजू व उसके परिवार के सदस्य रिश्तेदारी में गए हुए थे। घटना की जानकारी हुई तो हड़कंप मच गया। पुलिस ने मौका मुआयना किया। तीनों घटनाओं में चोरी गए सामान की कीमत करीब 10 लाख से अधिक बताई गई थी।पुलिस के मुताबिक तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। चोरों की तलाश की जा रही है। और चोरों के हौसला बढ़ता जा रहा है। वहीं पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी हुई है। चोरी की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल भी करती है।लेकिन चोरों को पकड़ने अथवा घटना का खुलासा करने में दिलचस्पी नहीं होती ।बीती रात को थाना क्षेत्र के गांव पौरारा निवासी प्रहलाद सिंह का गंगा तटबंध किनारे ग्राम मीरपुर डवका के नजदीक खेत है ।देर रात वह खेत पर फसल की सिचाई कर रहे थे ।उनके खेत के बराबर में ग्राम मीरपुर ढक्का निवासी सीताराम व आशाराम भी अपनी फसल की सिचाई कर रहे थे ।तीन बदमाश सबसे पहले सीताराम के नलकूप पहुचें। वहां उन्होंने सीताराम के बेटे सोविंद्र को बंधक बनाया और आसपास के किसनों के बारे मे जानकारी की ।बदमाश सोविंद्र को आसाराम तथा प्रहलाद सिंह की नलकूप पर ले गए ।यहां पर कोई नहीं था ।पड़ोस में ग्राम पौरारा निवासी इकबाल अपनी फसल की रखवाली कर रहे थे ।बदमाशों ने सोविंद्र तथा इकबाल को मैंथा फेक्ट्री के एक कमरे में बंधक बना दिया। इसके बाद तीनों ने नलकूपों की मोटर तथा सोविंद्र का मोबाइल लेकर फरार हो गए ।जानकारी के मुताबिक इस मामले में पीड़िता ने थाने में कोई तहरीर नहीं दी। लेकिन लगातार बढ़ती क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने में रहरा पुलिस विफल साबित हो रही है ।ग्रामीणों में दहशत का माहौल व्याप्त है। पुलिस दावा कर रही है कि जल्द ही चोरी की घटना का पदार्फाश कर लिया जायेगा, लेकिन ऐसा हो नहीं पा रहा है।

# कच्ची शराब व अवैध खनन पर नकेल कसना होगा बड़ी चुनौती

रहरा, प्रात: किरण संवाददाता



थाना क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या अवैध शराब की बिक्री है जिस पर रोक लगाने की बड़ी जिम्मेदारी थाना प्रभारी के समक्ष है।

क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री धडल्ले से हो रही है जिसमे ग्राम पंचायतों में पुरुषों के साथ साथ महिला व नाबालिग बच्चों द्वारा भी क्षेत्र में बेधड़क शराब की बिक्री की जा रही है, पुलिस कई बार अवैध शराब बिक्री के मामले में कार्यवाही भी कर चुकी है ,लेकिन फिर भी अवैध शराब बिक्री करने से लोग बाज नहीं आ रहे हैं।

वहीं अवैध खनन करने वालों के भी हौसले बुलंद हैं ,इन खनन में गंगा किनारे के ग्रामों में होने वाले बालू रेत खनन व मिट्टी खनन भी शामिल हैं ,कभी कभी तो खनन के ट्रेक्टरों के गुजरने की वजह से मुख्य सड़कों पर दूर दूर तक धूल उड़ती भी दिखाई देती है जिससे लोगों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ता है रेत खनन करने वाले लोग 2000 से 2500 रुपये तक एक ट्रॉली रेत बेचने का काम करते हैं साथ ही अक्सर रात के अंधेरे का फायदा उठाकर अवैध खनन को अंजाम देने का काम किया जाता है। अवैध शराब का भी यही हाल है बताते चलें ग्राम पंचायतों के कई युवाओं को नशे की लत लगा कर गांव में युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर अवैध शराब निर्माण व बिक्री का काम लोग कर रहे हैं।

अवैध शराब बिक्री के कारण ही गांव में असामाजिक तत्वों के द्वारा हमेशा लड़ाई झगड़े जैसी घटनाएं आए दिन होती ही रहती है ग्राम पंचायत में शांति व्यवस्था भंग होते दिखाई दे रही है जिससे ग्रामवासी परेशानी का सामना करने को मजबूर है। परेशान ग्रामीणों ने कई बार इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों से भी की है लेकिन कड़ी कार्यवाही नहीं होने की वजह से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

### अवध बिहारी ने संभाला एडिओ पंचायत का कार्यभार



**रहरा।** जनपद अमरोहा के ब्लॉक गंगेश्वरी में बुधवार को सचिव अवधबिहारी ने को एडिओ पंचायत का अतिरिक्त चार्ज दिया गया ।बुधवार को उन्होंने चार्ज ग्रहण करने के पश्चात ब्लॉक के सचिवों के बैठक की ।इस मौके सचिवों द्वारा उनका जोरदार भव्य स्वागत किया आ। नवनियुक्त एडीओ पंचायत अवधबिहारी ने कहा कि हमारी प्राथमिकता गांव में पूर्व में लाभार्थियों को दिए गए शौचालय का कार्य पूरा कराने तथा सभी ग्राम पंचायत में पंचायत भवन तथा साफ सफाई व स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा ।उन्होंने सफाई कर्मियों को सफाई पर ध्यान देने का निर्देश दिया ।साथ ही कहा कि निरीक्षण के दौरान किसी भी गांव में गंदगी पाई जाती है, तो सम्बंधित के विरुद्ध होने वाली कार्रवाई का जिम्मेदार वह स्वयं होगा ।अतः आप लोग अपने कार्यों को अविलंब और सुचारू रूप से करने में जरा भी लापरवाही न करें।

# सीएम की घोषणा के बाद भी नहीं बढ़ी सहकारी चीनी मिल की क्षमता

हसनपुर, प्रात: किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद भी कालाखेड़ा सहकारी चीनी मिल की क्षमता वृद्धि नहीं हुई है। बिजली विभाग पुलिस व पीएसी के साथ मिलकर बिजली चेकिंग के नाम पर लूट-खसोट कर रहा है। इन मामलों का तुरंत संज्ञान लिया जाए ।बुधवार को मंडी समिति में आयोजित भारतीय किसान यूनियन की पंचायत में वक्ताओं ने ये बात कही। संगठन के तहसील अध्यक्ष ठाकुर महेश सिंह ने बताया कि शासन की मंशा को प्रशासन पलीता लगा रहा है। आवारा पशुओं से निजात नहीं दिलाई जा रही है।

आवारा पशुओं की वजह से आए दिन हादसे हो रहे हैं। कई मामलों में सांड आदि पशु किसानों पर हमला कर घायल कर चुके हैं। कई किसानों की मौत भी हो चुकी है। बार-बार गुहार लगाने के बाद भी पशुओं को पकड़कर गोशाला नहीं भेजा जा रहा है। आवारा पशु फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। तहसील क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में स्थित



चरागाह की भूमि को कब्जा मुक्त कराने की मांग की। सहकारी चीनी मिल द्वारा अभी तक गन्ना भुगतान न करने पर रोष जताया। किसानों को फसल सिंचाई के लिए कम से कम 10 घंटे बिजली देने की मांग की। मध्य गंगा नहर का निर्माण कार्य जल्द पूरा करने की जरूरत बताई। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि कई विभागों में अभी भी भ्रष्टाचार चरम पर है। समस्या समाधान न होने पर आंदोलन की चेतावनी दी। तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा गया। बैठक की अध्यक्षता रियासत खां व संचालन ब्लाक अध्यक्ष काले सिंह ने किया। इस दौरान चौधरी सुरेश, बाबूराम त्यागी, महावीर सिंह चौहान, शीशपाल सिंह, महेंद्र सिंह, कैलाश सिंह, हरिओम चौधरी, चरन सिंह,आदि मौजूद रहे।

### यातायात नियमों को दरकिनार कर बेखौफ घूम रहे वाहन चालक

**रहरा।** पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल के आदेश अनुपालन में जिले भर में सड़क सुरक्षा सप्ताह मनाया गया। लोगों को जागरूक भी किया गया है। लेकिन बावजूद इसके भी लोग बिना हेलमेट के बाइक दौड़ा रहे हैं। लोग एक ही बाईक पर तीन तीन सवारियों को बैठाकर थाने के आगे से ऐसी ही निकल जाते हैं। पुलिस चेकिंग अभियान तो चलाती है। लेकिन उसका असर थाना क्षेत्र में दिखाई नहीं दे रहा। प्रशासनिक एवं परिवहन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी ने जनता को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया और सड़कों पर उतर कर नियमों का पालन कराने का प्रयास भी किया लेकिन रहरा में बेखौफ दिन में ही सड़कों पर दो पहिया वाहन चालक खुलेआम यातायात के नियमों की धज्जियां उड़ाते थाने के सामने से गुजरते दिखाई देंगे ।वही यह कहने में भी गुरेज नहीं है की पुलिस अधीक्षक की सख्ती के चलते ही अभियान को अमलीजामा पहनाया जा रहा।

# अवैध अतिक्रमण व पालिथीन पर ईओ ने चलाया अभियान

जोया, प्रात: किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री के आदेशों पर अधिशासी अधिकारी नमीता चौधरी के नेतृत्व में पंचायत की टीम ने नगर में अवैध अतिक्रमण एवं प्रतिबंधित पालीथिन के खिलाफ अभियान चलाया ।इससे दुकानदारों एवं वाहन चालकों मे खलबली मची रही ।अभियान चलने की जानकारी मिलते ही फुटपाथ पर लगे ठेले व फड़ वाले देखते ही देखते गायब हो गए।

सड़कों पर अस्थायी रूप से किया अतिक्रमण लोगों ने हटा लिया। शहर के बाहर क्षेत्र में दुकानदारों ने दुकानों के आगे व फुटपाथ पर ठेले खोमचे वालों ने सड़क पर अतिक्रमण कर रखा है। गौरतलब है कि मंगलवार को नगर पंचायत की टीम ने नगर क्षेत्र में प्रतिबंधित पालिथीन व अवैध अतिक्रमण को लेकर अभियान चलाया ।कई जगह पर प्रतिबंधित पालिथीन की छापेमारी की और जुमार्ना भी लगाया। इस अभियान को देखकर



दुकानदारों मे हड़कंप मचा रहा ।कुछ दुकानदार तो दुकानों को बंद करके फरार हो गए। वहीं दूसरी ओर अवैध अतिक्रमण को लेकर नगर के मैन चोराहों व मुख्य बाजार में अभियान चलाया।, जहां दुकानदारों ने सड़कों पर अतिक्रमण कर रखा है।

अतिक्रमण करने के चलते फुटपाथ गायब हो गए हैं और सड़के संकरी हो गई हैं। संकरी सड़कों पर अक्सर जाम की स्थिति बनी रहती है। जिससे लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

इस मौके पर कार्यालय अधीक्षक विजय प्रसाद शर्मा, कार्यालय प्रभारी विपिन कुमार, प्रभारी लिपिक मोहम्मद नोमान, कंप्यूटर ऑपरेटर फहीम अहमद, प्रभारी सफाई नायक, संजय, अमर सिंह, विजय, राजवीर, आदि कर्मचारी गण मौजूद रहे।

# गजरौला पालिका ने नगर में चलाया चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान



गजरौला, प्रात: किरण संवाददाता

लंबे समय से मुख्य मार्ग से बाजार तक पहुंच मार्ग पर दुकानदारों के द्वारा किए गए अतिक्रमण की शिकायत लगातार लोगों के द्वारा की जा रही थी। इसे देखते हुए मंगलवार शाम को मुख्यमंत्री के निर्देश एवं उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में अधिशासी अधिकारी बिजेंद्र सिंह पाल ने पालिका टीम के साथ नगर पालिका ने अतिक्रमण तोड़ो अभियान चलाकर दुकानदारों के सड़क पर कब्जे हटाए। दर्जनभर दुकानदारों को भविष्य में अतिक्रमण न करने की हिदायत भी दी। सड़क पर अतिक्रमण को बेदखल किया गया। नगर पालिका की ओर से मंगलवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। पालिका कर्मचारियों की टीम ने शहर के मेन बाजार, नगर पालिका रोड,आदि स्थानों पर दुकानों के आगे किया गया अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान नपा की टीम ने दुकानों के आगे सड़क पर रखे होर्डिंग बोर्ड, सामान रखने के लिए रखे बेंच व अन्य सामान को हटवाया। नपा की कार्रवाई से दिन भर दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। इस कार्रवाई का स्थानीय लोगों ने स्वागत किया, वहीं दुकानदारों में रोष दिखाई दिया। दरअसल नगरपालिका की ओर से बाजार में मुनादी करवाकर नपा की ओर से दुकानों के आगे बनाए गए अतिक्रमण को हटाने की चेतावनी दी गई थी। तीन दिन तक दुकानों के आगे बनाए गए अतिक्रमण न हटाए जाने पर नपा की ओर से अतिक्रमण को जेसीबी मशीन द्वारा हटाने बारे कहा गया।

### हृदय गति रुकने से सिपाही की मौत

**नजीबाबाद।** चैकी प्रभारी के साथ मॉर्निंग वॉक के लिए निकले एक सिपाही की हृदय गति रुकने से मौत हो गई। सिपाही की मौत से पुलिस विभाग में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम मथना थाना संभल निवासी 37 वर्षीय खुर्शीद अहमद पुत्र कल्लू खान नजीबाबाद की जलालाबाद चैकी पर सिपाही के रूप में ड्यूटी पर थे। बुधवार की सुबह वह चैकी इंचार्ज चंद्रवीर के साथ मॉर्निंग वॉक पर निकले थे। बताया जाता है कि चैकी से कुछ दूरी पर चलने के दौरान सिपाही खुर्शीद के सीने में अचानक दर्द हुआ और वह बेहोश होकर गिर पड़े। उन्हें तुरंत स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया लेकिन वहां डाक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। सिपाही खुर्शीद की अचानक मौत की खबर सुनते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। सीओ गजेंद्र पाल सिंह व थाना प्रभारी रविंद्र कुमार वर्मा ने सिपाही की मौत पर शोक संवेदना व्यक्त की है। विभाग द्वारा उनके परिवार वालों को सूचित कर दिया गया है तथा शव को पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया गया है।

# विधायक महबूब अली ने सदन मे रखा विद्युत चैकिंग का मुद्दा

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता



समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेता सदर विधायक/पूर्व कैबिनेट मंत्री हाजी महबूब अली ने विधानसभा सत्र के तीसरे दिन विधुत विभाग द्वारा जनपद में चल रही चैकिंग कर मीटर के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण का मुद्दा उठाया। उन्होंने सदन में मौजूद प्रदेश के बिजली मंत्री से इस बावत सवाल किया। सदर विधायक महबूब अली ने कहा कि आज विधुत विभाग द्वारा चैकिंग के नाम पर दोषपूर्ण कार्यवाही कर उपभोक्ता का शोषण किया जा रहा है।

घरेलू उपभोक्ताओं के मीटर अक्सर खराब होने की दशा में मीटर लैब(एम०आर०आई०) के लिए भेजा जाता हैं। जहां उन खराब मीटरों मे संचित यूनिट जाँची जाती हैं ।ऐसी संचित विधुत युनिट का पैसा उपभोक्ता से वसूला जाता हैं। जब लाखों रुपए की तनख्वाह लेकर हर महीने मीटर रीडिंग, मीटर जाँच कर बिल बनता है ।तथा जई,एसडीओ,एक्शन जाँच करते हैं ।तो संचित यूनिट का पैसे अकेले उपभोक्ता से क्यों वसूला जाता हैं। आगे श्री अली ने कहा कि बिजली चैकिंग के नाम पर गलत बिल बनाकर उपभोक्ताओं के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है। जिससे प्रदेश की जनता मे भारी आक्रोश है ।इस पर उर्जा मंत्री ने सदर विधायक महबूब अली के सवालों का जवाब देते हुए कहा और आशवासन दिया कि जाँच कराकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

### गंगा को स्वच्छ व अविरल बनाने पर दिया जोर

**गजरौला।** नेहरू युवा केंद्र अमरोहा के संयोजन में नमामि गंगे परियोजना के तहत सात दिवसीय आवासीय स्पेयर हेड प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षिणार्थियों को मां गंगा को स्वच्छ व अविरल बनाने पर जोर दिया गया ।बुधवार को तीसरे दिन स्पेयर हेड प्रशिक्षण कार्यक्रम संपदा फार्म तिगरी में आयोजित किया गया। नमामि गंगे अभियान से जुड़े पदाधिकारियों ने टीम बनाई, जो मां गंगा को अविरल, निर्मल बनाने में योगदान देगी। नमामि गंगे के जिला परियोजना अधिकारी सचिन चौधरी ने कहा कि गंगा के किनारे जन्म लेना एक सौभाग्य की बात है। मां गंगा की धारा स्वच्छ और निर्मल हो, इसके लिए सभी युवाओं को आगे आना चाहिए। नेहरू युवा केंद्र की जिला युवा अधिकारी आभा सोनी ने कहा कि गंगा को स्वच्छ एवं निर्मल बनाने के लिए लोगों को जागरूक करना अति आवश्यक है। हम सभी लोगों को प्रण लेना चाहिए। स्पेयर हेड टीम गंगा ग्रामों में लोगों को नमामि गंगे अभियान से जोड़कर इसे सफल बनाने का कार्य करेगी।

# सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति किया जागरूक

अमरोहा, प्रात: किरण संवाददाता

शहर के राजकीय इंटर कॉलेज के छात्रों ने बुधवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत रैली निकाली। खुद छात्र-छात्राओं व स्टाफ ने भी यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। एआरटीओ एके सिंह राजपूत, प्रधानाचार्य दिनेश कुमार चिकारा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। गांधी मूर्ति तिराहे से शुरू हुई रैली शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी। इस दौरान छात्रों ने आम लोगों व वाहन चालकों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति जागरूक किया। बाइक चलाते वक्त हेलमेट पहनने, कार चलाते वक्त सीट बेल्ट का प्रयोग करने पर जोर दिया। जागरूकता संबंधी पत्रकों का वितरण भी वाहन चालकों को किया गया।

खुद छात्र-छात्राओं व स्टाफ ने भी यातायात नियमों का पालन करने की शपथ ली। वहीं दूसरी तरफ स्थानीय ज्ञान भारती इंटर कालेज गजरौला के स्काउड-गाइड ने नुक्कड़ नाटक के जरिए यातायात नियमों का पालन करने की अलख जगाई। आम लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की ।बुधवार सुबह शहर के इंदिरा चौक, खाद गुर्जर चौराहा समेत अन्य कई स्थानों पर स्काउट-गाइड ने नुक्कड़ नाटक का मंचन किया।

सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों के प्रति वाहन



चालकों एवं आम लोगों को जागरूक किया। सभी से यातायात नियमों का पालन अनिवार्य रूप से करने की अपील की। स्कूल स्टाफ ने भी विषय के प्रति जागरूक किया। इस दौरान एनएसएस प्रभारी मनोज मिश्र, करन सिंह, नरेश सिंह, मंजू शर्मा, महेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### यातायात नियमों की दी जानकारी

**अमरोहा।** सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत जेएस हिन्दू इंटर कॉलेज के संयोजन में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। प्रधानाचार्य डा.गजेंद्र पाल सिंह के नेतृत्व में एनसीसी ऑफिसर डा.नरेश कुमार ने एनसीसी कैडेट्स के साथ कॉलेज चौराहे पर वाहन चालकों व राहगीरों को यातायात नियमों की जानकारी दी। दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने, कार चलाते समय सीट बेल्ट लगाने की अपील की। इस दौरान डा.शिव शंकर यादव, अंकित कुमार, राजेश कुमार, कृष्ण गोपाल वर्मा, कुमेर सिंह मौजूद रहे।

### साइबर अपराध सम्बन्धी जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

**नूरपुर।** डॉ0 धर्मवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर के निर्देशन में साइबर अपराध पर प्रभावी रोकथाम हेतु डिस्ट्रिक्ट साइबर सैल द्वारा विभिन्न स्कूलों कॉलेजों संस्थाओं शहरों कस्बों गांवो आदि में साइबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है। इसी क्रम में बुधवार को डिस्ट्रिक्ट साइबर सैल में तैनात अधि0 कर्म0गणों द्वारा थाना नूरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कल्हैडी में जाकर ग्रामवासियों को साइबर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर अपराधों से बचाव रोकथाम व साइबर सम्बन्धी जानकारी दी गयी तथा संवाद किया गया। कार्यक्रम में किसी भी साइबर सम्बन्धी फ्रॉड हो जाने पर तत्काल उसकी सूचना साइबर हेल्प लाइन 1930 पर व पूद पर दर्ज करवाने व किसी भी अनजान व्यक्तियों के साथ अपने बैंक खाते सम्बन्धित जानकारी जैसे ओ0टी0पी सी0वी0वी पिन नंबर आदि किसी के साथ साझा न किए जाने, किसी भी लिंक को बिना वेरीफाई किए न खोलना, किसी भी को इंस्टॉल न करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

# गन्ना समिति में पिछले कई दिनों से यूरिया ना होने के कारण किसान खाली हाथ अपने घरों को लौट रहे

नगीना, प्रात: किरण संवाददाता

गन्ना समिति में पिछले एक सप्ताह से यूरिया न मिलने से किसान परेशान हो रहे हैं। सोमवार को क्षेत्र में भारी बारिश के बाद खेतों में यूरिया की बहुत अधिक आवश्यकता हो गई है। लेकिन गन्ना समिति में पिछले कई दिनों से यूरिया ना होने के कारण किसान खाली हाथ अपने घरों को लौट रहे हैं। गर्मी के मौसम में गन्ने की बढ़वार के लिए सबसे अधिक आवश्यकता नाइट्रोजन की होती है जो सीधे तौर पर यूरिया खाद से मिलता है जिसको किसान अपने खेतों में गन्ने की फसल में थोड़ी-थोड़ी मात्रा में दो तीन बार लगाते हैं।

यूरिया खाद की आपूर्ति गन्ना समिति व सहकारी साधन समितियों के माध्यम से होती है। लेकिन पिछले कई दिनों से गन्ना समिति वह साधन समितियों में यूरिया न मिलने से किसान काफी परेशान हैं। और किसान यूरिया खाद ओने पौने दामों



पर प्राइवेट दुकानों से खरीद रहे हैं। मजबूरी का फायदा उठाते हुए प्राइवेट दुकानदार अधिक रेट में यूरिया की बोरी बेच कर किसानों को शोषण कर रहे हैं। सोमवार को अचानक क्षेत्र में भारी बारिश होने से खेतों में खड़ी गन्ने की फसल को भारी लाभ हुआ है। लेकिन वर्षा पडने से यूरिया की भी बहुत अधिक आवश्यकता हो गई है किसान जगजीत सिंह, रामपाल सिंह, काशीराम ,ओम प्रकाश, जयप्रकाश ,अश्वनी कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में बारिश पड़ने के बाद गन्ने की फसल को यूरिया की बहुत अधिक आवश्यकता है। लेकिन किसान सुबह सवेरे ही गन्ना समिति में चले जाते हैं। और वहां पर मौजूद खाद गोदाम के इंचार्ज रोज यह कह कर भेज देते हैं कि कल खाद मिल जाएगा लेकिन कई दिनों से यूरिया आपूर्ति न होने से किसान मायूस है। किसानों का कहना है कि यदि उन्हें शीघ्र ही यूरिया नहीं मिला तो इसकी शिकायत वह उच्च अधिकारियों से करेंगे।

किसानों का यह भी कहना था कि इस समय यूरिया खाद नहीं मिलेगा तो बरसात में यूरिया का कोई लाभ नहीं रहता। तथा फसल कमजोर रह जाएगी और आर्थिक रुप से नुकसान होगा। उधर यूरिया आपूर्ति न होने के संबंध में जेस्ट गन्ना विकास निरीक्षक अविनाश चंद्र तिवारी ने बताया कि यूरिया खाद की व्यवस्था की जा रही है। तथा शीघ्र ही खाद मंगा कर किसानों को वितरित किया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### निःशुल्क आठ दिवसीय ताईक्वांडो आर्ट आत्मरक्षा ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन

नजीबाबाद। ताईक्वांडो एसोसिएशन की ओर से निःशुल्क आठ दिवसीय ताईक्वांडो आर्ट आत्मरक्षा ट्रेनिंग कैम्प का आयोजन किया गया जिसमें आत्मरक्षा व शारीरिक व्यायाम की तकनीक सिखाई गई। जिला बिजनौर ताईक्वांडो एसोसिएशन की ओर से आयोजित निःशुल्क आठ दिवसीय ताईक्वांडो मार्शल आर्ट आत्मरक्षा ट्रेनिंग कैम्प का उदघाटन प्रधानाचार्य प्रकाशवीर आर्य व समाजसेवी आकाश कर्णवाल उर्फ कान्हा ने फीता काटकर किया। आठ दिवसीय निःशुल्क कैम्प में लड़को एंव लड़कियो को आत्मरक्षा व शारीरिक व्यायाम की तकनीक सिखाई जाएगी। मुख्य कोच राजू राजपूत ने बताया कि यह कैम्प आठ दिनों के लिए आयोजित किया गया है। कैम्प के प्रथम दिन 150 बालक बालिकाओं का रजिस्ट्रेशन करके प्रशिक्षण शुरू करा दिया गया है सहायक कोच राशि, साक्षी शर्मा, कुमारी वंशिका, साना पटेल, वंशिका चैहान, आदि ने प्रशिक्षण देते हुए आत्मरक्षा की तकनीकों के बारे बताया। इस अवसर पर कोच राजू राजपूत, रिंकू, सुशील आर्य, नसीम सहित अभिभावक मौजूद रहे।

### संघ कार्यकर्ता को जय भारत मंच का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया

बिजनौर। हल्दौर क्षेत्र के ग्राम बलदिया निवासी संघ कार्यकर्ता कपिल कुमार उर्फ सेठ जी को जय भारत मंच के प्रेषक इन्द्रेश कुमार की सन्तुति पर जय भारत मंच का जिला अध्यक्ष मनोनीत किया गया है कपिल कुमार पिछले बीस वर्षो से संघ से जुड़े रहे है तथा व जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि का दायित्व भी संभाल चुके है कपिल कुमार के जिला अध्यक्ष बनने से उनके गांव के साथ साथ उनके समर्थको में भारी उत्साह है, कपिल कुमार ने अपने मनोयन पर बताया की संगठन ने जो जिम्मेदारी उन्हें सौपी है उसमे वे पूरी निष्ठा के साथ कार्य करते हुए जनता को जय भारत मंच से जोड़ने का कार्य करेंगे। कपिल कुमार के मनोयन पर जय भारत मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ वीर सेन ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ववल भविष्य की कामना की है।

### 27 मई को विकास भवन में जल जीवन मिशन अंतर्गत होगा एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

बिजनौर। मुख्य विकास अधिकारी के0पी0 सिंह ने बताया कि राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन अन्तर्गत नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उ0प्र0 द्वारा जल जीवन मिशन हर घर जल योजनांतर्गत जनपद स्तर पर विकास भवन सभागार में 27 मई,2022 को मध्याहन 12:00 बजे एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि एक दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ जिलाधिकारी बिजनौर करेंगे।

### एनसीसी केडेट्स ने नुक्कड़ के माध्यम से किया ट्रैफिक नियमो से जागरूक

स्योहारा। एमक्यू इंटर कॉलेज स्योहारा मे उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाए जा रहे सड़क सुरक्षा कार्यक्रम में एनसीसी कैडेट ने एमक्यू इंटर कॉलेज के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट मोहम्मद यूनुस के दिशा निर्देशन में एक रैली निकाली ।और ट्रैफिक कंट्रोल से संबंधित एक नुक्कड़ नाटक जिला सहकारी बैंक स्योहारा के सामने प्रस्तुत किया। एनसीसी कैडेट ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से जनता को सड़क सुरक्षा के नियम बताएं और सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन न करने पर होने वाली दुर्घटना के बारे में भी बताया। एनसीसी कैडेट्स ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से वाहनों को चलाते समय धीमी गति हेलमेट का प्रयोग नशे में वाहन ना चलाने के बारे में जनता को जागरूक किया।

### आंधी तूफान से नगर में यूनिपोल व होर्डिंग गिरे, बड़ा हादसा टला

नजीबाबाद। क्षेत्र में लगे यूनीपोल व होल्डिंग पर लगी फेलक्सियों का मकड़जाल, जानलेवा हैं क्षेत्र के न व्यवस्था, न कोई मानक। इस माह मई में चार बार आंधी व तूफान आया। आंधी तूफान से नगर के हरिद्वार रोड स्थित कृष्णा चैक पर ए0 टू0 जेड फर्म का यूनीपोल का होर्डिंग स्ट्रक्चर गिरा गया। गनीमत रही कि इससे कोई हादसा नहीं हुआ। वही नगर में हरिद्वार रोड, स्टेशन रोड, रोडवेज बस स्टैंड, आजाद चैक सहित कई जगहों पर होडिंग गिरने की खबर है जिससे हादसा हो सकता था। लेकिन हर बार हादसे टलते रहेंगे। ये मान लेना ही घोर लापरवाही है। नगर पालिका परिषद व पीडब्ल्यूडी की ओर से इन अवैध रूप से लगाए गए यूनिपोल व होल्डिंग के न कोई मानक और न कोई व्यवस्था बनी है।

# भाजपा भागूवाला मंडल कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

**नजीबाबाद, प्रात: किरण संवाददाता**




**बैठक**

- बैठक में आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई

नजीबाबाद विधानसभा में भाजपा भागूवाला मंडल कार्यसमिति की एक आवश्यक बैठक मंडावली स्थित शिव मंदिर परिसर में मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति एवं वरिष्ठ भाजपा नेता चैधरी ईशम सिंह के संचालन में संपन्न हुई। बैठक को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए जिला महामंत्री भाजपा बिजनौर विनय राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र हित की भावना से कार्य करने वाला एकमात्र राजनीतिक दल है ।

उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता निरंतर काम करता है जबकि अन्य दलों के कार्यकर्ता सिर्फ चुनाव आने पर ही दिखाई देते हैं उन्होंने बताया कि पार्टी शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार 4 जून से 15 जून तक सब कार्यकर्ता सामाजिक समरसता के कार्य करेंगे जिसमें 4 जून को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की ओर से प्रत्येक गांव में महापुरुषों की मूर्ति एवं मंदिरों पर सफाई अभियान चलायेगे। 5 जून को अमृत सरोवर अभियान के अंतर्गत हो रहे कार्यक्रम में भाग लेकर श्रमदान करेंगे। 6 जून को आंगनवाड़ी केंद्रों, स्वास्थ्य केंद्रों, एवं स्वयं सहायता समूह के केंद्रों पर जाकर सरकार की ओर से दी जा रही योजनाओं की जानकारी देने का कार्य एवं सेवा कार्य करेंगे। 7 जून को समाज के कमजोर वर्गों को उत्तर प्रदेश सरकार से वितरित किए जा रहे राशन वितरण में सहयोग करेंगे। 8 जून को अनुसूचित जनजाति मोर्चा का कार्यक्रम होगा। 9 जून को पिछड़ा वर्ग मोर्चा सामाजिक प्रतिनिधियों के साथ बैठक का कार्यक्रम रहेगा। 10 जून को रेढी पटरी लगाने वालों से चर्चा वार्ता का कार्यक्रम होगा। 11 व 12 जून को टीकाकरण बूस्टर डोज के विषय में संगोष्ठी आयोजित की जाएंगी 13 जून को जनपद में आयोजित एक विशाल रैली जनसभा आयोजित की जाएगी जिसमें प्रत्येक मंडल से 5 बसें ले जाने का लक्ष्य रखा गया है।

रैली को सफल बनाने के लिए राणा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास सबका प्रयास के आधार पर कार्य कर रही है हम सब कार्यकताओं को सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने में अपना अपना सहयोग करना है बैठक को संबोधित करते हुए नजीबाबाद के ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि विकास के कार्य के लिए कोई भी कार्यकर्ता अपने सुझाव और प्रस्ताव उन तक पहुंचाएं उनका लक्ष्य है कि प्रत्येक गांव में उनके द्वारा प्रदेश सरकार के दिशा निर्देश में कोई ना कोई विकास कार्य अनिवार्य रूप से कराया जाएगा इस अवसर पर बैठक में चैधरी ईशम सिंह, मुकेश अग्रवाल, ओंकार सिंह, मनीष पाल सिंह, रोहताश सिंह, पूर्व प्रधान हरपाल सिंह, मयंक चैहान, कपिल राजपूत, कमल सैनी, नागल मंडल अध्यक्ष आर्य वीरेंद्र शर्मा, सागर बडोला, मुकेश आर्य, हरपाल सिंह सैनी, बबलू सैनी, राजीव चैहान, संकित राठी, नौबहार सिंह हेमराज सिंह राजपूत योगाचार्य अरुण राजपूत नेमचंद सिंह रेशम सिंह राजकुमार सिंह दिनेश कुमार नवीन कंडवाल माजिद हुसैन नरेंद्र शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे मंडल अध्यक्ष राजकुमार प्रजापति ने बैठक में पधारे जिला महामंत्री विनय राणा ब्लाक प्रमुख तपराज सिंह एवं सभी कार्यकताओं का आभार प्रकट करते हुए कहा कि पार्टी द्वारा दी गई जिम्मेदारी का पूर्णतया पालन करेंगे।

# कपिल सिब्बल ने निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में राज्य सभा के लिए किया नामांकन

**लखनऊ, प्रात: किरण संवाददाता**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने सपा के समर्थन से बुधवार को राज्य सभा के लिए नामांकन किया। नामांकन दाखिल करने से पूर्व कपिल सिब्बल समाजवादी पार्टी के प्रदेश कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात की। यहां से वह अखिलेश यादव के साथ नामांकन दाखिल करने पहुंचे। उन्होंने सपा के समर्थन से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर नामांकन किया। नामांकन के दौरान सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव भी मौजूद रहे।

नामांकन करने के बाद कपिल सिब्बल ने मीडिया को बताया कि अब वह कांग्रेस के नेता नहीं हैं। उन्होंने 16 मई को ही कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया है। अब वह मोदी के खिलाफ विपक्ष का मोर्चा बना रहे हैं।वह विपक्ष में रहकर एक गठ बंधन बनाना चाहते हैं। वह मोदी की खामियों को जन जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। इसके लिए उनको पार्टियों का



- जबकि जावेद अली खान ने सपा उम्मीदवार के रूप में किया नामांकन

समर्थन मिल रहा है। आपको बता दें कि कपिल सिब्बल अभी कांग्रेस कोटे से सांसद हैं।गौरतलब है कि अभी तक राज्य सभा में सपा के पांच सदस्य हैं। इसमें कुंवर रेवती रमन सिंह , विशंभर प्रसाद निषाद और चौधरी सुखराम सिंह यादव का कार्यकाल 4 जुलाई को समाप्त हो रहा है। राज्य सभा में यूपी की 11 सीटों के लिए चुनाव 10 जून को होगा। यूपी की 11 सीटों में से सत्तारूढ़ भाजपा को 7 एवम् सपा को 3 सीटें मिलना तय माना जा रहा। 11 वी सीट के लिए भाजपा व सपा में कांटे की टक्कर होने की संभावना है। सत्तारूढ़ भाजपा के पास 273 विधायक एवं सपा गठबंधन के पास 125 विधायक हैं। सपा के राष्ट्रीय महासचिव प्रो. राम गोपाल यादव के करीबी एवम् पूर्व सांसद जावेद अली खान ने भी बुधवार को विधान भवन पहुंचकर सपा उम्मीदवार के रूप में नामांकन किया। प्रो.रामगोपाल यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी इस दौरान उनके साथ थे। नामांकन करने के पश्चात जावेद अली खान ने कहा कि पार्टी के नेतृत्व ने मुझ पर विश्वास जताया। दूसरी बार मुझे उम्मीदवार बनाया। इसके लिए मै पार्टी के नेतृत्व एवं पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का आभार व्यक्त करता हूं। कन्नौज की पूर्व सांसद व अखिलेश की पत्नी डिंपल यादव का नाम भी राज्य सभा के लिए तय माना जा रहा है। अखिलेश यादव डिंपल यादव को राज्य सभा भेजकर वहां अपने परिवार का प्रतिनिधित्व चाहते हैं। अखिलेश यादव ने मीडिया के सामने साफ किया जिन जिन को भी सदस्य बनाना है , बहुत जल्दी वे नामांकन कर देंगे।

### गौमाता के संकट निवारण हेतु उपमुख्यमंत्री से मिले स्वामी श्याम जी महाराज

**संभल।** राष्ट्रीय गौरक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम जी महाराज आने वाले संकट का आंकलन करते हुए उपमुख्यमंत्री माननीय ब्रजेश पाठक जी से मिलकर आवश्यक वार्ता की उन्होंने कहा आने वाले समय में गौवंश के भोजन का संकट होगा। इस समस्या के समाधान हेतु 30 रु प्रतिदिन प्रति गौवंश के भरण पोषण को वढाकर 70 रु एवं उ प्र की चरागाह भूमि सरकारी गौशालाओं में जोड़ी जाय तथा राज्य वित्त आयोग जनपदों में शासनादेश के अनुसार सरकारी गौशालाओं अपना सहयोग वरावर वनाए रखें। प्रदेश अध्यक्ष दिनेश मिश्रा ने एक देते हुए कहा राष्ट्रीय गौरक्षक दल उ प्र में सक्रियता से कार्य कर रहा है उन्होंने राष्ट्रीय गौरक्षक दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी श्याम जी महाराज को गौसेवा आयोग का सदस्य मनोनीत किए जाने का अनुरोध किया है और पत्र भी सौंपा। उपमुख्यमंत्री माननीय ब्रजेश पाठक जी ने पूरा आस्वासन दिया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कौशल किशोर पांडेय, प्रदेश अध्यक्ष दिनेश मिश्रा, प्रदेश गौरक्षा प्रमुख मनोज पाण्डेय, प्रदेश महासचिव विनोद मिश्र आदि साथ रहें।

# संभल जिले में झोलाछाप डॉक्टरों का बोलबाला

**संभल, प्रात: किरण संवाददाता**

संभल जिले के अलग-अलग ग्रामीण क्षेत्रों में झोलाछाप डॉक्टर अपने क्लीनिक चला रहे हैं। कई दिन मरीजों की जिंदगी उसे खिलवाड़ कर रहे हैं। योगी सरकार के कड़े फैसले के बाद भी झोलाछाप डॉक्टर अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। अगर हम बात करें संभल जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की तो सलालपुर लाखोरी जलालपुर,कला, हिसामपुर, ईसापुर सुनवारी, ततारपुर संदल, कसेरूआ, चमरूओ, सुजातपुर, भटोला, इन सभी ग्रामीणों में झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है।

ना तो उनके पास कोई डिप्लोमा है और ना ही एक्सपीरियंस है। और दवाइयों को ओवर रेट बेचने का काम झोलाछाप डॉक्टर कर रहे हैं और अपनी जेबें भर रहे हैं। मरीजों की जिंदगी यों से आए दिन खिलवाड़ करने के मामले संभल जिले में कहीं ना कहीं देखने को मिलते हैं। ऐसा ही एक मामला सूत्रों की माने तो ग्राम कसेरूआ के मरीज के साथ देखने को मिला है। हिसामपुर मैं क्लीनिक चला रहे एक झोलाछाप डॉक्टर ने बिगर एक्सपीरियंस के दवाई लगा कर कसेरूआ के मरीज की जिंदगी से खिलवाड़ कर दिया बिगर एक्सपीरियंस के दवाई लगाने पर मरीज की गंभीर परिस्थितियों हो गई और उनकी तबीयत इतनी बिगड़ गई की झोलाछाप डॉक्टर की वजह से गरीब मरीज को आईसीयू में भर्ती होना पड़ा है। हर कदम सच के साथ सबके साथ और मैं आपका अपना अंसार मलिक संभल, जो लिखता हूं सत्य लिखता हूं। डंके की चोट पर लिखता हूं। और जनता के हित में लिखता हूं। आखिरकार झोलाछाप डॉक्टर कब तक मरीजों की जिंदगी उसे खिलवाड़ करते रहेंगे आखिरकार सरकार और संभल के आला अधिकारी इन झोलाछाप डॉक्टर पर कार्रवाई क्यों नहीं करते हैं, या फिर संभल के स्वास्थ्य विभाग आला अधिकारी इन झोलाछाप डॉक्टर से अपनी जेब गर्म करते हैं।

### संभल में ताबड़तोड़ फायरिंग पांच घायल दो की हालत गंभीर

**संभल।** संभल के गांव में जबरदस्त फायरिंग हुई है पांच लोगों को गोली लगी है दो की हालत गंभीर है घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है वहीं पुलिस घटना की वजह प्रेम प्रसंग बता रही है। पूरा मामला नखासा थाना के गांव ताजपुर का है जहां अवैध बंदूक तमंचों से जमकर गोलियां चली हैं भीषण संघर्ष में पांच लोग गंभीर घायल हुए हैं। वहीं फायरिंग की वारदात से गांव में द्विपक्षीय तनाव बना हुआ है वहीं पूरे घटना की प्रष्ठभूमि छेड़छाड़ के बाद दो दिन पहले जानकारी दी गई। जानकारी भी आ रही है आरोप है कि पुलिस ने लापरवाही बरती है झगड़े की आशंका बताए जाने के बाद भी पुलिस ने कार्रवाई नहीं की जिसका परिणाम जानलेवा फायरिंग के रूप में सामने आया। अपर पुलिस अधीक्षक आलोक जायसवाल द्वारा बताया गया है कि दो पक्षों में प्रेम प्रसंग को लेकर मारपीट फायरिंग की घटना हुई है जिसमें 5 लोग घायल हुए हैं दो की हालत गंभीर बताई जा रही है जिनको इलाज के लिए मुरादाबाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है घायलो का इलाज चल रहा है मुकदमा लिख कर जांच की जा रही है और गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है दोनो एक ही समुदाय के हैं।

# मुख्य चिकित्सा अधीक्षक ने किया आस मोहम्मद को सम्मानित




**असमोली, प्रात: किरण संवाददाता**

विकास विकलांग सेवा समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद एवम कम्यूनिटी एक्शन ग्रुप के अध्यक्ष को कोर पीसीआई जन कल्याण समिति के द्वारा कोविड- महामारी रोकथाम में अपना पूर्ण योगदान देकर लोगों मैं जागरूकता फैलाकर कोविड के नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया था।

इसी को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ अनूप अग्रवाल ने आस मोहम्मद जी को कोर प्रशंसा पत्र, दीवार घड़ी, बैग देकर उन्हें सम्मानित किया उनके कैंप कार्यालय असमोली में जिसमें समिति के अध्यक्ष आस मोहम्मद ने बताया कि हमें हर मुसीबत के टाइम में एक दूसरे की मदद करनी चाहिए और समाज में अपना पूरा योगदान देना चाहिए। क्योंकि हमें किसी भी बीमारी से डरने की जरूरत नहीं है उसका डटकर मुकाबला करने की जरूरत है ऐसी बहुत सारी बीमारी आई और आकर चली गई तो हमें सरकार की गाइड लाइन के नियमों का पालन करना चाहिए ।

कोर पीसीआई जन कल्याण समिति के ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मोहम्मद सलमान के द्वारा आस मोहम्मद जी को स्मृति पत्र देकर उनकी हौसला अफजाई की गई।

### एसटीएफ टीम को कुचलने वाले सपा नेता के खोजे जा रहे रिकार्ड

**लखनऊ ।** मोहनलालगंज में अब एसटीएफ टीम को कुचलने की कोशिश करने वाले सपा नेता के रिकॉर्ड खोजे जा रहे हैं। मोहनलालगंज तहसील में बुधवार को एसडीएम ने तहसीलदार समेत अन्य राजस्वकर्मियों के साथ इस संबंध में बैठक की। बैठक में राजस्व कर्मियों को निर्देश दिए कि भू माफिया ने यदि कहीं और भी सरकारी जमीन पर कब्जा किया है तो उसके दस्तावेज निकालें ताकि आगे की कार्यवाही की जा सके। एसडीएम शुभी काकन ने सभी भू-माफियाओं की सूची तैयार कर कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया है। एक दिन पहले ही सपा नेता अरुण यादव के खिलाफ प्रशासन ने बड़ी कार्यवाही की थी। तहसील प्रशासन ने सपा नेता के सरकारी जमीन पर बनाये गये आलीशान दफ्तर, पार्क और गौशाला पर बुलडोजर चलवा दिया। अरुण यादव ने मुख्य सडक से अपने अवैध निर्माण तक डामर सडक बना रखी थी। इसे भी खुदवा दिया गया।

# यातायात सड़क सुरक्षा अभियान के अंतर्गत संगोष्ठी आयोजित

**संभल, प्रात: किरण संवाददाता**

यातायात सड़क सुरक्षा अभियान, के अंतर्गत परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर ,एसएम डिग्री कॉलेज चंदौसी में कालेज के प्रधानाचार्य, अध्यापक, तथा एनसीसी केडिट, एव छात्र छात्राओं की यातायात सड़क सुरक्षा संगोष्ठी आयोजित की गई।

यातायात प्रभारी द्वारा सभी को यातायात नियम पालन करने के लिए प्रेरित किया गया तथा कॉलेज प्रबंधन से कॉलेज में दो पहिया वाहन से आने वाले सभी छात्र-छात्राओं को हेलमेट का लगाना अनिवार्य होना चाहिए, दो पहिया वाहन पर तीन सवारी ना बैठाए तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन , ईयर फोन का प्रयोग ना करें नौजवान स्पीड ड्राइविंग एवं स्टंट ड्राइविंग ना करें , नशा करके वाहन ना चलाएं , चार पहिया वाहन चलाते समय सभी




सीट बेल्ट धारण करे , सभी यातायात नियमों का पालन खुद करें तथा दूसरे को पालन करने के लिए प्रेरित करें , सभी छात्रों को यातायात नियमों के हैंड बिल पंपलेट वितरण कराएं गए।

यातायत सड़क सुरक्षा अभियान के इसी क्रम में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर ठल्ल 509 पर अत्यधिक गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध ,ओवर स्पीड के चालान इंटरसेप्टर वाहन द्वारा एमवी एक्ट के अंतर्गत चालान किए जा रहे हैं।

# कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने राशन की रिकवरी के विरोध मे उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

**सम्भल, प्रात: किरण संवाददाता**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर शहर कांग्रेस कमेटी संभल के कार्यकताओं द्वारा सरकार के राशन कार्डो की वापसी एवं राशन की रिकवरी के आदेश के विरुद्ध प्रदर्शन कर एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा।

शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद के नेतृत्व में शहर कांग्रेस कमेटी संभल के कार्यकताओं ने सरकार के गरीब जन विरोधी एवं हिटलर शाही फरमान राशन कार्डों की वापसी एवं राशन की रिकवरी के आदेश का विरोध करते हुए उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने प्रदर्शन कर महामहिम राज्यपाल को संबोधित एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी संभल को सौंपा और कहा कि प्रदेश के विभिन्न जनपदों में जिलाअधिकारी एवं जिला आपूर्ति अधिकारी राशन कार्ड वापस करने एवं गरीबों को दिए गए



- योगी सरकार गरीबों का उपहास एवं अपमान कर रही: अहमद

राशन की रिकवरी को लेकर लगातार आदेश जारी कर रहे हैं उनका यह आदेश खाद सुरक्षा कानून के खिलाफ है।

इस प्रकार अच्छे दिनों का वादा एवं गरीबों का हितैषी बनने का वादा करने वाली योगी सरकार लगातार गरीबों का उपहास एवं अपमान कर रही है ऐसा पहली बार हो रहा है कि चुनाव से पहले वोट के प्रलोभन में सरकार ने पहले फ्री राशन देकर स्वयं को गरीबों का हितेषी दर्शाकर गरीब जनता का वोट हासिल किया और सरकार बनने पर गिरगिट की तरह रंग बदल कर राशन राशन कार्ड वापसी एवं राशन की रिकवरी का हिटलर शाही फरमान प्रशासन द्वारा जारी करा कर गरीब जनता को भय एवं असमंजस में ला दिया है पहले से ही नोटबंदी एवं कोविड-19 के बाद जनता तेजी से बेरोजगारी की ओर बड़ी है ऊपर से सरकार गरीबों का हक भी हिटलर शाही फरमान जारी कर लेना चाहती है जो बर्दाश्त नहीं किया जाएगा इस अवसर पर शहर अध्यक्ष तौकीर अहमद ,मोअज्जम अली ,आरिफ खान तनवीर, अकील अहमद, अमित कुमार ऊठवाल , डॉक्टर सलाउद्दीन, इफ्तेखार कुरेशी, नजारुल हसन ,शाह आलम, फिरासत हुसैन, रफी अंसारी, सरफराज हुसैन, मोहम्मद रफी, मारूफ अली, गुलशन सिंह, दिनेश कुमार, आदि उपस्थित रहे।

# साइबर अपराध पर जागरुकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**नूरपुर , प्रात: किरण संवाददाता**

डॉ0 धर्मवीर सिंह, पुलिस अधीक्षक, जनपद बिजनौर के निर्देशन में साइबर अपराध पर प्रभावी रोकथाम हेतु डिस्ट्रिक्ट साइबर सैल द्वारा विभिन्न स्कूलों कॉलेजों संस्थाओं शहरों कस्बों गांवो आदि में साइबर जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे है।

इसी क्रम में बुधवार को डिस्ट्रिक्ट साइबर सैल में तैनात अधि0 कर्म0गणों द्वारा थाना नूरपुर क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कल्हैडी में जाकर ग्रामवासियों को साइबर जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत साइबर अपराधों से बचाव रोकथाम व साइबर सम्बन्धी जानकारी दी गयी तथा संवाद किया गया। कार्यक्रम में किसी भी साइबर सम्बन्धी फ्रॉड हो जाने पर तत्काल उसकी सूचना साइबर हेल्प लाइन 1930 पर व पूद पर दर्ज करवाने व किसी भी अनजान व्यक्तियों के साथ



अपने बैंक खाते सम्बन्धित जानकारी जैसे ओ0टी0पी सी0वी0वी पिन नंबर आदि किसी के साथ साझा न किए जाने, किसी भी लिंक को बिना वेरीफाई किए न खोलना, किसी भी को इंस्टॉल न करने के सम्बन्ध में जानकारी दी गई।

साइबर अपराधों के सम्बन्ध में पूर्ण जानकारी रखना ही साइबर अपराधों की रोकथाम एवं साइबर अपराधों से बचाव है। कार्यक्रम में प्रभारी डिस्ट्रिक्ट साइबर सेल निरीक्षक पंकज तोमर व कां0 विवेक तोमर द्वारा संबोधन किया गया।

# कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर राज्यपाल को प्रेषित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया

**बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता**

बुधवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आवाहन पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी बिजनौर द्वारा राज्यपाल को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी बिजनौर की दिया गया। कांग्रेस जनो ने मांग पत्र में भी नहीं है कहा कि प्रदेश के विभिन जनपदों में जिलाधिकारी जिला पूर्ति अधिकारी राशन कार्ड वापस करने एव गरीबो को दिये राशन की रिकवरी को लेकर लगातार आदेश जारी कर रहे है,जिसके चलते प्रदेश की आम जनता में घर रोष व्याप्त है एवं आम जनता भृमित है,जबकि उनका यह आदेश खाद्यय सुरक्षा कानून के खिलाफ है,जिस प्रकार अच्छे दिनों का वादा एवं गरीबो का दावा करने वाली योगी सरकार लगातार गरीबो उपहास एव अपमान कर उन्हें प्रताड़ित कर रही है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी बिजनौर आपसे मांग करती है कि राशन कार्ड वापस करने के आदेश को जनहित में



वापस लेने के आदेश को निरस्त करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार एव समस्त जिलाधिकारीयो एव समस्त जिला पूर्ति अधिकारियों को आदेश दिये जायें ओर जिनके राशनकार्ड तहसीलों में जमा किये गए है उन्हें वापस कार्ड धारकों को दिए जाएं। कांग्रेस जनो ने दूसरा ज्ञापन अपर जिला अधिकारी बिजनौर को दिया जिसमें कांग्रेस जनो ने नगर पालिकाओं की मतदाता सूची के पुनः निरीक्षण में मकान संख्या नगरपालिका के मकान क्रम०स० के हिसाब से ही किये जाने और वार्डो के परिसीमन में भी उपरोक्त को ही ध्यान में रखे जाने की मांग की है। इस अवसर पर सर्व शेरबाज पठान,मुनीश त्यागी, जिला महासचिव नजाकत अल्वी, बिजनौर शहर अध्यक्ष मीनू गोयल, हाजी नसीम अंसारी, हुक्म सिंह, बाला सैनी, डा०ओमप्रकाश सिंह, सुरेश सैनी, इकबाल अहमद, हर्षवर्धन सिंह राणा, पूनम, पदम् सिंह, कविता देवी, काजी आतिफ,असलम अंसारी, मो०राशिद, अदनान शेख, पदम् सिंह, वसीम अहमद, शाकिर बाबा, शमशाद अली, जियाउल हक,अनीस पहलवान, मो०इरशाद, शानू खान आदि कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### रोजगार मेला आज, 66 कम्पनियां करेंगी प्रतिभाग

**लखनऊ ।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय लालबाग एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज के संयुक्त तत्वावधान में आईटीआई अलीगंज गुरुवार को एक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जायेगा। मेले में तकनीकी व गैर तकनीकी मिलाकर 66 कम्पनियां प्रतिभाग करेंगी। यह जानकारी सहायक निदेशक सेवा लखनऊ मण्डल अरुण कुमार भारती ने दी। उन्होंने बताया कि 20 कम्पनियां सेवायोजन कार्यालय के माध्यम से व 46 कम्पनियां आईटीआई के माध्यम से लगभग 5236 अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। उन्होंने बताया कि मेले में प्रतिभाग करने के लिए अभ्यर्थी को सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत होकर ऑनलाइन आवेदन करना अनिवार्य है। अभ्यर्थी अपने बायोडाटा की प्रति के साथ सीधे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अलीगंज परिसर में प्रतिभाग करने के लिए उपस्थित हो। इस के लिए किसी प्रकार का मार्ग व्यय देय नहीं होगा। यह मेला पूर्णतया निःशुल्क है। अभ्यर्थियों को किसी भी स्तर पर कोई शुल्क नहीं देना है। मेले में प्रतिभाग के लिए अभ्यर्थियों को कोविड-19 के सभी दिशा-निदेशों का पालन करना अनिवार्य है।

# जिलाधिकारी को गोवंश को भूसा उपलब्ध कराने के लिए सौपा रू. 11 हजार का चेक

**बिजनौर, प्रात: किरण संवाददाता**

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा को कलेक्ट्रेट स्थित कार्यालय कक्ष में नुमाइश ग्राउण्ड में संचालित भूसा बैंक में गोवंश को भूसा उपलब्ध कराने के लिए रू0 11 हजार का चैक श्री सुनील कुमार शर्मा ने सौपा। जिलाधिकारी ने बताया कि जिला मुख्यालय व प्रत्येक तहसील स्तर पर एक-एक हजार कुन्तल क्षमता के भूसा बैंक बनाने के निर्देश दिये गये है। उन्होंने बताया कि सहभागिता योजना व भूसा संग्रह करने में जिला बिजनौर, मुरादाबाद मण्डल में प्रथम स्थान पर है। वर्तमान में जिले में 30 गो आश्रय स्थलों में कुल 2400 गोवशं संरक्षित हैं।

जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर गोवशं आश्रय स्थलों में भूसा उपलब्ध कराने के लिए भूसा बैंक स्थापित करने के निर्देश दिए हैं ताकि गोवंशों को चारे की कमी



न होने पाए। उन्होंने जन सामान्य का आहवान किया कि भूसा बैंकों में अधिक से अधिक भूसा दान करने के लिए आगे आकर इस पुण्य कार्य में अपना योदान उपलब्ध कराएं।

जिलाधिकारी ने बताया कि राज्य सरकार के महत्वांकक्षी गो संरक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में पूरी गंभीरता के साथ गोवशं को संरक्षण उपलब्ध कराते हुए उनके चारे-पानी एवं स्वास्थ्य आदि की निर्धारित मानकों के अनुरूप व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि नगर क्षेत्र एवं ग्राम क्षेत्र के अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश उपलब्ध कराए गए हैं कि एक भी निराश्रित गोवंश घूमता हुआ पाया जाए तो तत्काल उसकी सूचना संबंधित नगर निकाय के अधिकारियों ,खण्ड विकास अधिकारी या पशुपालन विभाग के अधिकारियों को उपलब्ध कराई जाए, ताकि उसके संरक्षण की समुचित व्यवस्था की जा सके। मुख्य पशुचिकित्साधिकारी डा0 विजेन्द्र सिंह ने बताया कि वर्तमान में जिले में 03 वृहद गो आश्रय स्थल,12 कान्हा गौशाला, 04 कांजी हाउस व 11 अस्थाई गौशाला केन्द्र सहित कुल 30 गो आश्रय स्थल स्थापित हैं जिनमें कुल 2400 गोवशं संरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि इसके अलावा सहभागिता कार्यक्रम के अंतर्गत 687 गोवंशों को पशुपालकों को व्यक्तिगत रूप से संरक्षण के लिये दिया गया है। उन्होंने बताया कि सहभागिता योजना व भूसा संग्रह करने में जिला बिजनौर, मुरादाबाद मण्डल में प्रथम स्थान तथा भूसा संग्रह करने में प्रदेश में नवें स्थान पर है।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के लिए लॉग ऑन करें
@Pratahkiran www.pratahkiran.com

राष्ट्रीय दैनिक प्रातःकिरण
नई दिल्ली, गुरुवार, 26 मई, 2022



## संक्षिप्त खबरें

### सुधीर कालड़ा बने अंबाला के नए जिला शिक्षा अधिकारी

अंबाला सुधीर कालड़ा अंबाला के नए जिला शिक्षा अधिकारी बन गए हैं जिसको लेकर पूरे शिक्षा विभाग में खुशी की लहर है सभी को उम्मीद है की जिला शिक्षा अधिकारी का पदभार संभालने के बाद सुधीर कालड़ा शिक्षा के क्षेत्र में चार चांद लगाएंगे इसके अलावा उनके कार्यालय में बधाई देने वालों का तांता लगा ही रहता है कोई उन्हें कार्यालय में जाकर बधाई दे रहा है तो कोई मोबाइल फोन के माध्यम से उन्हें बधाई देकर अपनी शुभकामनाएं भेज रहा है इसी कड़ी के तहत आज ब्राह्मण सभा नसीरपुर के प्रधान दिलबाग राय शर्मा वह उनके सदस्यों ने सुधीर कालड़ा को फोन के माध्यम से बधाई दी तथा उम्मीद जताई कि वह स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों में युवाओं का उज्जवल भविष्य बनाने के लिए प्रयासरत होंगे कालड़ा ने भी दिलबाग राय शर्मा की बधाई स्वीकार करते हुए उनका बहुत-बहुत धन्यवाद किया

### खालसा हाई स्कूल में समर कैंप के दौरान चलेगी मस्ती की पाठशाला

अंबाला सभी विद्यालयों में ग्रीष्म अवकाश आरंभ हो रहे हैं ।इन छुट्टियों की उपयोगिता को बढ़ाने हेतु छात्रों के शारीरिक, रचनात्मक और बौद्धिक विकास करने के लिए खालसा हाई स्कूल( कोर्ट रोड) द्वारा 1जून से 10 जून तक समर कैंप (ग्रीष्म कालीन शिविर) लगाया जा रहा है।विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती तरणजीत कौर ने बताया कि इस कैंप में छात्रों को नृत्य,आर्ट एंड क्राफ्ट, ड्राइंग, इंग्लिश स्पीकिंग, पंजाबी भाषा ज्ञान और सिख इतिहास का ज्ञान करवाया जाएगा।इसके अतिरिक्त गतका और दस्तार(पगड़ी) बांधने का प्रशिक्षण भी दिया जाएगा ।कैंप के दौरान अध्यापक बच्चों में संस्कार बोध कराने के लिए नैतिक ज्ञान और मूल्यों की जानकारी भी देंगे। शिविर समापन पर बच्चों को इनाम और प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे।

### तावडू में भोला सांई कांवड संघ चौथी बार लाएगा महा कावंड।

तावडू, शहर व क्षेत्र में सावन माह की महा शिव रात्री पर्व की तैयारियां जोरो पर चल रही है। वहीं कावडियों में कावंड लाने की तैयारियां भी शुरू हो गई है। जिसको लेकर भोला सांई कांवड संघ के भोलों ने 1 बैठक का आयोजन किया। बैठक में भारी संख्या में भोलों ने भाग लिया और भारी उत्साह देखने को मिला। बैठक में बताया कि गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी चौथी बार महाकांवड हरिद्वार से तावडू लाई जाएगी। तावडू से महाकांवड लाने के लिए भोले 19 जुलाई को हरिद्वार के लिए प्रस्थान करेंगे और 21 जुलाई को हरिद्वार से महाकांवड लेकर पैदल तावडू 25 जुलाई को पहुंचेंगे। वहीं भोले 26 जुलाई को शिवलिंग पर जलाभिषेक करेंगे। इस बैठक में राजेश चांदना, सचिन मक्कड, राजेश सिंघला, नमन भोला, ईशु मक्कड, दीपक गुल्यानी, सचिन मक्कड, ग्रवित भोला, सन्नी मैहंदीरत्ता आदि मौजूद थे।

# इस बार शिक्षकों के हाथों में होगी शहर को सुधारने की जिम्मेदारी

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

वैसे तो शिक्षकों का फर्ज बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए जी तोड़ मेहनत करना और उनके कैरियर को एक नई दिशा देने का होता है, ताकि बच्चे अपने जीवन में ऊंचे मुकाम हासिल कर सकें।

मगर, इस बार फरीदाबाद नगर निगम चुनावों में शिक्षक वर्ग की भूमिका विशेष रहेगी। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े शिक्षकों ने शहर को सुधारने का बीड़ा इस बार अपने हाथों में उठाया है।

इस बार निगम पार्षद की दौड़ में ऐसे अनेक उम्मीदवार देखने को मिल रहे हैं, जो शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े हुए हैं और अपना निजी स्कूल चला रहे हैं। शिक्षकों को बुद्धिजीवी वर्ग के रूप में जाना जाता है, इसलिए निगम पार्षद के रूप में कुछ शिक्षक चुनकर आते हैं, तो निश्चित रूप से क्षेत्र के विकास की उम्मीद लगा सकते हैं। फिर, अपने स्कूल में पढने



वाले बच्चों के अभिभावकों से भी शिक्षकों एवं स्कूल संचालकों की काफी उम्मीदें होती हैं। इस बार वार्ड नं. 1 से फोगाट पब्लिक स्कूल के चेयरमैन सतीश फौगाट दावेदारी ठोक रहे हैं और अपनी जीत के लिए वह पूरी तरह आश्वस्त नजर आ रहे हैं। सतीश फौगाट जननायक जनता पार्टी के मजबूत सिपाही हैं और वह पार्टी की तरफ से उम्मीदवारी जता रहे हैं।

**भूमिका**

- फरीदाबाद नगर निगम चुनावों में शिक्षक वर्ग की भूमिका विशेष रहेगी। शिक्षा के क्षेत्र से जुड़े शिक्षकों ने शहर को सुधारने का बीड़ा इस बार अपने हाथों में उठाया है

वहीं, वार्ड नं. 6 से भाजपा की टिकट से मजबूत दावेदार के रूप में उभरकर आए अजय यादव इस बार जनता के बीच में आकर कार्य कर रहे हैं। उनकी स्वच्छ एवं ईमानदार छवि और समाजहित में किए जाने वाले विकास कार्यों के लिए हमेशा अग्रिम पंक्ति मे आकर खड़ा रहना, कहीं न कहीं उनके हित में काम करेगा।

इसी प्रकार वार्ड नं. 19 से मानव शर्मा ने इस बार मैदान में उतरकर क्षेत्र के लोगों की सेवा करने का बीड़ा उठाया है। मानव शर्मा हमेशा लोगों के बीच एक शरीफ एवं ईमानदार व्यक्ति के रूप में अपनी पहचान रखते हैं।

अपने इन्हीं गुणों के चलते वो जनता का अपार प्यार और स्नेह पाते हैं। नंदराज पाहिल जननायक जनता पार्टी से वार्ड नं. 6 से उम्मीदवारी जता रहे हैं वह भी कर्मभूमि सीनियर सैकेण्डरी स्कूल चलाते हैं।

इतना ही नहीं सेहतपुर पल्ला से तरूण निकेतन स्कूल के संचालक कमल सिंह तंवर भी आम आदमी पार्टी से मेयर पद के लिए अपनी दावेदारी जता रहे हैं। उन्होंने लगातार भाजपा सरकार के खिलाफ मुहिम चला रखी है और एक दबंग नेता के रूप में उनकी पहचान बन चुकी है।

वहीं, पूर्व में वार्ड नं. 6 से पार्षद रह चुके सुरेन्द्र अग्रवाल इस बार भी तैयारी कर रहे हैं। वहीं अग्रवाल सी. सैकेण्डरी स्कूल संचालक हैं और इससे पहले वार्ड नं. 6 से पार्षद रह चुके हैं। इस बार भी वह वार्ड नं. 6 से अपनी दावेदारी ठोक रहे हैं। अब देखना यह है कि फरीदाबाद की जनता इस बार कितने शिक्षकों को चुनकर राजनीति में लाती है।

## स्कूल के 37 छात्रों को बांटी गई कौशल आधारित टूल किट



होडल, प्रात: किरण संवाददाता

गांव औरंगाबाद के राजकीय वरिष्ट माध्यमिक विघालय के प्रांगण में बुधवार को 37 बच्चों को व्यवसायिक टूल किट वितरित की गई। कार्यक्रम का आयोजन स्कूल के प्रिंसिपल रामबीर ड्डूषसह के द्वारा किया गया जबकि अध्यक्षता अध्यापक रवींद्र ड्डूषसह ने की।

कार्यक्रम के इस मौके पर प्रिंसिपल रामबीर ड्डूषसह ने बताया कि स्कूली स्तर पर छात्रों को पढाई के साथ-साथ दूसरे कौशल की कैसे जानकारी दी जाए, कैसे उनको स्कूल से निकलते ही अपने पैरो पर खडा होने में व्यवसायिक मदद की जाए, इसकों लेकर विभाग की ओर से कौशल आधारित टूल किट छात्रों को बांटी जा रही है। शिक्षा विभाग की ओर से जो टूल किट छात्रों को बांटी जा रही हैं उनमें लोकेशनल एजुकेशन के हैल्थकेयर, मोटर वाहन सौंदर्य और कल्याण कृषि परिधान निर्माण और घरेलू फर्नीचर ट्रैड के छात्रों को यह टूल किट दीजा रही है। उन्होंने बताया कि आज दसवीं कक्षा के 15 छात्रों व बारहवीं कक्षा के 22 छात्रों को यह किट दी गई है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग का इस पहल के पीछे मकसद है छात्रों को पढने के साथ-साथ कुछ व्यवसायिक गतिविधियां भी सीखें ताकि उनकी कुछ आमदनी भी हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार सरकारी स्कूलों में पढने वाले बच्चों को शिक्षा प्राप्त करते में कुछ बाधा ना हो इसलिए शिक्षा के साथ-साथ व्यवसाय के साधन भी उपलब्ध करा रही है। स्कूल के अध्यापकों ने छात्रों को व्यवसायिक के लिए वितरित की जा रही किट को सरकार का सराहनीय कार्य बताया है। कार्यक्रम में अध्यापक बलबीर सिंह, रमेश चंद, क्लक दीपक कुमार भी मौजूद थे।

## संगीत आज मनोरंजन का साधन ही नहीं बल्कि भविष्य है, सन्नी साईं

तावडू, प्रात: किरण संवाददाता

संगीत इंसान का सबसे बडा साथी है। संगीत के बिना इंसान का जीवन फिका है। संगीत आज मनोरंजन का साधन ही नहीं बल्कि भविष्य है। आज का युवा वर्ग संगीत में अपना भविष्य चुन रहा है। संगीत के माध्यम से बच्चा अपने माता पिता व क्षेत्र का नाम पूरे विश्व में रोशन कर सकता है।

यह शब्द क्षेत्र के नामी कलाकार सन्नी साईं ने कहे। उन्होंने कहा कि वह तावडू के रहने वाले है और 1 मध्यम वर्गीय परिवार से है। उन्हें बच्चपन से ही संगीत का शौक रहा है।

जिस कारण आज वह भजन गायन में इस मुकाम पर पहुंचे पाए है। उन्होंने बताया कि संगीत आज उनका भविष्य है। संगीत के माध्यम से ही आज क्षेत्र में ही नहीं बल्कि दूर दराज तक उनकी पहचान है।

उन्होंने बताया कि संगीत का कोई सीमा नहीं है। संगीत 1 गहरे समुद्र की तरह है जिसकी गहराई का अंत नहीं है। संगीत के बिना इंसान का जीवन बिना पानी के मछली के तरह है। सृष्टि पर कोई भी इंसान ही नहीं जीव जंतू भी संगीत से बचा हुआ नहीं है। हर मौको पर चाहे गम हो या सुखी संगीत का अलग महत्व है। संगीत परमात्मा को पाने का साधन भी है।

संगीत हर इंसान में है। साधन और समय के आभाव से चंद लोग ही अपनी प्रतिभा को उजागर कर अपने मुकाम को प्राप्त कर पाते है।

उन्होंने कहा कि हर एक अभिभावको को भी चाहिए की वह अपने बच्चों में छुपी प्रतिभा को उजागर करने में अपना सहयोग करे।

आज संगीत संगीत ही नहीं बल्कि भविष्य बन चुका है। संगीत से ही आज मौहम्मद रफी, लत्ता मंगेसकर, किशोर, मंनाडे, सोनू निगम, गुरदास मान जैसे बहुत से फनकारों ने पूरे विश्व में नाम रोशन किया हुआ है। आज भी वे लोगों के दिलों में राज करते है।

## राष्ट्रीय नौकायन प्रतियोगिता में मेडल प्राप्त खिलाड़ियों को नोटों की माला से नवाजा

सोहना, प्रात: किरण संवाददाता

सोहना राष्ट्रीय नौकायान प्रतियोगिता के विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में गांव बालुदा में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मध्यप्रदेश के भोपाल में आयोजित 32 वी राष्ट्रीय नौकायन प्रतियोगिता तथा दसवीं ड्रैगन बोट रेस प्रतियोगिता में पदक जीतने वाले सभी खिलाड़ियों का सम्मान किया गया।

इन खिलाड़ियों के सम्मान में गांव भोंडसी, अभय पुर, खेडला, अन्य गांव से होते हुए सम्मान समारोह स्थल तक गांव बालूदा पहुंचे। वहां बड़ी भारी संख्या में मौजूद लोगों ने पदक विजेताओं को स्वागत किया। हरियाणा के खिलाड़ियों ने नौकायान की 500 मीटर 200 मीटर स्पर्धा में प्रतिभा ने रजत, कास्य और संजना ने 200 मीटर में कास्य ,500 मीटर में रविंदर ने कास्य तथा 10 वी ड्रैगन बोट रेस प्रतियोगिता की 500 मीटर प्रतिस्पर्धा में शिखा व संजना ने स्वर्ण और लड़कों की 500 मीटर प्रतिस्पर्धा में हर्ष ने



रजत रजत पदक जीता। दो किलोमीटर की जूनियर लड़के लड़कियों की टीम स्पर्धा में मोनिका व शिखा ने स्वर्ण पदक प्राप्त किया है।

वहीं मिक्स टीम में लड़कियों की 200 मीटर मोनिका, संजना में प्रतिभा ने स्वर्ण, लड़कों की 200 मीटर मिक्स प्रतिस्पर्धा में नितिन व संदीप ने रजत और संदीप ने स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया। इस मौके प पर बतौर मुख्य अतिथि डी डी पी ओ नरेंद्र सारवान और ऋषि राज डांगी, ने विजेताओं खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी।इस अवसर पर इंदु बाला नगर परिषद सोहना चेयरपर्सन पद उम्मीदवार व महिला मोर्चा सचिव ने विजेता खिलाडियों व कोच रविन्द्र धनकड़, जय दीप सांगवान, सरपंच शोहराज खटाना, जतन वीर राघव, दीपक महरोलिया, प्रदेश महासचिव हरियाणा वाल्मीकि महा सभा,राजपाल वाल्मीकि एसी सी मोर्चा अध्यक्ष बीजेपी, सही राम तंवर, डाक्टर ज्ञान चंद, संजय राघव, संदीप यादव, विजय पाल यादव, राजेंद्र यादव, अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

## बीजेपी से जयसिह राविया प्रबल दावेदारी के साथ उतरे चुनावी मैदान में

होडल, प्रात: किरण संवाददाता

होडल नगर परिषद चुनावों की घोषणा होते ही बीजेपी की ओर से चेयरमैन पद के लिए जयसिह राविया ने अपनी ताल ठोक दी है। उन्होंने नगर परिषद के सभी वार्डों में जन संपर्क अभियान तेज कर दिया है।

राविया अपने आप को बीजेपी की टिकट पर प्रलब दाबेदार बताते हुए मतदाताओं से रुबरू हो रहे हैं। राविया के चुनावी मैदान में उतरते ही बीजेपी की टिकट पर अन्य दाबेदारों के हौसले परस्त हो गए हैं। होडल नगर परिषद चेयरमैन पद के लिए जयसिंह राविया का नाम कोई नया नहीं हैं।

2005 से 2010 में जब होडल नगर परिषद नगर पालिका थी उस समय जयसिह राविया नगर पालिका के उपप्रधान रहे और 2010 से 2015 तक राविया की पत्नी उर्मिला देवी नगर पालिका की चेयरपर्सन रही। नगर पालिका में लगातार दस साल जय सिंह राविया व उनकी पत्नी उर्मिला सौरोत ने शहर की जनता की सेवा की




और पालिका में बडे पद पर रहकर पूरी जिम्मेंदारी व लगन के साथ शहर के विकास कार्य कराए। इसके अलावा अब बीजेपी पार्टी ने राविया को वार्ड प्रमुख का पदभार सौंपा हुआ है और वह नगर पालिका में किसी भी पद पर ना होने के बावजूद भी लोगों के साथ लगातार संपर्क में रहे हैं।

जय जयसिह राविया नगर परिषद चेयरमैन पद के लिए एक बार फिर से चुनावी मैदान में उतर आए हैं। नगर परिषद के 21 वार्डों में राविया लगातार मतदाताओं से संपर्क साधने में लगे हैं। बीजेपी से राविया की चुनावी मैदान में इंट्री की सूचना मिलने के बाद उनके विरोधी प्रत्याशियों के हौसले परस्त हो रहे हैं।

## मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने का रास्ता साफ

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

फरीदाबाद, सेक्टर 3 में गुरुग्राम कैनाल के साथ 60 वर्ग गज मकानों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने का रास्ता साफ हो गया है। हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण ( एचएसवीपी ) ने इस 66 केवी हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने के लिए हरियाणा विधुत प्रसारण निगम को 41.10 लाख रुपए पहली अप्रैल को जमा करवा दिए हैं। अब हरियाणा विधुत प्रसारण निगम ने लाइन शिफ्ट करनी है। उल्लेखनीय है कि सेक्टर 3 रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा व सचिव रतन लाल राणा के नेतृत्व में पीड़ित नागरिक करीब तीन चार साल से हाईटेंशन लाइन शिफ्ट करने के लिए मुहिम चलाए हुए थे। आखिरकार उनका संघर्ष रंग लाया और अब लाइन शिफ्ट की सभी अड़चनें दूर हो गई है। यहां लाइन की चपेट में आने से आधा दर्जन नागरिक मौत के मुंह से जा चुके हैं। मौतों के अलावा हादसे के वक्त आसपास के घरों में लगे इलैक्ट्रिक व इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण जल जाते हैं। जिसका अनुमानित नुकसान प्रत्येक घर दो से ढाई लाख बैठता है। कई बार तो जबरदस्त धमाके के कारण मकानों की छतें तक फट जाती है। इन घरों में रह रहे लोग हर वक्त डर के साये में जी रहे हैं। हर समय छत पर जाने वाले दरवाजे का ताला लगाकर रखना पड़ता है कहीं कोई गलती से छत पर न चला जाए। फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा व सचिव रतन लाल राणा ने बताया कि फेडरेशन के नेतृत्व में लाइन शिफ्टिंग के लिए हरियाणा विधुत प्रसारण निगम के एसई व एचएसवीपी के अधिकारियों के कार्यालयों पर प्रदर्शन भी किए गए। इसके बाद ही लाइन शिफ्टिंग का एस्टीमेट बनाया गया। फेडरेशन ने हरियाणा विधुत प्रसारण निगम के एसडी से मुलाकात की। जिसके बाद रुट फाइनल कर एस्टीमेट पास किया और एचएसवीपी को शिफ्टिंग में आने वाले खर्च राशि को जमा करने के लिए पत्र लिखा। फेडरेशन के निरंतर प्रयासों के बाद आखिरकार पहली अप्रैल को एचएसवीपी ने एचवीपीएन में 41,10322 रुपए जमा कर लाइन शिफ्ट करने का आग्रह किया है। परंतु बड़े खेद के साथ बताना पड़ रहा है की करीब दो महीने बीत जाने के बावजूद हरियाणा विधुत प्रसारण निगम ने अभी तक हाईटेंशन तारों को हटाने का काम शुरू नहीं किया गया। बिजली विभाग के इस लापरवाही पूर्ण रवैये से लोगों में भारी नाराजगी है। सेक्टर 3 रेजिडेट वेलफेयर फेडरेशन शीघ्र कार्यकारिणी बैठक कर ठोस निर्णय लेगी।

## दिव्यांग, बुजुर्गों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी तरह प्रयासरत्त : डॉ. पुनीता हसीजा

फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

दिव्यांग एवं बुजुर्गों को सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार पूरी तरह प्रयासरत्त है और इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। अंत्योदय की भावना के तहत भारतीय जनता पार्टी का उद्देश्य अंतिम छोर के व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है। उक्त वक्तव्य इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की प्रदेश अध्यक्षा डॉ. पुनीता हसीजा ने बुधवार को सैक्टर-21 स्थित महाराजा अग्रसेन भवन में सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय भारत सरकार ( एलिमको) जिला प्रशासन, रेड क्रॉस सोसायटी फरीदाबाद, तथा अग्रसेन समाज के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित पंजीकरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि फरीदाबाद



में 10 हजार से अधिक वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग जनों को उपकरण बांटे जाएंगे। भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिमको द्वारा वरिष्ठ नागरिक के लिए छड़ी, वॉकर, कान की मशीन, चश्मा, छोटी सहित अपने बहुत से उपकरण इस योजना के अंतर्गत लोगों को उपलब्ध कराए जाएंगे। डॉ. पुनीता हसीजा ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि सभी दिव्यांगजनों को हम वह वैकल्पिक हर संसाधन उपलब्ध करवा सके, जिससे वे स्वयं आत्मनिर्भर होकर अपने परिवार का लालन-पालन कर सकें। जिला रैडक्रास सचिव विकास कुमार एवं महाराजा अग्रसेन मंदिर के प्रधान आनंद गुप्ता ने बताया कि हमारी संस्था के द्वारा निरंतर समाज हित के कार्यों को सहयोग किया जाता रहता है। जिला प्रशासन ने यह जिम्मेदारी हमें प्रदान की उसके लिए हम उनके आभारी हैं। जो कि समय-समय पर सरकारी गतिविधियों में हमें भी सम्मिलित रखते हैं। बुधवार को लगभग 125 लोगों ने अलग-अलग उपकरणों के लिए पंजीकरण कराया। इस मौके पर जिला रैडक्रास सचिव विकास कुमार, भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम एलिम्को के पदाधिकारी हरीश लाल, राजेश दास, डॉक्टर एमपी सिंह, संयोजक विमल खंडेलवाल, रेडक्रॉस सोसाइटी के उप अधीक्षक पुरुषोत्तम सैनी, सचिव जय प्रकाश बंसल, मुरारलीलाल गर्ग उपाध्यक्ष, ओम प्रकाश बंसल पूर्व प्रधान, ट्रस्टी हरीश गुप्ता, महेश अग्रवाल व गणमान्य व्यक्ति और बुजुर्ग तथा दिव्यागजन उपस्थित थे।

## पंचकूला को नशा मुक्त करने के लिये सभी विभागों को मिलकर करना होगा कार्यः उपायुक्त

पंचकूला, प्रात: किरण संवाददाता




उपायुक्त महावीर कौशिक ने आज जिला सचिवालय के सभागार में नशीले पदार्थों के उपयोग की रोकथाम के लिये गठित सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की जिला स्तरीय कमेटी तथा गृह विभाग की जिला स्तरीय एनकोर्ड कमेटी की आयोजित बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में उपायुक्त ने पुलिस, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय अधिकारिता, आबकारी एवं कराधान व शिक्षा विभाग के अधिकारियों के साथ-साथ गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों से जिला में नशीले पदार्थों के उपयोग पर अंकुश लगाने के लिये गहनता से विचार विमर्श किया और दिशा निर्देश दिये।

बैठक में पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र पाल सिंह भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने पंचकूला के लिये सात सरोकार दिये है, जिसमें पंचकूला को नशा मुक्त करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पंचकूला को नशा मुक्त करने के लिये सभी विभागों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने निर्देश दिये कि पुलिस विभाग के साथ साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग और रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा भी स्कूल और कॉलेजों में जागरूकता कैंपों का आयोजन कर बच्चों को नशे से उनके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में प्रेरित किया जाये। उन्होंने कहा कि बच्चों को छोटी उम्र में ही नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक कर उन्हें इस बुरी आदत से बचाया जा सकता है।

**आयोजन**

- नशे के विरूद्ध विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करवाने के लिये किया चार सदस्यीय टीम का गठन

इसके अलावा कॉलोनियों, बस्तियों और झुग्गी झोंपड़ियों में भी विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाये। महावीर कौशिक ने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी, शिक्षा, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के ऐसे अधिकारी जो नशा मुक्ति विषय में रूचि रखते हो, उनको विशेष प्रशिक्षण दिलवाया जायें ताकि प्रशिक्षण लेने के उपरांत वे जागरूकता शिविरों में बच्चों और युवाओं को नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बेहतर ढंग से जागरूक कर सके। उन्होंने निर्देश दिये कि स्कूलों मे होने वाली पेरेंट-टीचर मिटिंग के दौरान विशेषज्ञों द्वारा बच्चों व अभिभावकों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी दी जायें।

### अंबेडकर चोक पर ट्रेफिक कर्मचारी को मिला बुजुर्ग का पर्स



**सोहना।** अंबेडकर चोक पर तैनात ट्रैफिक के कर्मचारी की एक बुजुर्ग का पर्स मिला जिसमे जरूरी दस्तावेज के साथ कुछ कैश भी था।जिसको लेकर ट्रैफिक के ए एस आई धर्मवीर ने पर्स में दस्तावेज के आधार पर बुजुर्ग से संपर्क किया और उन्हें पर्स सौंपा जिसमें दस्तावेज के साथ रु. 29600 मिले। ट्रैफिक के ए एस आई धर्मवीर का कहना है की बुजुर्ग इंद्रपाल घुघेरा गांव नजदीक धतीर जिला पलवल के पास के थे जो सुबह सोहना आए थे।उन्हें संपर्क कर उन्हें सौप दिया। इससे पहले भी कुछ दिन पूर्व एक महिला का पर्स मिला था जिसमे नकदी थी और उनसे संपर्क कर सौप दी थी।दस्तावेज व नकदी बुजुर्ग को सौंपने पर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर उमेश व डी सी पी ट्रैफिक रविंद्र तोमर ने सराहना की है।

## पंचायती राज संस्थाओं की वार्ड वाईज पुनरीक्षण मतदाता सूची की जा रही तैयार : जितेन्द्र यादव




फरीदाबाद, प्रात: किरण संवाददाता

उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा जारी अधिसूचना की हिदायतो व निदेर्शों के अनुसार 01 जनवरी 2022 क्वालीफाइंग तिथि मानकर और 05 जनवरी 2022 प्रकाशित की गई विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के आधार पर फरीदाबाद जिला की पंचायती राज संस्थाओं की वार्ड वाईज पुनरीक्षण मतदाता सूची तैयार की जा रही है। वे सभी नागरिक जिनका नाम पंचायती राज संस्थाओं की वार्ड वाइज मतदाता सूची में नहीं हैं। यदि किसी अपात्र मतदाता, मृतक और स्थान छोडकर चले गए अथवा डबल दर्ज है। किसी के नाम इत्यादि में गलती है अथवा किसी दूसरे वार्ड/मतदान केन्द्र से अपना नाम बदलवाना चाहता है।

तो वह व्यक्ति जिला निर्वाचन अधिकारी के पास निर्धारित फार्म में दावे-आपत्तियां गत 15 मई से आगामी 21 जून सायं 4-00 बजे रविवार छोडकर प्रस्तुत कर सकेंगे। जिनका निपटारा जिला निर्वाचक अधिकारी द्वारा आगामी 28 जून तक जाएगा। उपायुक्त जितेन्द्र यादव गत सायं लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में मतदाता सूची के पुनरीक्षण के कार्य में लगे अधिकारियों को दिशा-निर्देश दे रहे थे। उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने कहा कि पंचायती राज संस्थाओं की मतदाता सूचियों का वार्ड वाइज अंतिम प्रकाशन आगामी 22 जुलाई को किया जायेगा। बैठक में सीईओ जिला परिषद सतेन्द्र दुहन, एसडीएम फरीदाबाद परमजीत चहल, एसडीएम बडखल पंकज सेतिया, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोक चंद, सीटीएम नसीब कुमार, डीडीपीओ राकेश मोर सहित बैठक से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran



## संक्षिप्त खबरें



### टैक्सबडी ने वित्तपोषण राउंड में जुटाए 21 लाख डॉलर

मुंबई। ऑनलाइन कर परामर्श देने वाली कंपनी टैक्सबडी डॉट कॉम ने बुधवार को बताया कि संयुक्त अरब अमीरात स्थित जेनिथ ग्लोबल द्वारा आयोजित वित्तपोषण कवायद में उसने 21 लाख डॉलर (करीब 16 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। भारतीय राजस्व सेवा के पूर्व अधिकारी सुजीत बांगड़ ने यह कंपनी 2019 में शुरू की थी जिसमें स्वचालन प्रौद्योगिकियों का उपयोग परामर्श देने के लिए किया जाता है। कंपनी ने एक बयान जारी करके कहा कि इस कोष का उपयोग प्रौद्योगिकी क्षमताओं को बढ़ाने के लिए किया जाएगा। कंपनी का दावा है कि उसके मंच पर 4.5 लाख उपयोगकर्ता हैं। जेनिथ इससे पहले भी कंपनी में निवेश कर चुकी है, 2020 में उसने इसमें पहली बार 10 लाख डॉलर का निवेश किया था।

### अल्मो ने प्रारंभिक श्रंखला-ए दौर में 20 लाख डॉलर जुटाए

नई दिल्ली। मेन्स इनरवेयर ब्रांड ह्यअल्मोह्न ने इन्फ्लेक्शन प्वाइंट वेंचर्स (आईपीवी) की अगुवाई में आयोजित प्रारंभिक श्रृंखला-ए वित्तपोषण दौर में 20 लाख डॉलर यानी 15 करोड़ रुपये से अधिक राशि जुटाई है। स्टार्टअप ने बुधवार को एक बयान में कहा कि प्रारंभिक श्रृंखला-ए वित्तपोषण दौर में लेट्सवेंचर और एंजेललिस्ट इंडिया सहित अन्य निवेशकों ने भी भाग लिया है। अल्मो ने कहा कि वह अत्याधुनिक अनुसंधान एवं विकास प्रयोगशाला स्थापित करने के साथ-साथ अपने ब्रांडिंग और विपणन प्रयासों को मजबूत करेगी। अल्मो के सह-संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अभिषेक शाह ने कहा, इस राशि का उपयोग हम विभिन्न ऑनलाइन मार्केटप्लेस में अपनी टीम और ब्रांड को मजबूत करने के लिए करेंगे।

### ईडी ने धनशोधन मामले में करनाल के एक कारोबारी को गिरफ्तार किया

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने करनाल के एक कारोबारी को 155 करोड़ रुपये के कथित बैंक ऋण धोखाधड़ी से जुड़े एक मामले में धनशोधन रोधक कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है कि महेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक अशोक कुमार मित्तल को हिरासत में लिया गया है और मंगलवार को उन्हें पंचकूला में विशेष पीएमएलए अदालत में पेश किया गया। अदालत ने मित्तल को चार दिन के ईडी रिमांड पर भेज दिया है। ईडी ने आरोप लगाया, मित्तल जांच के दौरान सहयोग नहीं कर रहे थे। उन्होंने सूचना को छुपाने और जांच को गुमराह करने की कोशिश की। एजेंसी के मुताबिक, ह्यमहेश टिम्बर प्राइवेट लिमिटेड के प्रमुख निदेशक मित्तल ने बैंक अधिकारी के साथ सांठगांठ में साख पत्र की सीमा 21 करोड़ रुपये से बढ़ाकर 195 करोड़ रुपये करवा ली। इसे राशि को फर्जी निर्यात के नाम पर सिंगापुर में मित्तल की इकाइयों को स्थानांतरित कर दिया गया। ईडी ने कहा, मित्तल ने बैंक को कुल 155 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया है।

# अरबंन कंपनी ने एको इंश्योरेन्स के साथ पेश की हेल्थ इंश्योरेन्स की सुविधा

मुंबई, एजेंसी




एशिया की सबसे बड़ी टेक-इनेबल्ड सर्विस मार्केटप्लेस अरबन कंपनी ने आज घोषणा की है कि यह भारत में अपने सर्विस पार्टनर्स के लिए व्यापक स्वास्थ्य बीमा पेश करने जा रही है। कंपनी ने इस इंश्योरेन्स कवर के लिए ऐको इंश्योरेन्स के साथ साझेदारी की है। नई लॉन्च की गई हेल्थ इंश्योरेन्स पॉलिसी के तहत यूसी प्लस के सभी सर्विस पार्टनर्स को रु 2 लाख का इंश्योरेन्स कवर मिलेगा।

यह पॉलिसी सर्विस पार्टनर के जीवन साथी एवं दो बच्चों को भी मेडिकल इंश्योरेन्स के तहत कवर करेगी, साथ ही हर साल 12 मुफ्त मेडिकल कन्सलटेशन भी उपलब्ध कराएगी। कंपनी द्वारा पहले से उपलब्ध कराए गए ग्रुप लाईफ एवं एक्सीडेंटल इंश्योरेन्स कवर के अलावा यह सुविधा दी गई है। वे सर्विस पार्टनर्स जिनके पास यूसी प्लस का सब्सक्रिप्शन नहीं है, वे मौजूदा ग्रुप लाईफ और एक्सीडेंटल इंश्योरेन्स कवर के अलावा 1 लाख के हेल्थ इंश्योरेन्स तथा साल भर के दौरान अपने लिए 12 तक मुफ्त मेडिकल कन्सलटेशन का लाभ उठा सकेंगे।

इस अवसर पर अरबन कंपनी के सीओओ एवं सह-संस्थापक वरुण खेतान ने कहा, हेल्थ इंश्योरेन्स इलाज में होने वाले अप्रत्याशित खर्च से सुरक्षा देता है, अक्सर अचानक आने वाले इस तरह के खर्च परिवार के लिए मुश्किल आर्थिक परेशानी का कारण बन जाते हैं। ऐसी स्थिति में हमारे सर्विस पार्टनर्स को सुरक्षा प्रदान करने के लिए हम विशेष रूप से डिजाइन किया गया हेल्थ इंश्योरेन्स प्लान लेकर आए हैं। अरबन कंपनी में हम हमेशा से अपने सर्विस पार्टनर्स के कल्याण को महत्व देते हैं और उनकी सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए उन्हें आर्थिक रूप से सक्षम बनने में भी मदद करते हैं। वहीं एको इंश्योरेन्स के सीनियर वाईस प्रेजीडेन्ट (पार्टनरशिप्स) बृजेश उनिथन ने कहा, हेल्थ इंश्योरेन्स, आर्थिक नियोजन में बेहद जरूरी पहलू है और अपने सर्विस पार्टनर्स को इसमें सहयोग प्रदान करना अरबन कंपनी के सराहनीय प्रयासों में से एक है। इस साझेदारी को लेकर हम बेहद उत्साहित हैं और आने वाले समय में भी अरबन कंपनी के सर्विस प्रोफेशनल्स की स्वास्थ्य बीमा संबंधी सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए वन-स्टॉप शॉप की भूमिका निभाते रहेंगे।

## स्पाइसजेट ने क्रेडिट सुइस के साथ विवाद का निपटारा किया

मुंबई, एजेंसी




घरेलू विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने बुधवार को कहा कि उसने स्विट्जरलैंड की वित्तीय सेवा कंपनी क्रेडिट सुइस के अपने लंबित विवाद को सुलझाते हुए समझौता और सहमति शर्तों पर हस्ताक्षर किए हैं। विमानन कंपनी ने एक बयान में कहा कि 23 मई को तय हुई समझौता एवं सहमति शर्तों को अंतिम आदेश के लिए उच्चतम न्यायालय के समक्ष दाखिल किया गया है। स्पाइसजेट ने अधिक ब्यौरा तो नहीं दिया, हालांकि यह बताया कि विवाद निपटारा की व्यवस्था के तहत एक निश्चित राशि का भुगतान पहले किया जाएगा और बाकी की राशि पारस्परिक रूप से तय समयसीमा में दी जाएगी। एयरलाइन ने कहा कि मामले में मद्रास उच्च न्यायालय के निर्देश के तहत 50 लाख डॉलर की बैंक गारंटी पहले ही उपलब्ध करवा दी गई है।

# सरकार ने 20-20 लाख टन कच्चे सोयाबीन, सूरजमुखी

## तेल के शुल्क-मुक्त आयात की अनुमति दी

नई दिल्ली, एजेंसी



सरकार ने सालाना 20-20 लाख टन कच्चे सोयाबीन और सूरजमुखी तेल के आयात पर सीमा शुल्क तथा कृषि अवसंरचना उपकर को मार्च, 2024 तक हटाने की घोषणा की है। वित्त मंत्रालय की तरफ से मंगलवार को जारी अधिसूचना के अनुसार सालाना 20 लाख टन कच्चे सोयाबीन और सूरजमुखी तेल पर वित्त वर्ष 2022-23 और 2023-24 में आयात शुल्क नहीं लगाया जाएगा। सरकार का मानना है आयात शुल्क में इस छूट से घरलू कीमतों में नरमी आएगी और मुद्रास्फीति को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी।

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने एक ट्वीट में लिखा, यह निर्णय उपभोक्ताओं को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करेगा। इसका मतलब है कि 31 मार्च, 2024 तक कुल 80 लाख टन कच्चे सोयाबीन तेल और कच्चे सूरजमुखी तेल का शुल्क मुक्त आयात किया जा सकेगा। इससे घरेलू स्तर पर कीमतों को नीचे लाने में मदद मिलेगी। सॉल्वैट एक्सट्रैक्टर्स ऑफ इंडिया (एसईए) के कार्यकारी निदेशक बी. वी मेहता ने कहा कि सरकार के इस फैसले से सोयाबीन तेल के दाम तीन रुपये प्रति लीटर तक नीचे आएंगे। सरकार ने 20-20 लाख टन कच्चे सोयाबीन और सूरजमुखी तेलों के लिए शुल्क दर कोटा (टीआरक्यू) संबंधी अधिसूचना जारी कर दी है। मेहता ने कहा कि टीआरक्यू के तहत सीमा शुल्क और 5.5 प्रतिशत का कृषि अवसंरचना कर हट जाएगा।

गौरतलब है कि सरकार ने तेल की बढ़ती कीमतों के बीच पिछले सप्ताह पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क घटाया था। साथ ही इस्पात और प्लास्टिक उद्योग में इस्तेमाल होने वाले कुछ कच्चे माल पर आयात शुल्क भी हटाने का निर्णय लिया था।

# श्रीलंका को नए कर्ज देने की खबरों को विश्व बैंक ने बताया गलत

कोलंबो, एजेंसी




आर्थिक संकट से जूझ रहे श्रीलंका को विश्व बैंक (डब्ल्यूबी) तब तक नया कर्ज नहीं देगा जब तक कि देश की अर्थव्यवस्था संबंधी पर्याप्त व्यापक आर्थिक नीति रूपरेखा नहीं बनाई जाती। विश्व बैंक ने बयान जारी करके यह कहा है। इससे पहले ऐसी खबरें आई थीं कि विश्व बैंक श्रीलंका को आर्थिक संकट से उबारने के लिए ब्रिज लोन या नई ऋण प्रतिबद्धताओं के रूप में समर्थन देने की योजना बना रहा है।

हालांकि बैंक ने कहा कि वह पहले से आवंटित संसाधनों में परिवर्तन कर रहा है ताकि आवश्यक दवाएं एवं अन्य नकद सहायता दी जा सके। विश्व बैंक ने एक बयान में कहा, हाल में मीडिया में आई खबरों में कहा गया था कि विश्व बैंक ब्रिज लोनह्लया नई कर्ज प्रतिबद्धताओं के रूप में श्रीलंका की मदद करने जा रहा है। यह गलत है। इसमें कहा गया, हमें श्रीलंका के लोगों की चिंता है और हम अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष तथा अन्य विकास साझेदारों के साथ मिलकर काम कर रहे हैं ताकि देश को आर्थिक स्थिरता बहाल करने के लिए उचित नीतिगत सलाह दे सकें। जब तक एक पर्याप्त व्यापाक आर्थिक नीति रूपरेखा नहीं बनती तब तक विश्व बैंक श्रीलंका को नए वित्तपोषण की पेशकश नहीं करेगा।

# शेयर बाजार में फ्लैट कारोबार, आईटी सेक्टर में गिरावट जारी

नई दिल्ली, एजेंसी



सुस्त वैश्विक संकेतों के कारण घरेलू शेयर बाजार आज सपाट होकर कारोबार करता नजर आ रहा है। बाजार में बुधवार के कारोबार की शुरूआत पॉजिटिव नोट के साथ हुई, लेकिन 20 मिनट के कारोबार के बाद ही बिकवाली के दबाव की वजह से शेयर बाजार फ्लैट होकर कारोबार करने लगा।

बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) के सेंसेक्स ने आज 201.46 अंक की बढ़त के साथ 54,254.07 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में बाजार में लिवाली का ट्रेंड बनता नजर आया। कारोबार शुरू होने के बाद पहले 20 मिनट में ही सेंसेक्स 326.98 अंक की उछाल के साथ 54,379.59 अंक के स्तर तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से सेंसेक्स भी नीचे लुढ़कने लगा।

बिकवाली के दबाव की वजह से सुबह 10 बजे के थोड़ी देर पहले सेंसेक्स करीब 40 अंक गिरकर लाल निशान में 54,016.46 अंक तक पहुंच गया। हालांकि इसके बाद बाजार में मामूली खरीदारी भी हुई।

इस खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक दोबारा हरे निशान में आकर कारोबार करने लगा। लगातार जारी खरीद बिक्री के भी शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 22.22 अंक की मजबूती के साथ 54,074.83 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था। सेंसेक्स की तरह ही नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के निफ्टी ने भी आज पॉजिटिव नोट के साथ 71.20 अंक की बढ़त लेकर 16,196.35 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में हुई हल्की फुल्की खरीदारी के कारण निफ्टी थोड़ी देर में ही 98.20 अंक की तेजी के साथ 16,223.35 अंक के स्तर तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में बिकवाली शुरू हो गई, जिसकी वजह से निफ्टी भी तेजी से नीचे की ओर गिरने लगा।

बिकवाली के दबाव की वजह से सुबह 10 बजे से थोड़ी देर पहले निफ्टी लाल निशान में गिरकर 16,114.30 अंक के स्तर तक आ गया। हालांकि इसके बाद हुई खरीदारी के सपोर्ट से ये सूचकांक दोबारा हरे निशान में आने में सफल हो गया। बाजार में जारी खरीद बिक्री के बीच शुरूआती 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे निफ्टी 8.20 अंक की मजबूती के साथ 16,133.35 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

अभी तक के कारोबार में आईटी, ऑटो, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल, हेल्थ केयर, मेटल, ऑयल एंड गैस तथा एफएमसीजी सेक्टर में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। निफ्टी का आईटी इंडेक्स 2.67 प्रतिशत की गिरावट के साथ और कंज्यूमर ड्यूरेबल सेक्टर 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। वहीं बैंकिंग सेक्टर में फिलहाल 0.85 प्रतिशत की तेजी नजर आ रही है।

कमजोर ग्लोबल संकेतों के बावजूद आज घरेलू शेयर बाजार ने प्री ओपनिंग सेशन में भी बढ़त के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। इस सेशन में बीएसई का सेंसेक्स 210.01 अंक यानी 0.39 प्रतिशत की मजबूती के साथ 54,262.62 अंक के स्तर पर था।

वहीं निफ्टी प्री ओपनिंग सेशन में 50.45 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 16,186.15 अंक के स्तर पर पहुंचा हुआ था। इसके पहले पिछले कारोबारी दिन यानी मंगलवार को सेंसेक्स 236 अंक यानी 0.43 प्रतिशत गिर कर 54,052.61 अंक के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं निफ्टी ने 89.55 अंक यानी 0.55 प्रतिशत कमजोरी के साथ 16,125.15 अंक के स्तर पर मंगलवार के कारोबार का अंत किया था।

## ईपीएफओ से जुड़े नौ लाख से अधिक कर्मचारी

**नई दिल्ली।** मार्च 2022 में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) की कर्मचारी भविष्य निधि से नौ लाख से अधिक, कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्वास्थ्य बीमा योजना से 14 लाख से अधिक और राष्ट्रीय पेंशन योजना से 75 हजार से अधिक कर्मचारी जोड़े गये हैं। सरकार के बुधवार को यहां जारी आंकड़ों में यह जानकारी देते हुए कहा गया है कि मार्च 2022 में ईपीएफ से नौ लाख 68 हजार 163 कर्मचारी जोड़े गये हैं। इनमें सात लाख दो हजार 169 पुरुष और दो लाख 65 हजार 980 महिलायें हैं। इनमें से 11 कर्मचारी अन्य श्रेणी में हैं और तीन के संबंध में जानकारी उपलब्ध नहीं है। सितंबर 2017 से मार्च 2022 तक ईपीएफ में पांच करोड 28 लाख 56 हजार 397 कर्मचारी शामिल किये गये हैं। इसी माह में कर्मचारी राज्य बीमा निगम की स्वास्थ्य बीमा योजना में 14 लाख पांच हजार 570 कर्मचारी जोड़े गये हैं। इनमें 11 लाख 27 हजार 66 पुरुष और दो लाख 78 हजार 458 महिलायें शामिल हैं। शेष 46 अन्य श्रेणी में हैं।

# वाणी कपूर की मौजूदगी में मेरिडियन एसयूवी जीप को किया गया लॉन्च

मुंबई, एजेंसी

भारत के सबसे लोकप्रिय जीप वाहनों में से जीप मेरिडियन एसयूवी को रु 29.9 लाख की इंडरोडक्टरी कीमत पर लॉन्च किया गया है। भारत में निर्मित (मेड-इन-इंडिया) और भारत के लिए निर्मित (मेड-फॉर-इंडिया) इस थ्री-रो जीप एसयूवी को ग्रुप लैण्डमार्क द्वारा मुंबई के लैण्डमार्क जीप शोरूम मे प्रदर्शित किया गया, जो देश में कार डीलरशिप्स के सबसे बड़े नेटवर्क का संचालन करता है, 8 राज्य में इसकी 115 ए-ग्रेड टच-पॉइंट्स हैं। इस अवसर पर मेरिडियन ने न सिर्फ जीप के डीएनए का जश्न मनाया, बल्कि दशकों के अनुभव के साथ इंजीनियरिंग कौशल का बेजोड़ अनुभव भी प्रदान किया। कार्यक्रम के दौरान बॉलीवुड अभिनेत्री



वाणी कपूर और ग्रुप लैण्डमार्क के चेयरमैन एवं संस्थापक संजय ठक्कर भी मौजूद थे। जीप मेरिडियन की कीमत के अनावरण पर बात करते हुए संजय ठक्कर, चेयरमैन एवं संस्थापक, ग्रुप लैण्डमार्क, ने कहा, जीप मेरिडियन रोमांच और आधुनिकता का बेहतरीन संयोजन है। ग्रुप लैण्डमार्क का अनुभव इसे और भी खास बनाता है, ऐसे में यह नई जीप एसयूवी देश के उपभोक्ताओं को बेजोड़ अनुभव प्रदान करने के लिए तैयार है।

हमेशा की तरह ग्रुप लैण्डमार्क आने वाले समय में भी उपभोक्ताओं को खरीद एवं सर्विस में बेहतरीन अनुभव प्रदान करता रहेगा। देश में स्थित कंपनी के अन्य शोरूमों की तरह लैण्डमार्क जीप वर्ली शोरूम, अपने उपभोक्ताओं की बदलती जरूरतों को पूरा करता रहेगा और अपने दो दशकों के अनुभव के साथ उपभोक्ताओं की उम्मीदों पर खरा उतरता रहेगा।

# सरकार ने गेहूं के बाद चीनी के निर्यात पर भी लगाया प्रतिबंध

नई दिल्ली, एजेंसी

रूस-यूक्रेन जंग के बीच बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने के लिए सरकार ने एक और बड़ा फैसला लिया है। गेहूं के निर्यात पर पाबंदी लगाने के बाद सरकार ने अब चीनी के निर्यात को 100 लाख टन तक सीमित करने का फैसला किया है। यह पाबंदी एक जून, 2022 से अगले आदेश तक लागू रहेगी।

सरकार ने देररात जारी आदेश में कहा कि चीनी मिलों और निर्यातकों को एक जून के बाद निर्यात के लिए एक्सपोर्ट रिलीज ऑर्डर के रूप में मंजूरी लेनी होगी। दरअसल देश में जिस तरह से चीनी के दाम बढ़ रहे थे, उससे यह कयास लगाया जा रहा था कि सरकार इसके निर्यात पर पाबंदी लगा सकती है।

सरकार ने गेहूं के बाद देश में चीनी की उपलब्धता सुनिश्चित करने और उसकी बढ़ती कीमत



**रोक**

- चीनी का एक्सपोर्ट 100 लाख टन तक सीमित करने का फैसला

को नियंत्रित करने के लिए यह फैसला लिया है। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी)) की ओर से जारी अधिसूचना में कहा गया है- 'चीनी (रॉ चीनी, रिफाइन्ड चीनी और सफेद चीनी) के निर्यात को 1 जून, 2022 से सीमित श्रेणी में रखा गया है।'

सरकार ने चीनी के निर्यात में 6 साल में पहली बार प्रतिबंध लगाया है। दरअसल घरेलू मांग के मद्देनजर सरकार दो से तीन महीने का अतिरिक्त चीनी का स्टॉक अपने पास रखना चाहती है। आंकड़ों के मुताबिक मौजूदा चीनी विपणन सत्र में चीनी मिलों ने 90 लाख टन चीनी के निर्यात का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया है। इसमें से 82 लाख टन चीनी शुगर मिलों ने एक्सपोर्ट के लिए भेज चुकी है, जबकि करीब 78 लाख टन चीनी का निर्यात किया जा चुका है।

उल्लेखनीय है कि दुनिया में ब्राजील के बाद भारत दूसरा सबसे बड़ा चीनी उत्पादक और निर्यातक देश है। भारत से सबसे अधिक मात्रा में चीनी इंडोनेशिया, अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, संयुक्त अरब अमीरात, मलेशिया और अफ्रीकी देश खरीदते हैं। उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक सबसे बड़े चीनी उत्पादक राज्य हैं। इन तीन राज्यों में देश की कुल चीनी का 80 फीसदी उत्पादन होता है।

# महंगाई की पिच पर ताबड़तोड़ बैटिंग कर रही खाद्य सामाग्री

## आटा, तेल, दाल, चावल समेत अधिकतर आवश्यक वस्तुएं, नमक भी हुआ महंगा

नई दिल्ली, एजेंसी

महंगाई की पिच पर पिछले 5 साल आलू-प्याज-टमाटर से लेकर नमक-चीनी-गुड़ तक धुंआधार बैटिंग कर रहे हैं। आवश्यक वस्तुओं में शामिल चीनी और चना दाल को छोड़कर सभी की कीमतें बढ़ी हैं। वहीं भारत में प्रति व्यक्ति आय 2017 के 83003 रुपये वार्षिक के मुकाबले 86659 रुपये ही हुई है।

अगर उपभोक्ता मंत्रालय के वेबसाइट पर दिए गए आवश्यक वस्तुओं के खुदरा रेट की बात करें तो आज चावल 24.20 फीसद बढ़ा है तो गेहूं 25.51 फीसद। यानी पांच साल पहले 100 रुपये में जितना गेहूं-चाव मिलता था अब उतने के लिए 125 रुपये खर्च करने पड़ रहे हैं।

**मंडी में मोटी हुई दाल और थाली में पतली**

अगर दालों की बात करें तो 5 साल पहले चना दाल की औसत कीमत 87 रुपये प्रति किलो थी, जो 14.84 फीसद घटकर 74.09 रुपये रह गई है। हालांकि, तुअर दाल इस अवधि में



84.58 रुपये से 21.46 फीसद महंगी होकर 102.73 रुपये पर पहुंच गई है। उड़द दाल के दाम में 8.20 फीसद का उछाल आया है तो मूंग दाल 27.71 फीसद चढ़ी है।

**दूध-चाय भी महंगे**

सुबह की चाय भी अब 5 साल पहले जैसी मीठी नहीं रही। चाय की पत्ती के भाव तो बढ़े ही है, दूध भी महंगाई से कड़वी हो गया है, जबकि चीनी सस्ती हुई है। पांच साल में चीनी के भाव में 2.65 फीसद की कमी आई है, लेकिन दूध के भाव 23.58 फीसद चढ़े हैं। खुली चाय भी 40.48 फीसद चढ़ी है।

**पॉम ऑयल 128.49 फीसद महंगा**

अगर खाद्य तेलों की बात करें तो किचन के बजट को बिगाड़ने में सबसे अधिक योगदान इनका है। सरसों तेल पैक पांच साल में 83.26 फीसद उछल कर 101 रुपये से सीधे 185 रुपये पर पहुंच गया है तो मूंगफली तेल भी 45 फीसद की उछाल के साथ 187 रुपये पर है। सबसे अधिक बढ़त पाम तेल, सूरजमुखी, सोया और वनस्पति ऑयल में हुई है। पॉम ऑयल 128.49 फीसद महंगा होकर 69.05 रुपये से सीधे 157.77 रुपये पर पहुंच गया है। जबकि, सूरजमुखी तेल में 122 फीसद का उछाल आया है। वनस्पति तेल 112 फीसद महंगा हुआ है।

**नमक भी हुआ महंगा**

नमक पांच साल में 29.44 फीसद महंगा हुआ है। पांच साल पहले इसकी कीमत 15.08 रुपये हुआ करती थी, जो अब औसतन 19.52 रुपये प्रति किलो पहुंच गई है। आलू की बात करें तो इसके रेट में 67.18 फीसद का इजाफा हुआ है। प्याज पांच साल में 64.68 फीसद तो टमाटर 193.32 फीसद चढ़ा है।

## चाय संघ ने बराक घाटी में बाढ़ पर चिंता जताई

**कोलकाता।** भारतीय चाय संघ (आईटीए) ने बुधवार को असम की बराक घाटी में मौजूदा बाढ़ की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। आईटीए ने ककहा कि लंबे समय से मंदी की स्थिति के कारण यह क्षेत्र पहले से आर्थिक संकट से जूझ रहा है। आईटीए के एक प्रवक्ता ने कहा कि मई के पहले सप्ताह से लगातार हो रही बारिश के कारण पूरी बराक घाटी भीषण बाढ़ की चपेट में है। सभी नदियां खतरे के निशान से काफी ऊपर बह रही हैं और क्षेत्र के कई इलाकों को जलमग्न करने के अलावा कई जगहों पर कटाव भी कर चुकी हैं।

बाढ़ के कारण बराक घाटी और ब्रह्मपुत्र घाटी के बीच सड़क संचार बाधित हो गया है, जिससे कई आवश्यक आदानों और चाय की आपूर्ति प्रभावित हो रही है। उस क्षेत्र के प्रमुख शहरों से कई चाय बागानों के लिए सड़क संचार बाधित हो गया है। प्रवक्ता ने कहा कि पेट्रोलियम, तेल, लुब्रिकेंट और कोयले जैसे आवश्यक आदानों की कमी की बहुत आशंका है। उन्होंने कहा कि अगर मौसम में सुधार नहीं हुआ, तो आने वाले दिनों में खाद्य सामग्री की किल्लत भी पैदा हो सकती है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम बुधवार को भी स्थिर

**नई दिल्ली।** देश में तेल विपणन कंपनियों ने बुधवार को भी पेट्रोल-डीजल के दामों में कोई परिवर्तन नहीं किया, जिससे ईंधन की कीमतें स्थिर रही। इंडियन ऑयल की अधिसूचना के मुताबिक, दिल्ली में आज पेट्रोल का दाम 96.72 रुपये और डीजल का दाम 89.62 रुपये प्रति लीटर है, जबकि मुंबई में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 111.35 रुपये और 97.28 रुपये प्रति लीटर पर है। केंद्र सरकार ने शनिवार को आम आदमी को बड़ी राहत देते हुए पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः आठ रुपये और छह रुपये प्रति लीटर की कटौती करने की घोषणा की थी। जिससे पेट्रोल-डीजल के दाम कम से कम 9.5 रुपये और सात रुपये तक गिर गए हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में लगातार उतार-चढ़ाव जारी है। लंदन ब्रेंट क्रूड आज 1.16 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 114.88 डॉलर प्रति बैरल और अमेरिकी क्रूड 1.20 प्रतिशत चढ़कर 111.09 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिन की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई थीं। जिससे 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की गयी। इस दौरान इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी थी।

# टेकेडा ने भारत में हीमोफीलिया रोगियों के लिए एडिनोवेट किया लॉन्च

मुंबई, एजेंसी




टेकेडा फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड ने हीमोफिलिया ए रोगियों के लिए एडिनोवेट लॉन्च करके अपने नवीन दुर्लभ बीमारी पोर्टफोलियो का विस्तार किया। हीमोफीलिया ए रोगियों के लिए प्रोफिलैक्सिस के लाभों पर टिप्पणी करते हुए, डॉ संदीप अरोड़ा, हेड ऑफ मेडिकल अफेयर्स एंड पेशेंट सर्विसेज-इंडिया, टेकेडा ने कहा, गंभीर हीमोफीलिया ए वाले लोगों में बार-बार हेमार्थ्रोसिस, जॉइंट कार्टिलेज का विखंडन, अस्थि क्षय, और क्रिप्लिंग की स्थिति होती है जिसे ऑन-डिमांड थेरेपी के बजाये प्रोफिलैक्सिस के जरिए प्रभावी रूप से कम किया जा सकता है। अध्ययनों से पता चलता है कि नवीन, एक्सटेंडेड हाफ-लाइफ, एडिनोवेट, रोगियों को खुराक और इनफ्युजन आवृत्ति को कम करने में सहायक है जिससे व्यक्तिगत रोगनिरोधी कवरेज प्रदान करते हुए उपचार में सुधार होता है। एडिनोवेट का व्यापक वैश्विक नैदानिक कार्यक्रम में परीक्षण किया गया है जिसमें इसने अनुकूल सुरक्षा और प्रभावकारिता परिणाम प्रदर्शित किए हैं जो प्रभावी रक्तस्राव रिजॉल्यूशन, बेहतर जोड़ स्वास्थ्य और अधिकांश मामलों में लगभग शून्य सहज रक्तस्राव प्रदान करता है। फार्मास्यूटिकल्स में वैश्विक अग्रणी के रूप में, टेकेडा फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड व्यापक शोध को बढ़ावा देने पर जो दे रही है ताकि कंपनी के चुने हुए चिकित्सा क्षेत्रों में प्रभावी और अभिनव उपचार के विकास का समर्थन किया जा सके। टेकेडा, टेकेडा फार्मास्युटिकल कंपनी लिमिटेड समूह की कंपनियों का हिस्सा है जिसका मुख्यालय जापान में है। यह कंपनी देश में हेमटोलॉजी, जेनेटिक डिजीज, इम्यूनोलॉजी और गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल पोर्टफोलियो पर जोर देती है।

## संक्षिप्त खबरें

### फ्रेंच ओपन में हार के साथ सोंगा ने कहा टेनिस को अलविदा

पेरिस। फ्रेंच ओपन पुरूष एकल वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड से मिली हार के बाद फ्रांस के जो विलफ्राइड सोंगा ने अश्रुपूरित नेत्रों से टेनिस को अलविदा कह दिया। सोंगा को रूड ने 6.7, 7.6, 6.2, 7.6 से हराया। अपने कैरियर में विश्व रैंकिंग में पांचवें स्थान तक पहुंचे सोंगा 2008 आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल तक पहुंचे और डेविस कप विजेता फ्रांस की टीम के सदस्य रहे। उनका कैरियर हालांकि चोटों से प्रभावित रहा और पिछले साल 36 वर्ष का होने पर उन्होंने साल में 18 मैच खेलना ही तय किया था। अपने परिवार और घरेलू दर्शकों के सामने टेनिस को अलविदा कहते हुए उन्होंने कहा, मैने ऐसा माहौल कभी नहीं देखा। इससे बेहतर कुछ नहीं हो सकता था। अगर मैं जीत पाता तो सोने पे सुहागा हो जाता। अन्य मैचों में डेनमार्क के होल्गर रूने ने 14वीं रैंकिंग वाले डेनिस शापोवालोव को 6.3, 6.1, 7.6 से हराया। वहीं चौथी वरीयता प्राप्त सिटसिपास ने लोरेंजो मुसेटी को 5.7, 4.6, 6.2, 6.3, 6.2 से मात दी।

### आईडब्ल्यूएल : हंस वुमैन ने ओडिशा पुलिस को हराया

भुवनेश्वर। हंस वुमैन ने शानदार वापसी करते हुए इंडियन वुमैन लीग फुटबॉल के आखिरी लीग मैच में ओडिशा पुलिस को 3 . 2 से हरा दिया। हंस वुमैन के लिये चौथे मिनट में वाणी कालूचा ने गोल दागा। ओडिशा पुलिस के लिये शिवानी मुंदरी ने बराबरी का गोल किया। ओडिशा की टीम ने 69वें मिनट में सरोजिनी टिर्की के गोल के दम पर बढत बना ली। इसके बाद दिल्ली की हंस टीम के लिये 89वें मिनट में ज्योति अन बुरेट ने बराबरी का गोल किया । बुरेट ने तीन मिनट बाद एक और गोल करके टीम को जीत दिलाई।

### श्रीलंका के चार विकेट पर 210 रन

ढाका। बांग्लादेश के बायें हाथ के स्पिनर शाकिब अल हसन ने 38 रन देकर दो विकेट लिये और दूसरे क्रिकेट टेस्ट के तीसरे दिन बुधवार को लंच तक श्रीलंका को चार विकेट पर 210 रन पर रोके रखा। कप्तान दिमुथ करूणारत्ने 80 रन बनाकर शाकिब की गेंद पर बोल्ड हो गए। इसके बाद धनंजय डिसिलव और एंजेलो मैथ्यूज ने पांचवें विकेट की अटूट साझेदारी में 44 रन जोड़े। डिसिल्वा 30 और मैथ्यूज 25 रन बनाकर खेल रहे हैं। बांग्लादेश के पहली पारी के स्कोर 365 रन से श्रीलंका अभी भी 155 रन पीछे है। श्रीलंका ने दो विकेट पर 143 रन से आगे खेलते हुए सुबह कुसान रजीता का विकेट दूसरी ही गेंद पर गंवा दिया था।

### गुजरात टाइटंस में मुझे सभी का समर्थन और खेलने का मौका मिला : डेविड मिलर

कोलकाता। डेविड मिलर टी20 क्रिकेट में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाते चले आ रहे हैं। एक ऐसे फि निशर की भूमिका जो गेंदबाजी ही नहीं करता। इस शैली के खिलाड़ियों को सफलता से अधिक निराशा हाथ लगती है। आपको विश्लेषकों को प्रभावित करने वाले बड़े रन बनाने का मौका नहीं मिलता है। और तो और अगर आप विदेशी लीग में खेलते हैं, तो एकादश में स्थान बनाना कठिन हो जाता है। मिलर ने अपने पूरे करियर और विशेष रूप से अपनी पिछली फ्रैंचाइजी में, जिसे हराकर उन्होंने आईपीएल 2022 के फाइनल में जगह बनाई, इस बात को करीब से देखा है। इस सीजन की शुरूआत से पहले मिलर ने ईएसपीएनक्रिकइंफो के मैट रोलर को बताया था कि एक मुश्किल रोल में लगातार नहीं खेल पाना कितना निराशाजनक था।

रजत पाटीदार ने 54 गेंद में 112 रन की पारी खेली

# रजत के शतक के दम पर आरसीबी ने लखनऊ को दिया 208 रन का लक्ष्य

कोलकाता, एजेंसी



आईपीएल 2022 में आज लखनऊ और बेंगलुरु के बीच एलिमिनेटर मुकाबला खेला गया। लखनऊ के कप्तान केएल राहुल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 207 रन बनाए हैं और लखनऊ को 208 रन का टारगेट दिया है। बेंगलुरु के लिए सबसे ज्यादा रन रजत पाटीदार ने बनाए। उन्होंने 54 गेंद में 112 रन बना दिए। वहीं, दिनेश कार्तिक के बल्ले से 23 गेंद में 37 रन निकले।

पाटीदार ने पारी के 16वें ओवर में रवि बिश्नोई पर कहर बनकर टूटे। बिश्नोई के चौथे ओवर में पाटीदार ने 26 रन जड़ दिए। 16वें ओवर की पहली गेंद पर दिनेश कार्तिक ने खतरनाक दिख रहे रजत को स्ट्राइक दी और उसके बाद जो कुछ हुआ उसे रवि बिश्नोई याद नहीं रखना चाहेंगे। ओवर की अगली पांच गेंदों पर पाटीदार ने तीन छक्कों और दो चौकों की मदद से 26 रन बनाए। हालांकि, इस दौरान रवि अनलकी भी रहे और ओवर की तीसरी गेंद पर दीपक हुड्डा ने डीप मिडविकेट पर रजत का कैच भी छोड़ दिया और गेंद चौके के लिए चली गई। पहला विकेट जल्दी गिरने के बाद विराट कोहली और रजत पाटीदार ने आरसीबी की पारी को संभाला। दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 46 गेंद में 66 रन की साझेदारी हुई।

कोहली 25 गेंद में 24 रन बनाकर आवेश खान की गेंद पर आउट हुए। उनके आउट होने के बाद ग्लेन मैक्सवेल भी ज्यादा देर तक बल्लेबाजी नहीं कर पाए और 10 गेंद में 9 रन बनाकर आउट हो गए। उनका विकेट क्रुणाल पंड्या ने लिया।
रजत पाटीदार ने आरसीबी की पारी के छठे ओवर में लखनऊ के क्रुणाल पंड्या को आड़े हाथ लिया। पावरप्ले के आखिरी ओवर में पाटीदार ने 20 रन जड़ दिए। ओवर की पहली गेंद पर कोहली ने सिंगल लेकर पाटीदार को स्ट्राइक क्या दी, पंड्या के लिए ये ओवर बुरा सपना बन गया। ओवर की दूसरी और तीसरी गेंद पर पाटीदार ने लगातार दो चौके और उसके बाद चौथी गेंद पर छक्का और पांचवीं गेंद पर फिर चौका जड़ दिया। आखिरी गेंद पर सिंगल लेकर पाटीदार ने स्ट्राइक अपने पास रखी।

बेंगलुरु की पारी के पहले ही ओवर में बेंगलुरु को पहला झटका लगा। टीम के कप्तान फाफ डु प्लेसिस खाता खोले बिना आउट हो गए। उन्हें मोहसिन खान ने आउट किया।

मोहसिन ने मिडिल स्टंप पर गुड लेंथ गेंद डाली जो बाहर की ओर निकली गेंद ने बल्ले का किनारा लिया और विकेटकीपर डिकॉक ने एक आसान कैच लेकर उन्हें चलता कर दिया।

# मेरा नाम हमेशा बिकता है, मुझे कोई दिक्कत नहीं है : हार्दिक पंड्या

कोलकाता, एजेंसी



हार्दिक पंड्या ने अपने संक्षिप्त अंतरराष्ट्रीय कैरियर में उतार चढाव, चोट, सर्जरी, विवाद सब कुछ देख लिया लेकिन उनका कहना है कि हर बात का सामना उन्होंने मुस्कुराकर किया। इन सभी चीजों को पीछे छोड़कर इंडियन प्रीमियर लीग में गुजरात टाइटंस के पहले सत्र में न सिर्फ वह बतौर हरफनमौला चमके बल्कि एक अच्छे कप्तान के रूप में भी उभरे और टीम को फाइनल में ले आये हैं। राजस्थान रॉयल्स को पहले क्वालीफायर में सात विकेट से हराने के बाद वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, लोग तो बातें करेंगे ही।

यह उनका काम है। मैं कुछ नहीं कर सकता। उन्होंने कहा, हार्दिक पंड्या का नाम हमेशा बिकता है और मुझे इससे कोई दिक्कत नहीं है। मैं मुस्कुराकर इसका सामना करता हूं। मुंबई इंडियंस के साथ मिली सफलता के बाद 2016 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने वाले पंड्या से काफी उम्मीदें थी और उनकी तुलना विश्व कप विजेता कप्तान कपिल देव से की जाने लगी। फिर 2019 में कॉफी विद करण में महिलाओं के बारे में अपमानजनक टिप्पणी के कारण उन्हें निलंबित कर दिया गया। बाद में उन्होंने बीसीसीआई की जांच समिति से माफी मांग ली थी। भारत के लिये आखिरी मैच वह आठ नवंबर को दुबई में टी20 विश्व कप में नामीबिया के खिलाफ खेले थे। उसके बाद से कमर के आपरेशन के कारण गेंदबाजी में जूझते नजर आये।

मुंबई इंडियंस से रिलीज होने के बाद आईपीएल सत्र से पहले मेगा नीलामी में गुजरात ने उन्हें 15 करोड़ रुपए में खरीदा। उन्हें कप्तानी दिये जाने पर भी सवाल उठे थे लेकिन अपने मेंटोर एम एस धोनी की तरह कैप्टन कूल पंड्या ने आलोचकों को अपने प्रदर्शन से जवाब दिया। उन्होंने कहा, माही भाई ने मेरे जीवन में बड़ी भूमिका निभाई है।

## टियाफो ने फ्रेंच ओपन में सातवें प्रयास में पहली जीत दर्ज की

पेरिस, एजेंसी



फ्रांसिस टियाफो ने यहां फ्रेंच ओपन टेनिस टूनामेंट में सातवें प्रयास में पहली जीत दर्ज करते हुए पुरुष एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। अमेरिका के टियाफो ने रोलां गैरो पर छह बार पहले दौर में हार के बाद बेंजामिन बोंजी को 7-5, 7-5, 7-6 (5) से हराकर पहली जीत दर्ज की। दुनिया के 24वें नंबर के खिलाड़ी टियाफो ने फ्रांस के प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 23 ब्रेक प्वाइंट में से सिर्फ पांच को जीत में बदला लेकिन यह उन्हें दूसरे दौर में जगह दिलाने के लिए पर्याप्त था।

दूसरे दौर में टियाफो की भिड़ंत बेल्जियम के डेविड गोफिन से होगी। जो विल्फ्रेड सोंगा हालांकि पहले दौर में हार के साथ टूनामेंट से बाहर हो गए। उन्हें आठवें वरीय कास्पर रूड ने 6-7 (6), 7-6 (4), 6-2, 7-6 (0) से हराया। यह संभवतः सोंगा का अंतिम मुकाबला था क्योंकि फ्रांस का यह 37 वर्षीय खिलाड़ी फ्रेंच ओपन के बाद संन्यास की घोषणा कर चुका है। सोंगा ने अपने 18 साल से अधिक के करियर के दौरान 18 खिताब जीते और करियर की सर्वश्रेष्ठ पांचवीं रैंकिंग हासिल की। वह 2008 में आस्ट्रेलिया ओपन के फाइनल में पहुंचे। फ्रांस के खिलाड़ियों के बीच ग्रैंडस्लैम टूनामेंट में उनके नाम पर सर्वाधिक 121 जीत दर्ज हैं।

सबेस्टियन कोर्डा ने भी आस्ट्रेलिया के अनुभवी जॉन मिलमैन को 6-1, 7-5, 7-6 (6) से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश दिया। डेनमार्क के किशोर होल्डर रुने ने पहले दौर में 14वें वरीय कनाडा के डेनिस शापोवालोव को 6-3, 6-1, 7-6 (4) से हराकर उलटफेर किया। रूस के दूसरे वरीय दानिल मेदवेदेव ने भी आसान जीत के साथ दूसरे दौर में जगह बनाई। अमेरिकी ओपन चैंपियन मेदवेदेव ने अर्जेन्टीना के फाकुंडो बाग्निस को सीधे सेट में 6-2, 6-2, 6-2 से हराया।

लगभग दो महीने पहले हर्निया की सर्जरी कराने के बाद मेदवेदेव की यह पहली जीत है। पिछले हफ्ते सर्जरी के बाद वापसी करते हुए उन्हें जिनेवा ओपन के पहले दौर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। फ्रेंच ओपन के पहले दौर में लगातार चार बार शिकस्त झेलने वाले मेदवेदेव पिछले साल रोलां गैरो पर क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रहे थे।

## भारत अंडर-17 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करेगाः अदिति

कोलकाता, एजेंसी



भारतीय महिला फुटबॉल टीम की स्टार गोलकीपर अदिति चौहान को लगता है कि देश में 2019 के बाद से सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता की अनुपस्थिति के बावजूद आगामी विश्व कप के लिये अंडर-17 टीम की तैयारियों में कोई कमी नहीं हुई है। भारत ने अपनी अंतिम अंडर-17 राष्ट्रीय चैम्पियनशिप अप्रैल 2019 में करायी थी लेकिन इसके बाद कोरोना वायरस के प्रकोप के कारण सारी योजनायें विफल हो गयी थीं। लेकिन अदिति को लगता है कि भारतीय टीम सही दिशा में आगे बढ़ रही है और अंडर-17 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन करने वाली टीमों में से एक होगी। अदिति ने भुवनेश्वर से पीटीआई से कहा, यह ग्रुप पिछले कुछ समय से इसकी तैयारियों में जुटा है। उन्होंने कहा, उन्हें नियमित मैच समय मिल रहा है और अभ्यास भी नियमित रूप से हो रहा है, उम्मीद करते हैं कि उन्हें विश्व कप से पहले और अधिक मैत्री मैच खेलने को मिलेंगे। अदिति ने कहा, मुझे पूरा विश्वास है कि खिलाड़ी विश्व कप में घरेलू दर्शकों के सामने शानदार प्रदर्शन करेंगी। भारतीय अंडर-17 कोच थॉमस डेनेरबी ने पहले ही 33 संभावित खिलाड़ियों को चुन चुके हैं जो इस समय जमशेदपुर में ट्रेनिंग में जुटी हैं।

## कई बार अहम को भूलकर टिके रहना होता है : जोस बटलर

कोलकाता, एजेंसी

राजस्थान रॉयल्स के सलामी बल्लेबाज जोस बटलर को यह स्वीकार करने में कोई हर्ज नहीं है कि गुजरात टाइटंस के खिलाफ पहले क्वालीफायर में उन्हें दिक्कत पेश आई लेकिन उन्होंने कहा कि कई बार अपने अहम को भुलाकर हड़बड़ाये बिना डटे रहना होता है। इस सत्र के आरेंज कैपधारी बटलर के 15 मैचों में 718 रन हैं। पहले क्वालीफायर में शुरू में उन्हें दिक्कतें हुई और 39 रन बनाने के लिये उन्होंने 38 गेंदें खेली। इसके बाद अगले 50 रन 18 गेंद में बनाकर रॉयल्स को छह विकेट पर 188 रन तक ले गए। मैच सात विकेट से हारने के बाद प्रेस कांफ्रेंस में उन्होंने कहा, मैं टिके रहना चाहता था। हमारे लिये यह बड़ा मैच था और मैं बड़ा स्कोर चाहता था। कई बार आपको अपना अहंकार भूलना पड़ता है। अगर दिक्कत आ रही है तो फिर आ रही है। मैं बहुत घबराता या परेशान नहीं होता। उन्होंने कहा, विरोधी टीम चाहती है कि मैं घबराऊं और आउट हो जाऊं। मुझे खुद पर भरोसा था और मुझे पता था कि मैं लय हासिल कर लूंगा। इस पारी में थोड़ी देर से मिली। रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन की 26 गेंद में 47 रन की पारी से बटलर पर से दबाव हटा। उन्होंने कहा, शुरूआत में परेशानी आई लेकिन फिर संजू ने आकर यह पारी खेली । इससे मुझ पर से दबाव हट दिया । मैं टिककर खेलता रहा और आखिर में तेजी से रन बनाये। अब रॉयल्स को दूसरे क्वालीफायर में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर या लखनऊ सुपर जाइंट्स से खेलना होगा। बटलर ने कहा, हम अभी भी टूनामेंट में बने हुए हैं और एक मौका अभी भी हमारे पास है।

# भारत की नजरें इंडोनेशिया के खिलाफ बड़ी जीत पर, जापान की जीत की भी दुआ करनी होगी

जकार्ता, एजेंसी



गत चैम्पियन भारत को एशिया कप पुरूष हॉकी टूनामेंट में नॉकआउट चरण में पहुंचने के लिये आज इंडोनेशिया को बड़े अंतर से हराने के साथ पूल ए के दूसरे मैच में जापान की पाकिस्तान पर जीत की दुबा भी करनी होगी।

भारत का काम अब सिर्फ अपना मैच जीतने से नहीं चलेगा। इसके लिये जापान और पाकिस्तान के मैच के नतीजे का भी उसे इंतजार करना होगा। भारत पूल ए में जापान ( छह अंक ) और पाकिस्तान ( चार अंक ) के बाद तीसरे स्थान पर है। सरदार सिंह के मार्गदर्शन में भारत ने टूनामेंट में युवा टीम उतारी है जिसमें बीरेंद्र लाकड़ा और एस वी सुनील जैसे दो दिग्गज संन्यास का फैसला वापिस लेकर लौटे थे। दोनों मैचों में हालांकि ये दोनों खिलाड़ी कुछ खास नहीं कर पाये। भारत ने पहले मैच में आखिरी क्षणों में गोल गंवाकर पाकिस्तान से 1 . 1 से ड्रॉ खेला। इसके बाद जापान ने भारत को 5 . 2 से हराया।

अब भारत के सामने इंडोनेशिया को बड़े अंतर से हराने की चुनौती है। इसके साथ ही दूसरे मैच में जापान की पाकिस्तान पर जीत भी जरूरी है। भारत का गोल औसत माइनस तीन है जबकि पाकिस्तान का प्लस 13 है। पाकिस्तान अगर जापान से हार जाता है और भारत गोल औसत के अंतर को खत्म करके इंडोनेशिया को हराता है तो ही सुपर चार में उसे जगह मिलेगी।

भारतीय युवा खिलाड़ियों के खराब प्रदर्शन का कारण अनुभवहीनता रही। अंतरराष्ट्रीय हॉकी के दबाव को ये खिलाड़ी झेल नहीं पाये । दो मैचों में भारत तीनों विभागों रक्षण, मिडफील्ड और आक्रमण में जूझता नजर आया। भारत के पास मिडफील्ड में सरदार या मनप्रीत सिंह जैसा प्लेमेकर नहीं है। लाकड़ा डिफेंस में लय के लिये जूझते रहे और निर्णायक क्षणों में भारतीय डिफेंस चरमरा गया।

फॉरवर्ड पंक्ति में तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक विजेता टीम के सदस्य रहे सिमरनजीत सिंह और युवा उत्तम सिंह कुछ नहीं कर सके । पवन राजभर ने जरूर प्रभावित किया। भारत का पेनल्टी कॉर्नर भी खराब रहा क्योंकि रूपिंदर पाल सिंह के कलाई की चोट के कारण ऐन मौके पर हटने के बाद कोई स्तरीय ड्रैग फ्लिकर टीम के पास नहीं था।

**गोल औसत**

- भारत का गोल औसत माइनस तीन है जबकि पाकिस्तान का प्लस 13 है

# फ्रेंच ओपनः मुसेट्टी को हराकर अगले राउंड में पहुंचे सितसिपास

पेरिस, एजेंसी



दुनिया के चौथे नंबर के टेनिस खिलाड़ी स्टेफानोस सितसिपास ने फिलिप-चैटियरएरिना में इटली के लोरेंजो मुसेट्टी को 5-7, 4-6, 6-2, 6-3, 6-2 से हराकर फ्रेंच ओपन के दूसरे दौर में जगह बना ली। मैच के बाद सितसिपास ने कहा, जीत आसानी से नहीं मिलतीं। मैंने हार नहीं माना और इसलिए मैं यहां अच्छा कर पाया। उन्होंने आगे कहा, आप वास्तव में दो सेट जीतने के बाद पीछे जाने के बारे में कभी नहीं सोचते हैं। आप आखिरी तक जीतने की कोशिश करते हैं। आप बस चाहते हैं कि लंबे समय तक अच्छा खेले।

दो साल से भी कम समय में यह दूसरी बार है, जब सितसिपास ने पेरिस में शुरूआती दौर में शानदार प्रदर्शन किया है। वह क्ले-कोर्ट ग्रैंड स्लैम के पुनर्निर्धारित सीजन में सितंबर 2020 में स्पेन के जौम मुनार के खिलाफ दो सेटों के बाद वापसी की थी। सितसिपास ने 2021 ऑस्ट्रेलियन ओपन में राफेल नडाल के खिलाफ इस कारनामे को फिर से दोहराया था। 20 वर्षीय मुसेट्टी 2021 में फ्रेंच ओपन में लगातार दूसरे वर्ष के लिए टूनामेंट के पसंदीदा नोवाक जोकोविच भिड़े थे।

उन्होंने 2021 के चौथे दौर में सर्बियाई खिलाड़ी के खिलाफ दो टाई-ब्रेक जीते, लेकिन जोकोविच ने उस साल रोलैंड गैरोस में जीत हासिल की थी।

अब सितसिपास का सामना चेक क्वालीफायर जेडेनक कोलार से होगा, जिन्होंने मंगलवार को पहले फ्रांस के लुकास पॉइल को 6-3, 4-6, 7-5, 6-4 से हराया था।

## प्रज्ञानानंदा ने अनीश गिरी को हराया, फाइनल में लिरेन से सामना

चेन्नई, एजेंसी



युवा ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा मेल्टवाटर चैम्पियंस शतरंज टूर चेसेबल मास्टर्स टूनामेंट के फाइनल में पहुंचने वाले पहले भारतीय बन गए जिन्होंने नीदरलैंड के ग्रैंडमास्टर अनीश गिरी को बुधवार को 3.5.2.5 से हराया। चार गेम का आनलाइन सेमीफाइनल मैच 2.2 से बराबरी पर था जिसके बाद प्रज्ञानानंदा ने टाइब्रेकर में डच धुरंधर को मात दी। गिरी की यह टूनामेंट में पहली हार थी।

अब उनका सामना चीन के डिंग लिरेन से होगा जो दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी हैं। लिरेन ने दूसरे सेमीफाइनल में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को 2.5.1.5 से हराया। सेमीफाइनल में प्रज्ञानानंदा पहला गेम हार गए लेकिन दूसरे में वापसी की। उन्होंने तीसरा गेम जीतकर स्कोर 2.1 कर दिया हालांकि गिरी ने अपना पूरा अनुभव लगाकर चौथा गेम जीता और मुकाबले को टाइब्रेकर में ले गए। मैच देर रात खत्म हुआ जिसके बाद प्रज्ञानानंदा ने कहा, मुझे 8. 45 पर स्कूल जाना है और अभी रात के दो बज रहे हैं। शानदार फॉर्म में चल रहे प्रज्ञानानंदा ने प्रारंभिक दौर में कार्लसन को हराया था।

# आर्थिक संकट के बावजूद श्रीलंका का दौरा करेगी ऑस्ट्रेलियाई टीम : रिपोर्ट

मेलबर्न, एजेंसी



ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों ने श्रीलंका दौरे को पूरा करने का निर्णय लिया है। साथ ही रिपोर्ट में बताया गया है कि श्रीलंका बिजली की भारी कटौती, ईंधन की कमी और कई अन्य समस्याओं से जूझ रहा है। उसके बावजूद खिलाड़ी 7 जून से शुरू होने वाले टेस्ट और सीमित ओवरों के दौरे को पूरा करेंगे।

ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों को अगले सप्ताह तीन प्रारूपों के दौरे के लिए बाहर जाना है, जिसमें क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि खिलाड़ी आर्थिक संकट में देश के साथ श्रीलंका का समर्थन करने के तरीकों पर भी विचार कर रहे हैं। यह छह साल में ऑस्ट्रेलिया का पहला श्रीलंका दौरा होगा और रिपोर्ट में कहा गया है कि कुछ खिलाड़ियों ने देश में राजनीतिक अशांति के बारे में चिंता व्यक्त की है। ऑस्ट्रेलिया ने आखिरी बार 2016 में श्रीलंका का दौरा किया था। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर्स एसोसिएशन (एसीए) के सीईओ टॉड ग्रीनबर्ग को रिपोर्ट में यह कहते हुए उद्धृत किया गया था कि कुछ खिलाड़ियों ने श्रीलंका की स्थिति को देखते हुए दौरे के नैतिक और नैतिक प्रभावों के बारे में सवाल उठाए थे, लेकिन वे दौरे के लिए तैयार थे।

आखिरकार हमारे खिलाड़ी क्रिकेट खेलना जारी रखना चाहते हैं और दौरे की व्यवस्था और योजना के बारे में सीए से दिशा, मार्गदर्शन और सलाह लेंगे। दौरे की शुरूआत टी20 मैच से होगी, जिसमें तीन मैचों की सीरीज का पहला मैच 7 जून को कोलंबो में होगा। टी20 सीरीज के बाद पांच वनडे मैच होंगे, जिसकी शुरूआत 14 जून को कैंडी में होने वाले मैच से होगी।

## नीरज चोपड़ा ने युवाओं को दिया जैव रन चैलेंज

नई दिल्ली, एजेंसी

ऑलंपिक में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने वाले जैवलीन थ्रोअर नीरज चोपड़ा ने यूट्यूब शॉट्र्स पर अपने प्रशंसकों को एक नया चैलेंज दिया है। प्रशंसक हैशटैग जैव रन' ट्रेंड में भाला फेंकने से पहले के नीरज के रन-अप की नकल करते हुए अपनी वीडियो बना सकते हैं और उसे यूट्यूब पर डाल सकते हैं। अपने नये यूट्यूब शॉट्र्स वीडियो में नीरज प्रशंसकों को वास्तविक दुनिया की विभिन्न स्थितियों में जैव रन' करना सिखा रहे हैं।

प्रशंसक सीधे मोबाइल ऐप से 15 सेकंड का यूट्यूब शॉर्ट बना सकते हैं और इस चैलेंज में अपना रचनात्मक योगदान दे सकते हैं। चैलेंज का हिस्सा बनने के लिए प्रशंसकों को लेट्स नाचो' गाने के साथ हैशटैग जैवरन और हैशटैग यूट्यूब शॉट्र्स' का उपयोग करना होगा। इस चैलेंज के तहत नीरज कुछ भाग्यशाली विजेताओं के साथ मुलाकात भी करेंगे। जैव रन चैलेंज की रिलीज पर बोलते हुए नीरज ने कहा, यूट्यूब ने मेरी आंखों के सामने दुनिया के सर्वश्रेष्ठ भाला फेंकने वालों को लाने में मदद की, और मुझे उनसे सीखने का मौका दिया। यही कारण है कि यूट्यूब पर मेरा अपना चैनल है जो मेरे लिये एक विशेष उपलब्धि है और मैं इसके माध्यम से युवाओं को प्रेरित करना चाहता हूं।

उन्होंने कहा, मैं जैवरन चैलेंज के जरिये दर्शकों को अपने सपनों के पीछे दौड़ने के लिये प्रेरित करना चाहता हूं। यूट्यूब शॉट्र्स मेरे लिए अपने प्रशंसकों के साथ और भी अधिक निकटता से बातचीत करने का एक शानदार तरीका है और मैं यह देखने के लिए उत्सुक हूं कि लोग अपने जीवन में कैसे जैव रन' करते हैं।'

देश दुनिया की ताजा तरीन खबरें पढ़ने के ऑन करें
www.pratahkiran.com | @Pratahkiran
epaper.pratahkiran.com | @Pratahkiran


## संक्षिप्त खबरें

### इजरायली सैनिकों के साथ संघर्ष में एक फिलीस्तीनी की मौत, 90 घायल

रामल्ला। उत्तरी वेस्ट बैंक शहर नब्लस के पास इजरायली सैनिकों के साथ संघर्ष के दौरान बुधवार तड़के एक फिलिस्तीनी किशोर की मौत हो गई और 90 से अधिक अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने अपने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि नब्लस में संघर्ष के दौरान इजरायली सैनिकों द्वारा सिर में गोली मारने के बाद गैथ यामीन (16) की मौत हो गयी। बयान में बताया कि 90 से अधिक फिलीस्तीनी घायल हो गए, जिनमें 11 को गोला बारूद से और 23 को रबर की गोलियों चोट पहुंची। उन्होंने कहा कि 60 से अधिक लोग आंसू गैस के कारण घायल हुए। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दर्जनों फिलिस्तीनी और इजरायली सैनिकों के बीच झड़पें हुईं, जिन्होंने फिलिस्तीनियों को तितर-बितर करने के लिए गोला-बारूद, रबर की गोलियां और आंसू गैस के गोले दागे। इजरायली अधिकारियों ने घटना पर कोई टिप्पणी नहीं की है।

### श्रीलंका के राष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को वित्त मंत्री नियुक्त किया

कोलंबो। श्रीलंका के प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति गोटाबाया राजपक्षे ने बुधवार को देश का नया वित्त मंत्री नियुक्त किया। एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई। 73 वर्षीय विक्रमसिंघे को राष्ट्रपति ने वित्त, आर्थिक स्थिरता और राष्ट्रीय नीति मंत्री के रूप में शपथ दिलाई। पांच बार प्रधानमंत्री रहे विक्रमसिंघे को श्रीलंका में पैदा हुए बड़े आर्थिक संकट के कारण उभरे राजनीतिक संकट के बाद 12 मई को फिर से नियुक्त किया गया था। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे का स्थान लिया, जिन्होंने आर्थिक संकट से निपटने के लिए एक सर्वदलीय अंतरिम सरकार नियुक्त करने की अपने भाई की योजना को अंजाम तक पहुंचाने के लिए पद से इस्तीफा दे दिया था। विक्रमसिंघे के कार्यालय ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने द्वीप के अन्य देशों के साथ संबंधों को फिर से स्थापित किया, संविधान में 21 संशोधनों के मसौदे के साथ संवैधानिक सुधार के लिए कदम उठाए, ईंधन की आपूर्ति सुनिश्चित की और अंतरिम बजट की तैयारी कर रहे हैं। 225 सदस्यीय विधानसभा में विक्रमसिंघे के पास केवल अपनी एक सीट है।

# यूक्रेन: मारियुपोल में खंडहर बनी इमारत के भूतल में मिले 200 शव

**कीव, एजेंसी**

मारियुपोल में एक अपार्टमेंट की इमारत के भूतल में मलबे से करीब 200 शव मिले हैं। मेयर के एक सलाहकार पेट्रो एंड्रीशचेंको ने कहा कि शव सड़ रहे थे और बदबू फैल रही थी। हालांकि, उन्होंने यह नहीं बताया कि शवों को कब ढूंढा गया था, लेकिन पीड़ितों की संख्या इसे युद्ध के सबसे घातक हमलों में से एक बताती है।

इस बीच, पूर्वी औद्योगिक गढ़ डोनबास से व्यापक युद्ध की सूचना मिली है। रूस के सैनिकों ने औद्योगिक शहर पर कब्जा कर लिया। इसके साथ ही रूस ने सिविएरोडोनेट्स्क और अन्य शहरों को घेरने और कब्जा करने के प्रयासों को तेज कर दिया है। क्षेत्रीय गवर्नर के अनुसार, डोनबास के डोनेट्स्क क्षेत्र में रूसी गोलाबारी में 12 लोग मारे गए। डोनबास के लुहान्स्क क्षेत्र के गवर्नर ने कहा कि यह क्षेत्र आठ वर्षों में अपने सबसे कठिन समय का सामना कर रहा है।

गवर्नर सेरही हैदाई ने टेलीग्राम पर लिखा, रूसी एक ही समय में सभी दिशाओं में आगे बढ़ रहे हैं। उनके पास बड़ी संख्या में सैनिक और हथियार हैं।



आक्रमणकारी हमारे शहरों को खत्म कर रहे हैं, चारों ओर सब कुछ नष्ट कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लुहान्स्क भी मारियुपोल बन रहा है। मारियुपोल पर हमले के दौरान, रूस ने एक प्रसूति अस्पताल और एक थिएटर पर हवाई हमला किया जहां नागरिकों ने शरण ली थी। एसोसिएटेड प्रेस ने जांच में पाया कि थिएटर हमले में करीब 600 लोग मारे गए, जो यूक्रेन के अधिकारियों द्वारा अनुमानित आंकड़े से दोगुनी संख्या है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने रूसियों पर संपूर्ण युद्ध छेड़ने और अपने देश पर जितना संभव हो उतना कहर ढाने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

## यूक्रेन युद्ध से शुरू हो सकता है तीसरा विश्व युद्ध, पुतिन एवं शी के बीच है गठजोड़ : सोरोस

**दावोस, एजेंसी**

अरबपति अमेरिकी निवेशक जॉर्ज सोरोस ने सचेत किया है कि यूक्रेन पर रूस का हमला तीसरे विश्व युद्ध की शुरूआत कर सकता है और यदि ऐसा हुआ तो सभ्यता इसे झेल नहीं पाएगी। सोरोस ने दावा किया कि चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच एक गठजोड़ है, जिसकी कोई सीमा नहीं है। सोरोस ने मंगलवार को दावोस में अपने वार्षिक भाषण में कहा कि दुनिया को इस युद्ध को जल्द समाप्त करने में अपने सभी संसाधन लगा देने चाहिए और सभ्यता को संरक्षित रखने का सर्वश्रेष्ठ और संभवतः एक मात्र तरीका पुतिन को जल्द से जल्द हराना है। उन्होंने कहा, यह हमला तीसरे विश्व युद्ध की शुरूआत कर सकता है और हमारी सभ्यता इसे संभवतः झेल नहीं पाएगी। सोरोस ने दावा किया कि पुतिन ने शी को इस हमले के बारे में पहले ही बता दिया था। उन्होंने कहा कि दोनों नेताओं ने बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक के उद्घाटन समारोह में चार फरवरी को मुलाकात की थी और एक लंबा बयान जारी कर घोषणा की थी कि उनके बीच सहयोग की कोई सीमा नहीं है। सोरोस ने कहा कि पुतिन ने शी को यूक्रेन में विशेष सैन्य अभियान की जानकारी दी थी, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि क्या उन्होंने शी को बताया था कि वह एक पूर्ण हमला करेंगे।

## इराकी व्यक्ति ने रची थी बुश को मारने की साजिश : सरकार

**कोलंबिया (अमेरिका), एजेंसी**

अमेरिका में दो साल पहले आए और शरण के लिए आवेदन करने वाले एक इराकी व्यक्ति ने इराक युद्ध के दौरान अपने हमवतन लोगों के मारे जाने का बदला लेने के लिए पूर्व राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश की हत्या की साजिश रची थी। सरकार ने मंगलवार को यह जानकारी दी। कोलंबस में संघीय अदालत में दायर एक आपराधिक शिकायत के अनुसार, 52 वर्षीय शिहाब अहमद शिहाब शिहाब ने साजिश को अंजाम देने में मदद के लिए अन्य इराकियों को भी मेक्सिको के रास्ते अमेरिका बुलाया था और उसी रास्ते वापस भेजा गया। शिकायत में कहा गया है कि शिहाब ने यह संकेत दिया कि उसके इस्लामिक स्टेट संगठन के साथ संपर्क थे, लेकिन ऐसा प्रतीत नहीं होता कि साजिश को अमल में लाया जा सका। अदालत में मंगलवार को सुनवाई के दौरान संघीय मजिस्ट्रेट न्यायाधीश एलिजाबेथ प्रिस्टन डीवर्स ने शिहाब पर कोई मुचलका नहीं लगाया। मामले में अब अगली सुनवाई शुक्रवार को होगी। शिहाब को याचिका दायर करने की जरूरत नहीं है। सुनवाई में शिहाब की ओर से पेश हुए संघीय सरकारी वकील सौम्यजीत दत्ता ने इस बारे में टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। दोषी पाए जाने पर शिहाब को 30 साल तक की जेल और 500,000 डॉलर के जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। जॉर्ज डब्ल्यू बुश प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी एवं म्यूजियम में टिप्पणी के लिए एक संदेश भेजा गया है। सरकार ने कहा कि शिहाब कोलंबस और उसके आसपास के रेस्तरां में काम करता था और उसने इंडियानापोलिस के एक बाजार में भी काम किया, जहां उसका एक अपार्टमेंट था।









# अफगानिस्तान में मानवाधिकारों, महिला अधिकारों के हनन पर संयुक्त राष्ट्र ने जताई चिंता

**संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी**

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) ने तालिबान से अपनी उन नीतियों को तुरंत बदलने का आह्वान किया है, जिनके तहत अफगान महिलाओं एवं लड़कियों के मानवाधिकारों एवं उनकी मौलिक स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाए जा रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष इकाई ने देश में अस्थिर स्थिति, विशेष रूप से वहां जारी आतंकवादी हमलों पर अपनी चिंता व्यक्त की।

अफगानिस्तान के सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा ने इस महीने की शुरूआत में महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर अपने चेहरे सहित पूरे शरीर को पारंपरिक बुर्के से ढकने का आदेश जारी किया। तालिबान ने अफगानी महिला टीवी प्रस्तोताओं और अन्य महिलाओं को ह्यऑन एयरह्ण होने (कार्यक्रम के प्रसारण) के दौरान अपना चेहरा ढकने का आदेश दिया है।



अफगानिस्तान पर अमेरिका की अध्यक्षता में जारी एक प्रेस वक्तव्य में 15 सदस्यीय परिषद ने अफगान महिलाओं और लड़कियों के मानवाधिकारों एवं उनकी मौलिक स्वतंत्रता के बढ़ते हनन पर चिंता व्यक्त की। यूएनएससी ने इस बात पर जोर दिया कि ये प्रतिबंध अंतरराष्ट्रीय समुदाय की अपेक्षाओं और अफगान लोगों के प्रति व्यक्त की गईं तालिबान की प्रतिबद्धताओं के विपरीत हैं। यूएनएसी के सदस्य देशों ने तालिबान द्वारा की गई इन घोषणाओं को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की कि सभी महिलाओं को सार्वजनिक स्थानों पर और मीडिया प्रसारण के दौरान अपने चेहरे को ढकना चाहिए, केवल बहुत आवश्यक होने पर ही घर से बाहर जाना चाहिए और इस निर्देश का उल्लंघन करने पर उनके पुरुष रिश्तेदार को दंड मिलेगा। यूएनएससी ने कई प्रमुख राष्ट्रीय संस्थानों को भंग करने के तालिबान के फैसले पर भी चिंता व्यक्त की। सुरक्षा परिषद के सदस्यों ने राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक और सुरक्षा चुनौतियों तथा अफगान लोगों के जीवन पर उनके प्रभाव सहित अफगानिस्तान में अस्थिर स्थिति पर चिंता जताई।

उसने अफगानिस्तान में नागरिकों, असैन्य बुनियादी ढांचे और धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों को निशाना बनाकर किए जाने वाले आतंकवादी हमलों तथा अवैध मादक पदार्थों की खेती, उत्पादन, व्यापार और तस्करी को लेकर विशेष रूप से गहरी चिंता व्यक्त की।


" Nritya Shala "

Honoured and privileged to have featured as the first Classical Dance artiste in an amazing series #nrityashala Odissi Dance Classes by

Ms.Vani Madhav

only on @ddbharati1 @prasarbharati will be telecasted on

02 May 2022 at 1.30PM , Repeat telecast at 09.30 PM. & 1.30 A.M every day from Monday to Friday.



सारथी हॉस्पिटल
हसनपुर चौक NH-19 नजदीक प्रभु डेयरी होडल 121106
एमेरजेन्सी, ओ.टी., आई.सी.यू., जनरल वार्ड, सेमी प्राईवेट वार्ड, प्राईवेट वार्ड, खून की जाँच, ऐक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, जच्चा-बच्चा केन्द्र, मैडिकल स्टोर
टी.वी., दमा, साँस, एलर्जी
इन बिमारियों का विशेष ईलाज किया जाता है।
सुविधाएं
बच्चेदानी का निकलना
बच्चे बन्द का ऑपरेशन
आँचल की गाँठों और कैंसर का ऑपरेशन
पित्त की थैली व गद्दू की गाँठ को दुरबीन द्वारा निकालना
बच्चे के हाने का ऑपरेशन
हर्निया
पेशाब की नली में पथरी का दुरबीन द्वारा ऑपरेशन
पी.सी.एन.एल. द्वारा गुर्दे की पथरी का ऑपरेशन
बांझपन संबंधी जाँच व ईलाज
बच्चों के लिए नर्सरी एण्ड फोटोथैरेपी की उत्तम सुविधा
For Any Query: 01275-298888, +91-7078707818
HASSANPUR CHOWK NH48 NEAR PRABHU DAIRY HODAL 121106

Prop: Jassi Shokeen Mob.: 9811710008
Deepak Yadav Mob.: 98111200910
JASSI CAR WORLD
SALE & PURCHASE PRE OWNER CAR
Address: Plot No. : 181, Opp. Ardee City, Gate No.3, Sector-52 Gurugram-122003
email: jassicarworld0910@gmail.com

B.R.P. Sr. Sec. School
Fully English Medium Nursery to 12th
Admission Open
Session 2022- 23
Mukesh Tanwar (Chairman)
Pawan Tanwar (Director)
Contact : 9468 00 3362, 9728 70 0919
Bhulwana (Hodal) Near Dabchik Tourist Complex

Saraswati International School
Sec -74, B.P.Khatola Gurugram
Affiliated to C.B.S.E
( Aff. No. 530935)
Admission open for Nursery to XII Session 2022-23
Welcome back to School
Contact: 7065005743/0124-2971377
Web: www.saraswatiinternational.co.in
Email: saraswatiinternational12@gmail.com

LIC health insurance car insurance
LIC भारतीय जीवन बीमा निगम LIFE INSURANCE CORPORATION OF INDIA
Sumit Malhotra
Ph. 92158 52222
99966 39991
Shop Number 9 Deep Plaza Near District Court Gurgaon

SAPNA MOTORS
BUY | SALE | EXCHANGE PRE OWNED CARS
PURUSHOTAM SAINI
+91 9810545350
Purushotam5350@gmail.com
SECTOR 31, SHOP NO. 106-P HUDA MARKET, GURUGRAM (HR)

M. 9899415499
MEHRA DIESEL & SERVICES
AUTHORISED DEALER
Lucas TVS DRIVEN | HOLSET TURBOCHARGERS | Honeywell Garrett
H.Off. 36 Mile Stone, NH-8, Near Subway,Near IOL Petrol Pump, Opp. Naharpur, Delhi Jaipur Road, Gurgaon (Haryana) India
Mobile: 9399415499 | Email.: mehra.diesel99@gmail.com

M2M DIESEL SERVICE
Authorised Service Dealer DTVS-FIE
Delphi-TVS LIS
KULDEEP MEHRA
PROPRIETOR
+91- 9899755499
m2m.dieselservice@gmail.com
Ground Floor, Near Sisothya Automobiles Tata Motors, NH-8, V-Khaliawas, Rewari, Haryana-123106


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक देवन प्रसाद द्वारा आर.डी. प्रिंटर एंड पब्लिशर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए-24, सेक्टर-8, नोएडा, उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं - बी-126, मायापुरी इंडस्ट्रीयल एरिया, फेस-1, नई दिल्ली-110064 से प्रकाशित। सह संपादकः रंजीत राय फोन नं-011-45795464 (नोटः प्रकाशित सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं और किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली उच्च न्यायालय में ही किया जाएगा।) RNI. No. DELHIN/2010/32488, Email: news@pratahkiran.com, मो. 9212228045, 8130691216, 9971557129